# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 22 अप्रैल 2025





## राजधानी में परशुराम जन्मोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू, गुफा मंदिर सहित अनेक स्थानों पर की जाएगी पूजा-अर्चना


# 100 साल बाद गजकेसरी, मालव्य राजयोग, सर्वार्थ सिद्धि योग समेत कई मंगलकारी योग में 30 को मनाई जाएगी अक्षय तृतीया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

100 साल बाद अक्षय तृतीया पर्व गजकेसरी, मालव्य राजयोग, सर्वार्थ सिद्धि योग समेत कई मंगलकारी योग में 30 अप्रैल को मनाया जाएगा। राजधानी में परशुराम जन्मोत्सव को लेकर ब्राह्मण समाज की ओर से जोर-सोर से तैयारियां शुरू कर दी है। गुफा मंदिर स्थित भगवान परशुराम प्रतिमा की पूजा अर्चना की जाएगी।

मां चामुंडा दरबार भोपाल पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि 100 साल अक्षय तृतीया पर मालव्य राजयोग, लक्ष्मी नारायण राज योग और चतुर्ग्रही योग गजकेसरी राजयोग, रवि और सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा। इसके साथ ही, चंद्रमा वृषभ राशि में बृहस्पति के साथ रहेगा। इसके अलावा शनि, शुक्र और राहु ग्रह मीन राशि में स्थित होंगे, दुर्लभ संयोग के चलते मिथुन, कन्या समेत 5 राशियों के जातकों को विशेष लाभ होगा। पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि इस दिन को अबूझ मुहूर्तों में से एक माना जाता है, इस दिन बिना पंचांग कोई भी शुभ काम कर सकते हैं और उसका फल आपको शुभ ही मिलेगा। इसके चलते इस दिन बिना मुहुर्त देखे बड़ी संख्या में शादियां व विवाह सम्मेलन का आयोजन किए जाएंगे। इसके अलावा इस दिन देवी लक्ष्मी, भगवान कुबेर की पूजा और सोने-चांदी की वस्तुएं खरीदना शुभ माना जाता है।

### प्रतिष्ठा एवं निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन भी होगा




ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष गौरीशंकर कक्का ने बताया कि परशुराम जन्मोत्सव व अक्षय तृतीया पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इसको लेकर ब्राह्मण समाज की ओर से बड़े स्तर पर तैयारी चल रही है। तो वहीं इस अवसर पर बैरसिया के सहज विहार कॉलोनी श्री हरिहरात्मक महायज्ञ एवं प्रतिष्ठा श्री शिव परिवार, श्री परशुराम जी श्री सरस्वती जी प्रतिष्ठा एवं निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर कलश एवं शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो कि श्री सांवलिया मंदिर चोपड़ बाजार से प्रारंभ होकर श्री परशुराम मंदिर सहज विहार कॉलीनी पहुंचेगी। इसके बाद यहां पर निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमें 101 से अधिक जोड़े शामिल होने की उम्मीद है।

### वरुथिनी एकादशी 24 को, नकारात्मकता से मिलेगी मुक्ति भगवान विष्णु की आराधना से होगा नई ऊर्जा का संचार

*तिथि में भेद के चलते पिछले एक साल से व्रत व त्यौहार मनाने को लेकर तारीख में असमंजस रही है। ऐसी ही कुछ स्थिति वरुथिनी एकादशी को देखने को मिल रही है, लेकिन उदया तिथि के चलते 24 को मनाई जाएगी। मां चामुंडा दरबार भोपाल पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि 23 अप्रैल की शाम 4:43 मिनट पर शुरू होगी। इस तिथि का समापन अगले दिन 24 अप्रैल को दोपहर 2:32 मिनट पर होगा। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार, वरुथिनी एकादशी का व्रत 24 अप्रैल को रखा जाएगा। इस दिन व्रत रखकर भगवान विष्णु की पूजा अर्चना करेंगे। घर-घरों में विशेष पूजा पाठ की जाएगी। कई लोग सत्यनारायण कथा कराएंगे। इस दिन विष्णु-लक्ष्मी जी की पूजन से सुख-समृद्धि और आरोग्यता प्राप्त होती है। पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि वरुथिनी शब्द संस्कृत के वरुथिनी से बना है। जिसका अर्थ कवच होता है। इसे रक्षा संरक्षित करने वाला भी कह सकते हैं। यह भगवान विष्णु को सर्वाधिक प्रिय है। विभिन्न समाजों और संप्रदायों में इस दिन भगवान के अलग-अलग रूपों की पूजा की जाती हैं। व्रत रखकर पूजा करने से हमारे भीतर की नकारात्मकता दूर होकर नई ऊर्जा का संचार होता है। पीले फूल-फल चढ़ाएं।*

## खबर संक्षेप

### पोप फ्रांसिस के निधन पर ईसाई समुदाय ने जताया दुख

**भोपाल।** पोप फ्रांसिस के निधन पर शहर में रहने वाले ईसाई समुदाय के लोगों ने दुख जताया है। शोक व्यक्ति करते हुए मध्यप्रदेश प्रोटेस्टेंट क्लर्जी फेलोशिप के अध्यक्ष आर्च डीकन रिवेनन डॉ. अनिल मार्टिन ने कहा कि मसीह समाज की ओर से एसडीडी भोपाल डायलिसिस के एएएस दुरईराज अपनी संवेदनाएं प्रेषित की हैं। उन्होंने कहा कि बाइबल की शिक्षा के अनुसार मृत्यु का दिन जन्म के दिन से उत्तम माना गया है, क्योंकि हम अपने स्थाई निवास में मृत्यु के बाद प्रवेश करते हैं। प्रभु यीशु मसीह संपूर्ण विश्व के मिशन को शांति प्रदान करें। पोप के निधन पर गोविंदपुरा सेंट जांस चर्च में अमन मार्टिन सहित अन्य लोगों ने पोप के निधन पर शोक जताया।

### बीएमएचआरसी और आईआईएसईआर भोपाल के बीच समझौता

**भोपाल।** भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (बीएमएचआरसी), भोपाल और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (आईआईएसईआर), भोपाल में अनुसंधान और प्रयोगात्मक कार्यक्रमों में सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समझौता (एमओयू) हुआ है। सोमवार को आईआईएसईआर में बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव और आईआईएसईआर के निदेशक प्रोफेसर गोबर्धन दास ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने बताया कि इस साझेदारी के तहत, बीएमएचआरसी और आईआईएसईआर मिलकर ऐसे शोध अवसरों की पहचान करेंगे, जिन पर साथ काम किया जा सके।

### एसी में शार्ट सर्किट से आईएसबीटी में गुल हुई बिजली

**भोपाल।** अपर आयुक्त वरुण अवस्थी के केबिन में लगे एसी में शार्ट सर्किट की वजह से सोमवार शाम करीब साढ़े चार बजे आईएसबीटी परिसर में बिजली गुल हो गई। शार्ट सर्किट की वजह से बिजली के तारों में आग लग गई थी। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने आग पर काबू कर लिया, लेकिन पूरे आईएसबीटी परिसर की बिजली गुल रही। इसके चलते सभी कर्मचारी जो रोजाना शाम छह बजे तक रहते हैं वह पांच बजे ही चले गए।

### विज्ञान मंथन यात्रा विद्यार्थियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी: डॉ. यादव

# मुख्यमंत्री ने निभाई 'शिक्षक' की भूमिका और 'भावी वैज्ञानिकों' से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार की शाम मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् (मैपकॉस्ट) की 17वीं 'विज्ञान मंथन यात्रा' का मुख्यमंत्री निवास परिसर से शुभारंभ किया। उन्होंने इस यात्रा के लिए चयनित प्रतिभाशाली भावी वैज्ञानिक बच्चों को बधाई देते हुए उनके साथ संवाद भी किया। उन्होंने एक शिक्षक के रूप में बच्चों से सवाल-जवाब भी किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ मुख्यमंत्री निवास परिसर से टेलीस्कोप द्वारा विभिन्न ग्रहों को देखा। उन्होंने विद्यार्थियों से अंतरिक्ष विज्ञान पर विस्तार पूर्वक संवाद किया।

डॉ. यादव ने कहा कि मैं आप सभी के बीच मुख्यमंत्री या किसी शिक्षक नहीं मित्र के रूप में उपस्थित हूं। आपके जीवन के लिए यह विज्ञान मंथन यात्रा उपयोगी सिद्ध होगी। पाठ्य पुस्तकों के अध्ययन के साथ विद्यार्थी जब विज्ञान से जुड़े नामी-गिरामी संस्थानों का प्रत्यक्ष अवलोकन कर वहां की कार्य पद्धति की जानकारी प्राप्त करते हैं तो यह ज्ञान सिर्फ नौकरी के लिए नहीं, बल्कि जीवन के लिए उपयोगी सिद्ध होता है। उन्होंने कहा कि मानव शरीर और प्रकृति का भी समन्वय है। मनुष्य के जन्म से लेकर मृत्यु तक सभी प्रक्रियाएं जानने और समझने का विषय है। प्राण भी 5 प्रकार के हैं, जो श्वसन प्रणाली, हृदय, वाणी, पाचन प्रणाली, उत्सर्जन और प्रजनन प्रणाली और मांसपेशी के साथ परिसंचरण प्रणाली के रूप में जाने जाते हैं। यादव ने कहा कि मैपकॉस्ट जैसी संस्थाएं विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक ज्ञान उपलब्ध करवाने की दिशा में सार्थक भूमिका निभा रही हैं।

**खास बातें**

- मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् में 17वीं 'विज्ञान मंथन यात्रा का आयोजन
- मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों के साथ टेलीस्कोप द्वारा विभिन्न ग्रहों को देखा

### स्कॉलरशिप परीक्षा में सफल हुए तो पांच साल तक मिलेंगे 12 हजार






सीएम हाउस में भावी वैज्ञानिकों से संवाद करते सीएम। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ सेल्फी भी ली।

विज्ञान मंथन यात्रा पर जाने वाले विद्यार्थियों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद् द्वारा आयोजित स्कॉलरशिप परीक्षा में भाग लेने का अवसर भी मिलेगा। परीक्षा में सफल होने वाले प्रत्येक कक्षा के 20 चयनित विद्यार्थियों को 5 वर्ष तक 12 हजार रुपए प्रति वर्ष की स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। यात्रा के लिए इस वर्ष कक्षा 10वीं से 12वीं विज्ञान विषय में अध्यनरत पूरे प्रदेश के कुल 375 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। इन चयनित विद्यार्थी में से दिल्ली जाने वाले समूह में प्रौद्योगिकी परिषद के आमंत्रण पर नेशनल साइंस सेन्टर, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लांट जीनोमिक रिसर्च, इंडियन एग्रीकल्चर रिसर्च इंस्टीट्यूट, राष्ट्रपति भवन और नई दिल्ली के संस्थानों का भ्रमण करेंगे। चंडीगढ़ जाने वाले समूह के विद्यार्थी सेन्ट्रल साइंटिफिक इंस्ट्रुमेंटस ऑर्गेनाइजेशन, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च, पंजाब स्टेट काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फॉर्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, गवर्नमेंट म्युजियम एंड आर्ट गैलरी संस्थानों का भ्रमण और वैज्ञानिकों से साक्षात्कार करेंगे।

### अंतरिक्ष विज्ञान पर बच्चों से बातचीत



मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने बच्चों से प्रश्न किए कि पृथ्वी और चंद्रमा में से परिक्रमा कौन करता है? ग्रह और उपग्रह में क्या अंतर है? गुरुत्वाकर्षण शक्ति क्या है? ग्रहों की परस्पर दूरी का आकलन किस तरह होता है? विद्यार्थियों के सारगर्भित उत्तर से मुख्यमंत्री बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने यात्रा के लिए चयनित विद्यार्थियों के ज्ञान स्तर की प्रशंसा की। अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग संजय दुबे, मैपकॉस्ट के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी के संचालक अशोक कड़ेल, विभिन्न विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षा संस्थानों के कुलगुरू एवं पदाधिकारी, शिक्षकगण उपस्थित थे।

**500 से अधिक लोगों ने डाली पूर्णाहुति**

### अवधपुरी में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में विचार क्रांति का किया शंखनाद




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अवधपुरी के वेदवती ग्राउंड में घर-घर सुसंस्कारों का बीजारोपण करता हुआ गायत्री महायज्ञ सम्पन्न हुआ। शांतिकुंज के टोली नायक प्रमोद वारचे ने उपस्थित श्रद्धालुओं को वर्तमान समय की व्यक्तिगत, पारिवारिक और समाजिक समस्याओं के प्रति सचेत करते हुए कहा कि हमें पढ़ा लिखा होने के साथ साथ एक जागरूक, समझदार, ईमानदार जिम्मेदार और बहादुर इंसान की तरह जीवन की रीति बनानी होगी।

उन्होंने कहा कि हमें पश्चिमी देशों संस्कृति को नहीं, बल्कि अपने ऋषियों द्वारा बताई हुई जीवन शैली अपनानी होगी, तभी समाज में व्याप्त रूढ़ियां और मूढ़ मान्यताएं दूर होंगी। उन्होंने कहा कि युग ऋषि ने नारा दिया है कि खर्चे की शादी हमें दरिद्र और बेईमान बनती हैं, अतः हमें शादी ब्याह में होने वाली फिजूल खर्ची, अपव्यय और भोजन की बर्बादी को रोकना होगा। सोमवार को यज्ञ की पूर्णाहुति में 500 से अधिक याजकों ने पर्यावरण संतुलन और सूक्ष्म बातावरण के शोधन के आहुतियाँ डालीं।

**30 दीक्षा और 6 पुंसवन संस्कार हुए**

इस अवसर 30 दीक्षा संस्कार और 6 गर्भवती बहिनों के पुंसवन संस्कार संपन्न हुए। महायज्ञ मे शिवनारायण राजपूत और गौरव कच्छावा के जन्म दिवस उत्सव को वैदिक विधि विधान के धूमधाम से मनाया गया। आज के कार्यक्रम में गायत्री परिवार के ज़ोनल समन्वक राजेश पटेल, भारतीय संस्कृति के जिला संयोजक केएल पटेल अपजोन प्रभारी आरपी हजारी, शक्तिपीठ प्रभारी आरके गुप्ता, क्षेत्र के पार्षद शक्ति राव, चार्टर्ड अकाउंट ज्योति चौहान आदि की विशेष उपस्थिति रही।

**आरजीपीवी: 1568 प्रोजेक्ट, मॉडल एवं पोस्टर पहुंचे**

### इनोवेट एमपी मिशन के तहत दो दिवसीय 'सृजन' कार्यक्रम 10 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में इनोवेट एमपी मिशन के तहत दो दिवसीय 'सृजन' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि (आरजीपीवी), उच्च शिक्षा विभाग और तकनीकी शिक्षा विभाग की सहभागिता से यह कार्यक्रम 10 एवं 11 मई को आयोजित किया जाएगा। विवि के कुलसचिव प्रो. मोहन सेन के अनुसार प्रविष्टि की अंतिम तिथि 19 अप्रैल तक विवि को प्रदेश की कुल 1568 प्रविष्टियां प्रोजेक्ट, मॉडल एवं पोस्टर के रूप में प्राप्त हो चुकी हैं, जिसमे रूरल टेक्नोलॉजी में 214, क्लीन एवं ग्रीन एनर्जी में 203, इंडस्ट्री 4.0-5.0 में 425, वेस्ट मैनेजमेंट में 125, लाइफ तथा हेल्थ साइंस में 280, एवं स्मार्ट एजुकेशन में 321 प्रविष्टियां शामिल हैं। अगले चरण में 30 अप्रैल तक प्राप्त प्रविष्टियों में शीर्ष 150 प्रोजेक्ट्स का चयन कर अंतिम सूची ज़ारी की जाएगी।

**6 श्रेणियों में दिए जाएंगे पुरस्कार**

सृजन के तहत निर्धारित 6 श्रेणियों में पुरस्कार के रूप में कुल 36 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। सांत्वना पुरस्कार के रूप में 12 पुरस्कार तथा महिला सशक्तिकरण के विशेष ज्यूरी पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे। इनोवेट एमपी मिशन के तहत सृजन में चयनित प्रोजेक्ट्स को किसी भी प्रकार के बौद्धिक सम्पदा के पेटेंट फाइलिंग के लिए वित्तीय एवं तकनीकी सहायता, उद्योग में काम करने के लिए आवश्यक कौशल प्रशिक्षण, शोधकर्ताओं के लिए हाई स्पीड इन्टरनेट, थिंकिंग जोन, तथा टेक्नोलॉजी ट्रांसफर प्रोटोटाइप के विकास के लिए तकनीकी एवं वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

**यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा सुनिश्चित करने भोपाल रेल मंडल ने उठाया कदम**

# 110 से बढ़ाकर 130 की जा रही ट्रेनों की स्पीड, टर्न आउट्स और लेवल क्रॉसिंग गेट्स में हो रहे सुधार

### 12 स्थानों पर अंडरपास और 15 स्थानों पर आरओबी का निर्माण कार्य प्रगति पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन में भोपाल मंडल द्वारा यात्रियों की सुरक्षा, ट्रेनों के सुचारू संचालन एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी के तहत मंडल में रेलवे यार्ड्स के टर्नआउट्स और लेवल क्रॉसिंग गेट्स (एलसी) की स्थिति को सुधारने के लिए विशेष कार्य किए जा रहे हैं।

भोपाल रेल मंडल के पीआरओ नवल अग्रवाल ने बताया कि रेलवे यार्ड्स में टर्नआउट्स विभिन्न रेल लाइनों को आपस में जोड़ने का कार्य करते हैं, जिससे ट्रेनों को एक लाइन से दूसरी लाइन में सुरक्षित रूप से लाया जा सकता है। वर्तमान में



भारतीय रेलवे द्वारा ट्रेनों की गति को 110 किमी प्रति घंटा से बढ़ाकर 130 किमी प्रति घंटा किया जा रहा है। कई यार्ड्स दशकों पूर्व निर्मित होने के कारण उनमें लगे टर्नआउट्स की डिजाइन लंबाई वर्तमान मानकों के अनुसार नहीं थी। इस तकनीकी आवश्यकता को देखते हुए भोपाल मंडल के पवारखेड़ा, टिमरनी, छनेरा एवं अशोकनगर यार्ड्स में सुधारात्मक कार्रवाई करते हुए प्रत्येक यार्ड में एक-एक टर्नआउट को 3 मीटर से 5 मीटर तक स्थानांतरित किया गया है। यह कार्य टर्नआउट्स को मानक मापदंडों के अनुरूप बनाकर पूर्ण किया गया, जिससे ट्रेनों का संचालन अधिक सुरक्षित एवं विश्वसनीय हो सकेगा। इसी तरह लेवल क्रॉसिंग गेट्स की समाप्ति है, जो अक्सर सड़क यातायात की भीड़ के कारण अनावश्यक रूप से लंबे समय तक बंद रहते हैं, जिससे ट्रेनों की समयबद्धता प्रभावित होती है और सुरक्षा संबंधी जोखिम भी बढ़ते हैं। भोपाल मंडल में एलसी गेट्स को समाप्त कर उनकी जगह अंडर पास (एलएचएस) और रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण किया जा रहा है, जिससे ट्रेनों की पंक्चुअलिटी के साथ-साथ सड़क यातायात की सुविधा में भी सुधार हो सके।

### आरकेएमपी में हॉल्ट लेकर जाएगी सूबेदारगंज-उधना स्पेशल ट्रेन

04155-04156 सूबेदारगंज-उधना के बीच साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी रेल मंडल के आरकेएमपी, बीना व इटारसी स्टेशन पर हाल्ट लेकर जाएगी। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 04155 सूबेदारगंज-उधना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 21 अप्रैल से 30 जून तक प्रत्येक सोमवार को सूबेदारगंज स्टेशन से सुबह 11:40 बजे प्रस्थान कर, बीना 23:00 बजे पहुंचेगी। तो वहीं अगले दिन रानी कमलापति 02:00 बजे, इटारसी 03:40 बजे और मंगलवार दोपहर 13:30 बजे उधना स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04156 उधना-सूबेदारगंज साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 22 अप्रैल से 1 जुलाई तक प्रत्येक मंगलवार को उधना स्टेशन से सायं 16:30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन इटारसी 04:25 बजे, रानी कमलापति 06:30 बजे, बीना 09:40 बजे पहुंचकर और बुधवार रात 21:00 बजे सूबेदारगंज स्टेशन पहुंचेगी। इस गाड़ी में 2 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 11 शयनयान श्रेणी, 7 सामान्य श्रेणी एवं 2 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच रहेंगे।

**यहां रुकेगी**

यह गाड़ी रास्ते में दोनों दिशाओं में फतेहपुर, गोविंदपुरी, भीमसेन, पोखरायां, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ललितपुर, बीना, रानी कमलापति, इटारसी, खण्डवा, भुसावल, पलाधी, अमलनेर, नंदुरबार एवं चलथान स्टेशनों पर रुकेगी।

**मंत्री सारंग ने अधिकारियों के साथ की प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा**

# अमृत 2.0 योजना: नरेला में बिछेगी 268 किमी लंबी सीवेज लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को नरेला विधानसभा क्षेत्र के समस्त 17 वार्डों के अंतर्गत 'अमृत 2.0 योजना' के तहत प्रस्तावित निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान अधिकारियों ने जानकारी दी कि अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत नरेला क्षेत्र में लगभग 268 किलोमीटर लंबी सीवेज लाइन बिछाई जाएगी, जिससे 50 हजार से अधिक घरों को सीवेज सुविधा से जोड़ा जा सकेगा। मंत्री सारंग ने निर्देश दिए कि कार्य प्रारंभ करने से पूर्व वार्डवार सर्वे कर, प्रत्येक घर, गली और नाली की सटीक मैपिंग की जाए ताकि कार्ययोजना वैज्ञानिक ढंग से तैयार की जा सके। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि खुदाई कार्यों के दौरान नागरिकों को न्यूनतम असुविधा हो, इसके लिए प्रत्येक कॉलोनी में एक बार में अधिकतम 200 मीटर क्षेत्र में ही खुदाई की जाए।



**सर्वेक्षण में हो जीआई टैगिंग तकनीक का उपयोग**

मंत्री सारंग ने निर्देश दिए कि सर्वेक्षण के दौरान जीआई टैगिंग तकनीक का उपयोग किया जाए, ताकि क्षेत्र का सटीक डिजिटल डेटा तैयार हो सके। साथ ही, उन्होंने एक विशेष मोबाइल एप्लिकेशन विकसित करने के निर्देश भी दिए, जिससे नागरिकों को कार्य की प्रगति की जानकारी सुलभ रूप से उपलब्ध हो सके और पारदर्शिता बनी रहे।

**निर्धारित समयावधि में पूर्ण हो कार्य**

बैठक में मंत्री सारंग ने कहा कि हर घर में चैंबर बनाया जाये साथ ही दो वार्डों के मध्य एक पंप स्टेशन बनाया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं और गुणवत्ता के मानकों से किसी प्रकार का समझौता न हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यह योजना नरेला विधानसभा को स्वच्छ, स्वस्थ और सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक सकारात्मक परिवर्तन लेकर आएगी।

**बीयू में तीन दिवसीय पुस्तकालय अभिविन्यास कार्यक्रम शुरू**

### नई सोच, अनुसंधान और नवाचार का मार्ग प्रशस्त करता है पुस्तकालय: डॉ. मंसूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) में केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय पुस्तकालय अभिविन्यास कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को माइक्रोबायोलॉजी विभाग में हुआ। विश्वविद्यालय के कुलगुरु, प्रो. सुरेश कुमार जैन द्वारा इसके लिए निरंतर प्रयास किए गए।




कार्यक्रम में बीयू की माइक्रोबायोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अनीता तिलवारी, विभागाध्यक्ष ने विश्वविद्यालय पुस्तकालय की शैक्षणिक भूमिका पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय किसी भी विश्वविद्यालय की 'शैक्षणिक आत्मा' होता है, जहां से ज्ञान की ऊर्जा पूरे परिसर में प्रवाहित होती है। ऐसे अभिविन्यास कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र न केवल पुस्तकालय से परिचित होते हैं, बल्कि शोध एवं अध्ययन की गंभीरता को भी आत्मसात करते हैं। बीयू कुलसचिव डॉ. आईके मंसूरी ने कहा कि 'पुस्तकालय केवल पुस्तकों का भंडार नहीं, बल्कि यह विश्वविद्यालय की बौद्धिक संपदा का भव्य केंद्र है। यह छात्रों के लिए नई सोच, अनुसंधान और नवाचार का मार्ग प्रशस्त करता है।' उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे पुस्तकालय की डिजिटल सुविधाओं का भरपूर उपयोग करें।

भोपाल
मंगलवार, 22 अप्रैल 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष-09
वर्ष : 12, अंक : 21
पृष्ठ : 14+8=22 मूल्य : 4.00 **

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

मौसम
अधि. 38
न्यून. 24

## सीधी रहा 44.6 डिग्री के साथ सबसे गर्म



बड़ी झील

# गर्मी से तपे 23 शहर, लू के असर से रातें भी हुईं गर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल, इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर-चंबल के साथ प्रदेश के पूर्वी हिस्से के शहरों में भी गर्मी बढ़ गई है। सोमवार को सीधी में पारा 44.6 डिग्री के पार पहुंच गया, जबकि 23 शहर ऐसे रहे, जहां तापमान 40 डिग्री या इससे अधिक रहा। यहां दिन के साथ रातें भी गर्म हो गई हैं। भोपाल में बादलों की वजह से पारे में कुछ कमी आई है। यहां तापमान 40.1 दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने प्रदेश के सभी जिलों में आसमान ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ पांच शहरों में चली लू

### ◆ पारे में होगी बढ़ोतरी

मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि अगले कुछ दिन तक पारे में बढ़ोतरी का दौर रहेगा। इस दौरान लू का अलर्ट भी जारी किया गया है। जिससे नीमच, मंदसौर, रतलाम, आगर-मालवा, राजगढ़, गुना, अशोक नगर, शिवपुरी, श्योपुर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना और सीधी में लू का अलर्ट है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर संभाग के अन्य जिलों में भी तेज गर्मी रहेगी।

भारत दौरे पर पहुंचे वेंस, एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत

# भारतीय परिधान में दिखे अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के तीनों बच्चे, हर भारतीय को भाया



### पीएम मोदी ने गर्मजोशी से किया स्वागत

वेंस ने पीएम नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान वेंस की पत्नी उषा वेंस और उनके बच्चे भी मौजूद थे। पीएम मोदी ने सबका गर्मजोशी से स्वागत किया। तस्वीरों में पीएम मोदी वेंस के बच्चों के साथ भी बात करते हुए दिखाई दे रहे हैं। पीएम मोदी ने वेंस के सम्मान में डिनर का भी आयोजन किया।

## उपराष्ट्रपति वेंस की पत्नी उषा भारतीय मूल की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति जेडी वेंस अपने पहले आधिकारिक भारत दौरे पर सोमवार को पहुंचे। वेंस जब दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर उतरे तो उनका स्वागत केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने किया। इस दौरान वेंस के बच्चों को देखकर हर कोई हैरान रह गया। अमेरिकी होने के बाद भी वेंस के बच्चे भारतीय परिधान में नजर आए। वेंस के दोनों बेटे कुर्ता-पायजामा पहने हुए हैं जबकि बेटी ▶▶ शेष पेज 4 पर



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

IPL आज का मुकाबला
लखनऊ दिल्ली
शाम 7.30 बजे से


## खबर संक्षेप

### खादी कारोबार 1 लाख 70 हजार करोड़ के पार



**नई दिल्ली।** देश के खादी और ग्रामोद्योग ने वित्तवर्ष 2024-25 में उत्पादन, बिक्री और नये रोजगार सृजन का नया रिकॉर्ड बनाया है। बीते 11 वर्षों में बिक्री में 447 प्रतिशत, उत्पादन में 347 प्रतिशत और रोजगार सृजन में 49.23 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि वित्त वर्ष 2013-14 में खादी और उत्पादन जहां 26109.07 करोड़ रुपए था, वहीं 2024-25 में यह करीब चार गुना बढ़कर 347 प्रतिशत के उछाल के साथ 1 लाख 70 हजार करोड़ रु. पहुंच गया।

### सोने की कीमत 1 लाख के करीब पहुंचा



**नई दिल्ली।** सोने की कीमत लगातार अपना रिकॉर्ड हाई बना रही है। इसका मुख्य कारण चीन और अमेरिका के बीच चल रही वैश्विक चिताएं बताई गई है। 21 अप्रैल को 24 कैरेट सोने की कीमत 99,800 रुपए प्रति ग्राम पहुंच गई है। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है 22 अप्रैल तक 24 कैरेट सोने का दाम 1 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक सोमवार को 24 कैरेट सोने की कीमत में 1650 रुपए प्रति 10 ग्राम बढ़ा है।

## सिविल सर्विसेस डे: सीएम ने चाणक्य के जरिए समझाई सिविल सर्विसेस की वर्किंग और इंपोर्टेंस

# चाणक्य द्वारा चंद्रगुप्त को 'राजा' बनाना सिविल सर्विसेस का सबसे बड़ा उदाहरण



अधिकारियों को किया मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश में सिविल सर्विसेस का सबसे बड़ा उदारहण 2200 साल पहले मिलता है, जब चाणक्य ने चंद्रगुप्त को ढूंढ कर राजा बनाया था। डॉ. यादव ने कहा कि सिविल सर्विस के लिए एक व्यक्ति ने कितनी मेहनत की।

एक राजा बनाने के लिए एक व्यक्ति चंद्रगुप्त को ढूंढा और कहा कि राजा तुम बन जाओ, पर मंत्री मुझे ही बनाओ। डॉ. यादव सोमवार को सिविल सर्विस डे पर प्रशासन अकादमी, भोपाल में आयोजित कार्यक्रम का ▶▶ शेष पेज 4 पर

मुख्यमंत्री ने सरदार वल्लभ भाई पटेल का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने क्या-क्या नहीं किया। सिविल सर्वेंट को क्या करना चाहिए, यह उन्होंने बताया था।

» *सिविल सर्विसेस को लेकर याद किए सरदार पटेल द्वारा व्यक्त उद्गार*

» *लोकसेवकों के नवाचारों को संकलित कर बनें सुशासन की योजना*



### अधिकारियों को एक लाख का पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र

डॉ. यादव ने सिविल सर्विस डे पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश के चयनित 16 सिविल सेवकों (अधिकारियों) को मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने सभी अवार्डियों को उनके द्वारा किए गए नवाचारों के लिए बधाई देकर एक लाख रुपए का नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया। डॉ. यादव ने सुशासन से जुड़े नवाचारों के लिए कार्य करने वाले सभी लोकसेवकों को राष्ट्रीय लोकसेवा ▶▶ शेष पेज 4 पर

**इन्हें मिला मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा माधव प्रसाद पटेल माध्यमिक शिक्षक, अदिति गर्ग आयुष्मान कार्ड में नवाचार, डॉ. इंदिरा दांगी शिक्षक आष्टा, शारदा डुवडे शिक्षक, आलोक पौराणिक प्राथमिक शिक्षक पथरिया, चंद्रमोहन ठाकुर अधोसंरचना श्रेणी में पुरस्कार, डॉ. यशपाल सिंह प्राचार्य आवासीय विद्यालय, संजय जोशी प्रबंध ▶▶ शेष पेज 4 पर

### ओबीसी वर्ग को 27% आरक्षण देने के खिलाफ याचिकाओं की सुनवाई

**सीएम: 27% ओबीसी आरक्षण के याचिकाकर्ताओं से बात करेंगे**

**भोपाल।** मप्र में ओबीसी वर्ग को 27% आरक्षण देने के खिलाफ लगाई गई 52 ट्रांसफर पिटीशंस पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने सभी ट्रांसफर पिटीशन को स्वीकार करते हुए कहा कि अब आगे इन मामलों को सुना जाएगा। मप्र के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने कोर्ट से कहा कि ये 50 फीसदी आबादी से जुड़ा मामला है। उन्होंने कोर्ट से इस मामले की जल्द सुनवाई करने की मांग की। वहीं, सीएम डॉ. मोहन यादव ने ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

### अवॉर्ड के लिए देश से 16 कलेक्टर चुने गए

*710 कलेक्टरों में मप्र की आईएएस नेहा मीना को पीएम ने सौंपा एक्सीलेंस अवॉर्ड*



**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के 55 जिलों में से 12 जिलों की कमान महिला कलेक्टरों के हाथ में है। प्रदेश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जब महिला आईएएस को इतनी अधिक संख्या में कलेक्टरी सौंपी गई है। सोमवार को सिविल सर्विस डे पर झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना को पीएम मोदी के हाथों सम्मान मिला है। मीना ने ऐसा बीड़ा उठाया है कि जिले की तस्वीर बदल गई। इसी के चलते नेहा को आईएएस को दिए जाने वाले सर्वोच्च पुरस्कार पीएम एक्सीलेंस अवॉर्ड से नवाजा गया है। इसके अलावा आईएएस ▶▶ शेष पेज 4 पर

## अवमानना याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की दो टूक

# दुबे पर केस कीजिए... हमारी अनुमति लेने की जरूरत नहीं

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की मुश्किलें बढ़ीं

कोर्ट ने कहा-अटॉर्नी जनरल से मंजूरी लेने की जरूरत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट और सीजेआई के खिलाफ टिप्पणी करने वाले भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। अब दुबे के खिलाफ अवमानना याचिका दायर ▶▶ शेष पेज 4 पर



दुबे ने सीजेआई पर की थी विवादित टिप्पणी

**सुप्रीम कोर्ट को कमजोर करने की कोशिश: कांग्रेस:** कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि इलेक्टोरल बॉन्ड जैसे कई मुद्दों पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सरकार ने जो किया है वह असंवैधानिक है।

## अमेरिका में राहुल गांधी ने मतदान प्रक्रिया पर खड़े किए सवाल

आरोप-चुनाव आयोग ने समझौता कर लिया, महाराष्ट्र चुनाव के आंकड़ों पर जताया संदेह



# शाम साढ़े 5 के बाद दो घंटे में 65 लाख लोगों ने कैसे डाल दिए वोट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक बार फिर चुनावी प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने अमेरिका की धरती से कहा कि यह बिल्कुल स्पष्ट है कि चुनाव आयोग ने समझौता कर लिया है और सिस्टम में कुछ गड़बड़ है। ब्राउन यूनिवर्सिटी में संबोधन के दौरान राहुल ने कहा कि मैंने यह कई बार कहा है।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र में वयस्कों की संख्या से ज्यादा लोगों ने मतदान किया। चुनाव आयोग ने हमें शाम 5:30 बजे तक के मतदान के आंकड़े दिए और शाम 5:30 बजे से 7:30 बजे के बीच 65 लाख मतदाताओं ने मतदान कर दिया। ऐसा होना शारीरिक रूप से असंभव है। एक मतदाता को मतदान करने में लगभग 3 मिनट लगते हैं और अगर आप गणित लगाएं तो इसका मतलब है कि ▶▶ शेष पेज 4 पर

*राहुल के बयान पर मचा घमासान*



*भाजपा ने खोला मोर्चा कहा-देश को बदनाम करने की पुरानी आदत*

***नई दिल्ली।*** *विदेशी मंचों पर भारत के लोकतंत्र और संस्थाओं पर सवाल उठाना कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भाजपा हमलावर हो गई। भाजपा ने इस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी प्रवक्ता और सांसद संबित पात्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि राहुल गांधी का यह पुराना शौक है कि वो विदेश जाकर भारत की छवि को नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल और उनकी मां सोनिया गांधी, जो खुद 50-50* ▶▶ शेष पेज 4 पर

## रायसेन में बड़ा हादसा

### गहरी खाई में गिर गई जीप, 6 लोगों की मौत



■ पटना से इंदौर लौट रही थी बारात

**रायसेन।** सोमवार सुबह लगभग साढ़े छह बजे नेशनल हाइवे 45 पर ग्राम बम्हौरी के पास एक टेम्पो ट्रेक्स जीप अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराई और 10 फीट गरी खाई में गिर गई। दुर्घटना में दो साल बच्ची सहित छह लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन घायल हुए हैं। घायलों में दूल्हा दुल्हन भी शामिल हैं। घटना का कारण जीप के चालक को नींद की झपकी आना बताया जा रहा ▶▶ शेष पेज 4 पर

## शादी के नाम पर युवक से धोखा

### सगाई किसी से और फेरे शादीशुदा से कराए



■ राधा की जगह निकली सलोनी 5 गिरफ्तार

**सारंगपुर।** राजगढ़ में एक युवक के साथ शादी के नाम पर धोखा हो गया। सात फेरे लेने के अगले दिन उसने दुल्हन का घूंघट उठाया तो पता कि ये लड़की वो नहीं है, जिसे दिखाकर उसकी सगाई और फिर शादी तय की गई थी। दूल्हा पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने जांच की तो पता चला कि लड़की पहले से ही शादीशुदा है। इस शादी का सौदा 11 लाख रुपए में तय हुआ था। इसमें से 5.75 ▶▶ शेष पेज 4 पर

## घर में अचानक धमाका

### 4 बच्चे झुलसे, डायनामाइट से विस्फोट की आशंका



■ विस्फोट की बारीकी से जांच कर रही पुलिस

**बैतूल।** बैतूल बाजार थाना क्षेत्र के मिलानपुर गांव में सोमवार दोपहर एक घर में अचानक विस्फोट हो गया। इसमें चार बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए। उनके हाथ-पैर में गहरे घाव हो गए। परिजनों ने कहा कि बच्चे खराब बैटरी लेकर आए थे। खेलने के दौरान ये हादसा हो गया। वहीं डॉक्टर डायनामाइट ने विस्फोट की आशंका जताई है। घायलों में तीन परिवारों के चार बच्चे शामिल हैं। इनमें बबीता ▶▶ शेष पेज 4 पर

## भरी अदालत में महिला जज को धमकी

### तू है क्या चीज...बाहर मिल देखता हूं कैसे जिंदा जाती है



■ चेक बाउंस मामले में महिला जज को धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत में पूरी अदालत उस समय सन्न रह गई जब एक दोषी और उसके वकील ने चेक बाउंस मामले में दोषसिद्धि के बाद महिला जज को धमकाया और गालियां दीं। आरोपी ने अपने पक्ष में फैसला नहीं सुनाने पर जज पर कोई चीज फेंकने की भी कोशिश की। इसके बाद उसने अपने वकील को निर्देश दिया कि वह अपने पक्ष में फैसला सुनाने के लिए हर ▶▶ शेष पेज 4 पर

## नाबालिगों को लेकर आरबीआई का बड़ा फैसला

अभिभावकों के माध्यम से बचत और सावधि जमा खाते खोलने की अनुमति दी

# अब 10 साल के बच्चे भी खुद चला सकेंगे अपना बैंक खाता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को बैंकों को 10 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को स्वतंत्र रूप से बचत/सावधि जमा खाते खोलने और संचालित करने की अनुमति दे दी।

केंद्रीय बैंक ने इस संदर्भ में नाबालिगों के जमा खाते खोलने और संचालन पर संशोधित निर्देश जारी किए हैं। रिजर्व बैंक ने वाणिज्यिक बैंकों और सहकारी बैंकों को जारी एक परिपत्र में कहा कि किसी भी आयु के नाबालिगों को अपने प्राकृतिक या कानूनी अभिभावक के



माध्यम से बचत और सावधि जमा खाते खोलने और संचालित करने की अनुमति दी जा सकती है। उन्हें अपनी मां को अभिभावक के रूप में रखकर भी ऐसे खाते खोलने की अनुमति दी जा सकती है। जारी निर्देशों में कहा गया, कम-से-कम दस ▶▶ शेष पेज 4 पर

### *मिलेंगी ये सुविधाएं*

*इसके अलावा, वयस्क होने पर, खाताधारक के नये संचालन निर्देश और नमूना हस्ताक्षर प्राप्त किए जाने चाहिए और उन्हें रिकॉर्ड में रखा जाना चाहिए। परिपत्र में कहा गया, बैंक अपनी जोखिम प्रबंधन नीति, उत्पाद और ग्राहकों के आधार पर नाबालिग खाताधारकों को इंटरनेट बैंकिंग, एटीएम/डेबिट कार्ड, चेक बुक सुविधा आदि जैसी अतिरिक्त सुविधाएं देने के लिए स्वतंत्र हैं।*

## ईस्टर के अवसर पर लंबे समय के बाद वे लोगों के सामने आए थे

वह रोमन कैथोलिक चर्च के पहले लैटिन अमेरिकी थे

# 88 साल के पोप फ्रांसिस का निधन, डबल निमोनिया से जूझ रहे थे, 14 दिन का 'शोक'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पोप फ्रांसिस नहीं रहे। सोमवार 21 अप्रैल, 2025 को 88 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। उन्होंने वेटिकन के कासा सांता मार्टा स्थित अपने निवास पर सुबह 7.30 बजे (स्थानीय समयानुसार) अंतिम सांस ली।

वह रोमन कैथोलिक चर्च के पहले लैटिन अमेरिकी थे। उनके दोनों फेफड़ों में न्यूमोनिया था। वह लंबे समय तक अस्पताल में थे। बीते दिन ईस्टर के अवसर पर लंबे समय के बाद वे लोगों के सामने आए ▶▶ शेष पेज 4 पर


पोप फ्रांसिस के 2025 के बाद भारत दौरे पर आने की संभावना थी

*14 दिन बाद कार्डिनल मसीह के नए विकर का चुनाव करने के लिए सम्मेलन होगा*



पीएम मोदी ने पोप को दी श्रद्धांजलि

### करुणा-विनम्रता के प्रतीक के रूप में याद किया जाएगा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि पोप फ्रांसिस के निधन से बहुत दुख हुआ। दुख की इस घड़ी में वैश्विक कैथोलिक समुदाय के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। पोप फ्रांसिस को हमेशा दुनिया भर के लाखों लोगों द्वारा करुणा, विनम्रता और ▶▶ शेष पेज 4 पर

*ये था आखिरी संदेश...*

### डर के आगे न झुकें

मैं हमारी दुनिया में राजनीतिक जिम्मेदारी के पदों पर बैठे सभी लोगों से अपील करता हूं कि वे डर के आगे न झुकें। डर दूसरों से अलगाव की ओर ले जाता है। सभी जरूरतमंदों की मदद करने, भूख से लड़ने और विकास को बढ़ावा देने वाली पहलों को प्रोत्साहित करने के लिए उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करें। मानवता का सिद्धांत हमारे दैनिक कार्यों की पहचान बनने से कभी न चूके।

सीएम ने प्रदेश के सिविल सेवकों को दी लोक सेवा दिवस की बधाई

# सिविल सेवा सिर्फ एक पेशा नहीं, यह जनसेवा का एक प्रभावी माध्यम

## प्रशासन अकादमी में किया सिविल सर्विस डे का शुभारंभ

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिविल सेवा सिर्फ़ एक पेशा नहीं, यह जनसेवा का प्रभावी माध्यम है। सिविल सेवकों का दायित्व है कि वे अपने अधिकारों का सदुपयोग करें, लेकिन अपने कर्तव्यों से कदापि विमुख न हों। उन्होंने कहा कि लोक प्रशासन एक वृहद विषय है। इसका मूल मंत्र है- 'लोगों की हर संभव तरीके से सेवा'। मुख्यमंत्री सोमवार को राष्ट्रीय लोक सेवा दिवस (नेशनल सिविल सर्विस डे) के अवसर पर प्रशासन अकादमी के स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित कार्यक्रम का उद्‌घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। डॉ. यादव ने प्रदेश के सभी सिविल सेवकों को लोक सेवा दिवस की बधाई दी और सभी से अपने उत्तरदायित्वों के प्रति संकल्पबद्ध रहने का आह्वान किया।



### कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बेहद जरूरी

सीएम ने कहा कि कुशल सिविल सेवक वह होता है, जो न केवल शासन के नियमों, उपनियमों का पालन करे, बल्कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनता की समस्याओं को समझे और उनका समुचित समाधान भी प्रदान करे। उन्होंने सभी सिविल सेवकों से अपेक्षा की कि वे नागरिकों की तत्पर सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और शासन को जनकल्याण की दिशा में अधिक प्रभावी बनाने की ओर अग्रसर करें। कार्यक्रम में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन संजय दुबे, नरोन्हा व्याख्यान श्रृंखला के मुख्य वक्ता डॉ दीपक बागला, राज्य शासन के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव एवं अन्य सभी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

### करप्शन फ्री और गुड गवर्नेंस के लिए करें कार्य

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि हर साल 21 अप्रैल अधिकारी, कर्मचारियों के लिए आत्ममंथन करने का दिन है। लोक सेवकों को सोचना चाहिए कि सालभर में उन्होंने प्रशासन की मजबूती के लिए क्या अच्छा किया और इसके आगे क्या बेहतर किया जा सकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री को विश्वास दिलाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के मिशन को पूरा करने में प्रदेश की भूमिका और विकसित मध्यप्रदेश के लिए सभी लोकसेवक कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

### साझा किए सुशासन से जुड़े अनुभव

सिविल सेवा दिवस समारोह 2025 के अवसर पर प्रशासन अकादमी में नरोन्हा व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रदेश भर के अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए। व्याख्यान के मुख्य वक्ता डॉ दीपक बागला ने सभागार में उपस्थित अधिकारियों को विकसित भारत के लिए सुशासन से जुड़े अनुभव साझा किए। प्रशासन अकादमी के संचालक मुजीबुर्रहमान ने सभी अथितियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

---

सीएम ने घाटों की सफाई कर जल गंगा संवर्धन अभियान में दी सहभागिता

## सीएम ने किया पंच कोशी यात्रियों और ननि स्वच्छता मित्रों का सम्मान

# दो वर्ष में तैयार होंगे क्षिप्रा के 29 किमी घाट, परिक्रमावासियों को होगी सुविधा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पूरे विश्व में हमारे प्रदेश की मां नर्मदा ऐसी नदी है जिसकी परिक्रमा की जाती है, मध्यप्रदेश सरकार नर्मदा नदी के परिक्रमा स्थल को सुव्यवस्थित कर तीर्थ यात्रियों के लिए सुविधाजनक व्यवस्थाएं बनाएंगे। मां क्षिप्रा के 29 किलोमीटर घाटों को दो साल में बना दिया जाएगा, इससे मां क्षिप्रा के परिक्रमा करने वाले यात्रियों को भी सुविधा होगी। डॉ. यादव ने सोमवार को उज्जैन में क्षिप्रा के रामघाट पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत क्षिप्रा नदी में उतरकर घाटों की सफाई की। उन्होंने क्षिप्रा में स्नान कर पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया। डॉ यादव द्वारा सलामतपुर से आए पंचकोशी यात्रियों का सम्मान किया गया और उनकी यात्रा का शुभारंभ कराया गया। उन्होंने नगर निगम के स्वच्छता मित्रों का भी सम्मान किया।

### क्षिप्रा को प्रवहमान, स्वच्छ रखने कई योजनाएं



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन में मां क्षिप्रा को प्रवहमान बनाने के लिए सिलारखेड़ी सेवरखेड़ी जलाशय योजना, मां क्षिप्रा की स्वच्छता बनाए रखने के लिए खान डायवर्सन नदी परियोजना भी चल रही है। इसका लगभग 50 फीसदी काम पूरा हो चुका है, आने वाले 2 वर्षों में मां क्षिप्रा कल-कल होकर बहेगी, इसी संकल्प के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भोपाल के पास बेतवा नदी के उद्गम स्थल को पुनर्जीवित कर दिया गया है, इस अभियान की यह विशेषता है कि हम अपनी ऐतिहासिक, पुरानी बावड़ी, कुएं, तालाब, जल स्त्रोत को पुनर्जीवित कर रहे हैं।

### उज्जैन पौराणिक नगरी के साथ काल गणना का केंद्र

मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन ऐतिहासिक पौराणिक नगरी के साथ-साथ काल गणना का प्रमुख केंद्र रहा है। अकबर, शाहजहां, जहांगीर ने भी उज्जैन में प्रवास किया था और भर्तहरी गुफा पहुंचकर काल गणना के ज्ञान को समझा था। यहां उन्होंने टकसाल भी स्थापित कराई थी। उज्जैन एक वैज्ञानिक नगरी भी है। हम इसके वैभव को पुनः स्थापित करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। राजा भृतहरि, सम्राट विक्रमादित्य, सम्राट अशोक के साथ-साथ अन्य महान राजाओं के द्वारा उज्जैन के लिए अनेक प्रकार के प्रमाणिक कार्य किए गए हैं। श्रीमंत महाद जी सिंधिया ने पानीपत के युद्ध के बाद इसके गौरव को पुनर्स्थापित किया।



जल गंगा संवर्धन अभियान एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय पहल

### जल संरक्षण सामूहिक की जिम्मेदारी एकजुट हो अभियान को बनाएं सफल

भोपाल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय पहल है, जिसका उद्देश्य जल स्रोतों का संरक्षण और पुनर्जीवन करना है। इस अभियान में नदियों को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियां चलाई जा रही हैं। इनमें नदी तटों की सफाई, पौधरोपण, जल संचयन और औद्योगिक कचरे पर नियंत्रण की पहल की जा रही है। साथ ही नागरिकों को जल की महत्ता और उसके संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जनप्रतिनिधि से लेकर आम नागरिक इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया है।

### राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी ने की सहभागिता

नगरीय प्रशासन एवं शहरी विकास राज्यमंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री प्रतिमा बागरी डिण्डोरी जिले की शहपुरा जनपद पंचायत के ग्राम बरगांव में जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम में शामिल हुई। श्रीमती बागरी ने कहा कि जल संरक्षण केवल अभियान तक सीमित प्रक्रिया नहीं है, यह एक सतत प्रक्रिया है। इसमें शासन प्रशासन की भूमिका के साथ ही हम सभी का सहयोग आवश्यक है।

### केन्द्रीय मंत्री एल मुरुगन ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्यमंत्री एल. मुरुगन ने सोमवार को मंत्रालय में सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर एवं अंग वस्त्रम ओढ़ाकर केंद्रीय मंत्री मुरुगन का स्वागत किया। मुख्यमंत्री और केंद्रीय राज्य मंत्री ने मध्यप्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की।

### मुख्यमंत्री से मिले श्री आनंदपुर धाम के पदाधिकारी



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सोमवार को स्टेट हैंगर पर अशोकनगर जिले के श्री आनंदपुर धाम के पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को गुरु महाराज का श्रीप्रसाद प्रदान किया और श्री आनंदपुर धाम पधारने के लिए आभार व्यक्त कर पुनः पधारने का आग्रह भी किया।

---

# बेझिझक निवेश कीजिए, आपके हितों की चिंता सरकार करेगी

- सीएम ने टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग के संबंध में बैठक कर निवेशकों से चर्चा
- प्रदेश में टेलीकॉम सेक्टर के विकास में पूरे सहयोग का किया वादा



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार टेलीकॉम सेक्टर के विकास के लिए निवेशकों को हर संभव सहयोग करेगी। बेझिझक निवेश कीजिए, आपके हितों की चिंता सरकार करेगी। डॉ. यादव ने बताया कि आगामी 27 अप्रैल को इंदौर में आईटी कॉन्क्लेव होने जा रही है। इच्छुक निवेशक इसमें अपना प्रस्ताव दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन के निर्माण के लिए बड़े लैण्ड बैंक की आवश्यकता होगी। निवेशकों से कहा कि कम जमीन में ज्यादा निर्माण इकाईयां स्थापित करने से लागत भी कम होगी और प्रबंधन में भी आसानी होगी।

### निवेशक राज्य की केन्द्रीय नीतियों का लाभ उठाएं

सीएम ने कहा है कि दूरसंचार सुविधाओं का विकास एवं विस्तार आज की बड़ी जरूरत है। टेली कम्यूनिकेशन फेसिलिटीज को बेहतर बनाकर हम प्रदेश के हर क्षेत्र व केन्द्रीय दुर्गम इलाकों में कनेक्टिविटी बढ़ाना चाहते हैं। मप्र देश का हृदय स्थल है। निवेशक राज्य की देश में केन्द्रीय स्थिति का भरपूर लाभ उठाएं। टेलीकॉम सेक्टर में इन्वेस्ट करने के लिए प्रदेश आने वाले हर निवेशक के हितों का सरकार पूरा ध्यान रखेगी। उन्होंने कहा कि मप्र में ग्वालियर, जबलपुर जैसे क्षेत्रों में टेलीकॉम सेक्टर के विकास की असीम संभावनाएं हैं। डॉ यादव ने निवेशकों के साथ टेलीकॉम सेक्टर के उत्तरोत्तर विकास के लिए विस्तार से चर्चा की।

### दी जाएगी साडा की 271 हेक्टेयर भूमि

ग्वालियर आईटी पार्क में लगभग 70 एकड़ एवं साडा ग्वालियर क्षेत्र में 300 एकड़ भूमि की मांग निवेशकों द्वारा की गई है। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुसार साडा ग्वालियर की 271 हेक्टेयर भूमि औद्योगिक नीति एवं प्रोत्साहन विभाग को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया गया है। साडा के समीपवर्ती क्षेत्र से ग्रीन कॉरिडोर एक्सप्रेस वे भी बनाया जाना संभावित है। इससे आगरा-दिल्ली की दूरी कम हो जाएगी और लगभग 50 मिनट की अवधि में ग्वालियर से आगरा की दूरी तय की जा सकेगी। इससे कम्पनियों को लॉजिस्टिक का व्यय कम से कम होगा।

---




### ... तो लोगों के दिल में राज करेंगे 'मोहन'

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की एक योजना सफल रही तो वे गरीबों, आदिवासियों और मध्यम वर्ग के दिलों पर राज कर सकते हैं। यह है गरीबों, पिछड़ों और मध्यम वर्ग को सस्ती और सुलभ परिवहन सेवा योजना। मप्र राज्य सड़क परिवहन निगम के जरिए लोगों को यह सुविधा मिलती थी। घाटे में बता कर तत्कालीन परिवहन मंत्री उमा शंकर गुप्ता के कार्यकाल में इस सेवा को बंद कर दिया गया। मुख्यमंत्री स्व. बाबूलाल गौर थे। निगम बंद किया गया तब इसे 700 करोड़ से ज्यादा के घाटे में बताया गया था, जबकि निगम के पास अरबों की चल-अचल संपत्ति थी। भला हो, मुख्यमंत्री डॉ. यादव का, जिन्होंने इस परिवहन सेवा को फिर चालू करने का बीड़ा उठाया है।

### उड़ गई मंत्रियों व विधायकों की नींद

अचानक फैली एक खबर ने मंत्रिमंडल सदस्यों और विधायकों की नींद उड़ा कर रख दी है। खबर है मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मंत्रिमंडल में शीघ्र संभावित फेरबदल की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष की घोषणा के बाद मंत्रिमंडल में फेरबदल किया जाएगा। सूचना मंत्रिमंडल के विस्तार नहीं, फेरबदल की है। इसमें मौजूदा मंत्रियों का प्रदर्शन देखा जाएगा। इसके आधार पर कुछ को घर बैठाया जा सकता है और क्षेत्रीय, जातिगत संतुलन साधते हुए अन्य को मौका दिया जा सकता है। कुछ वरिष्ठ और कुछ नए विधायकों की लॉटरी खुल सकती है। कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल अमरवाड़ा से विधायक कमलेश शाह शुरू से दौड़ में हैं। राम निवास रावत के इस्तीफे के बाद राज्य मंत्रिमंडल में फिलहाल 31 मंत्री हैं। 4 मंत्रियों की जगह खाली है। मंत्री पद की दौड़ में 9 बार के विधायक गोपाल भार्गव, पूर्व मंत्रियों भूपेंद्र सिंह, जयंत मलैया, बृजेंद्र प्रताप सिंह, हरिशंकर खटीक जैसों के नामों की चर्चा हैं।

### महाराणा प्रताप की प्रतिमा की स्थापना खटाई में

क्षत्रिय समाज अभी औरंगजेब और राणा सांगा विवाद के कारण राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में था, अब मप्र में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को लेकर क्षत्रियों में ही विवाद है। बुंदेलखंड के सागर संभागीय मुख्यालय में महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर समाज एकजुट नहीं है। आमने-सामने हैं पुराने प्रतिद्वंद्वी भाजपा के दो राजपूत नेता भूपेंद्र सिंह-गोविंद सिंह राजपूत और इनके समर्थक। विवाद की वजह है प्रतिमा लगाने के लिए स्थान का चयन। भूपेंद्र सिंह गुट ने नगर निगम से प्रस्ताव पास करा लिया है कि स्टेडियम के सामने मूर्ति लगाई जाए और स्टेडियम का नाम भी महाराणा प्रताप के नाम पर रखा जाए, जबकि गोविंद गुट आईजी बंगले के सामने मूर्ति लगाने पर अड़ा हुआ है। भूपेंद्र के भतीजे लखन सिंह समाज के अध्यक्ष हैं जबकि गोविंद गुट की तरफ से पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष हरिराम सिंह वकील कार्यकारी अध्यक्ष। दोनों गुटों में समझौता कराने के उद्देश्य से समाज ने 35 लोगों की एक समिति बनाई है। कृष्ण सिंह राजपूत को इसका संयोजक बनाया गया है लेकिन कमेटी दोनों के रसूख के सामने असहाय दिख रही है।

### ये क्या बोल गईं ऊषा ठाकुर?

इंदौर की भाजपा विधायक ऊषा ठाकुर ने एक कार्यक्रम में कहा कि उनकी भगवान से सीधे बात होती है। ऊषा ने कहा कि एक बात डायरी में लिख लीजिए। यदि भाजपा को वोट न दिया और हजार-दो हजार रुपए अथवा साड़ी आदि लेकिर लोकतंत्र को बेचा। अपना वोट किसी और को दे दिया तो पक्का मान लीजिए, अगले जन्म में आप ऊंट, भेड़, बकरी, कुत्ता और बिल्ली बनोगे। उनका मतलब साफ है कि भगवान चाहते हैं कि सभी लोग भाजपा को वोट दें। नहीं देते हैं तो लोकतंत्र को बेच रहे हैं। इसलिए भगवान का प्रकोप सहने के लिए तैयार रहें। इसका अर्थ यह हुआ कि भगवान का ही लोकतंत्र में भरोसा नहीं है, क्योंकि लोकतंत्र में पक्ष-विपक्ष दोनों होते हैं। भगवान के डर से विपक्ष को वोट ही नहीं मिलेंगे तो काहे का लोकतंत्र?

### कहां तक पहुंचेगी जांच की आंच?

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के राजनीतिक सितारे पिछले कुछ समय से गर्दिश में हैं। वक्फ कानून का विरोध करने पर उन्हें गद्दार तक कह दिया गया। उनकी जुबान फिसल गई और कहते सुनाई पड़ गए कि उन्होंने दंगे कराने की कोशिश की। इस बीच 28 साल पुराना सरला मिश्रा कांड खुल गया। कांग्रेस नेत्री सरला की मौत दिग्विजय सिंह के मुख्यमंत्री रहते हुई थी। वे अपने सरकारी आवास में जली थीं और दिल्ली के एक अस्पताल में उनकी मौत हुई थी। मामले की सीबीआई जांच की घोषणा भी हुई थी लेकिन नोटिफिकेशन ही जारी नहीं हो सका। बाद में पुलिस ने वर्ष 2000 में आत्महत्या मान कर जांच की फाइल बंद कर दी थी। आधार सरला के मृत्यु पूर्व बयान को बनाया गया था। सरला के भाई अनुराग मिश्रा इससे संतुष्ट नहीं थे। वर्ष 2019 में जब कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनी तब फाइल दोबारा खुली और अब कोर्ट ने जांच को संतोषजनक न मानते हुए फिर जांच के आदेश दे दिए।

दिनेश निगम 'त्यागी'

---

अमेरिका में दिए बयान पर साधा निशाना

# राहुल गांधी विदेश में जाकर देश की छवि को धूमिल करते हैं: मंत्री सारंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अमेरिका की बॉस्टन युनिवर्सिटी में दिए बयान पर ऐतराज जताया है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत निर्वाचन आयोग पर बयान देना शर्मनाक है। मंत्री सारंग ने कहा कि राहुल गांधी विदेश में जाकर देश की छवि को धूमिल करते हैं, जो देशद्रोह की श्रेणी में आता है। राहुल का बयान देश के मान-सम्मान को कम करने वाला है। राहुल गांधी को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बोलने का अवसर इसलिए मिलता है, क्योंकि वे भारत के सांसद और विपक्ष के नेता हैं। लेकिन विदेश में जाकर वे राजनीतिक बयानबाजी करते हैं, जो शर्मनाक है।



### अगर चुनाव आयोग पर भरोसा नहीं तो सांसद कैसे बने

मंत्री सारंग ने कहा कि हमारी परंपरा गौरवशाली रही है। विपक्ष में रहकर सरकार की आलोचना देश में करना स्वतंत्रता है, लेकिन विदेश की धरती पर भारत के सम्मान को ठेस पहुंचाना गलत है। उन्होंने नेहरू-गांधी परिवार और कांग्रेस पर भी निशाना साधा। मंत्री सारंग ने कहा कि नेहरू परिवार और कांग्रेस हमेशा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के सम्मान को कम करने का काम करते हैं। अगर राहुल गांधी को चुनाव आयोग पर भरोसा नहीं है, तो वे खुद सांसद कैसे बने? उनकी बहन प्रियंका गांधी और मां सोनिया गांधी सांसद कैसे चुनी गईं?

### सीधी भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित

- गंभीर आरोपों के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की कार्रवाई

**भोपाल।** सीधी जिले के भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह चौहान को भाजपा द्वारा पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया है। यह कार्यवाही सुरेश सिंह पर एक युवती द्वारा छेड़छाड़ के आरोप लगाने के बाद की गई है। घटना बीते शुक्रवार की बताई जा रही है। हालांकि मामले की फिलहाल थाने में शिकायत नहीं की गई है, लेकिन सुरेश सिंह का नाम बीते दो दिनों से सोशल मीडिया पर काफी तेजी से उछला। जिसके बाद यह कार्रवाई भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा की ओर से की गई है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं कार्यालय प्रभारी भगवानदास सबनानी की ओर से जारी निष्कासन पत्र में कहा गया है कि सुरेश सिंह द्वारा अशोभनीय कृत्य किया गया है, उससे पार्टी की छवि धूविल हुई है।

35 जनपद पंचायत सीईओ का तबादला

# भोपाल-जबलपुर-ग्वालियर से 22 अफसर हटे, मैदानी जिलों में भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने 35 जनपद पंचायत सीईओ (मुख्य कार्यपालन अधिकारी) के तबादले किए हैं। इनमें से 22 अधिकारी ऐसे हैं जो भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, सागर जैसे बड़े शहरों में पदस्थ थे। इन्हें अब मैदानी जिलों में भेजा गया है। इनमें रंजीत सिंह रघुवंशी भोपाल से जीरापुर, केके रैकवार भोपाल से जैतहरी, हेमेन्द्र सिंह चौहान इंदौर से धरमपुरी, वंदना गंगल ग्वालियर से रौन, उदय प्रताप सिंह भदौरिया जबलपुर से बिरसा, प्रतिमा उईके जबलपुर से मंडला, शिवानी जैन जबलपुर से जयसिंह नगर, अभिषेक गुप्ता भोपाल से बाबई चिचली, नरसिंहपुर, राजीव लघाटे जबलपुर से बुढ़ार, रानू जैन सागर से सोहावल, सतना, आयुषी गोयल भोपाल से मनासा, दिव्या त्रिपाठी रीवा से सोहागपुर, शहडोल, तपस्या जैन भोपाल से गंजबासौदा, मोना सक्सेना (क्षे.ग्रा.वि. एवं भोपाल से निवाली, बड़वानी, विशाल सोनी भोपाल से साईंखेड़ा, नरसिंहपुर, ईश्वर सिंह वर्मा भोपाल से बड़ामलहरा, पूजा गुप्ता भोपाल से आलोट, रतलाम, ममता मिश्रा शहडोल से कोतमा, दीपा कोटस्थाने उज्जैन से गौरिहार, आशा देवी पटले जबलपुर से सिहोरा, रोहित पचौरी इंदौर से उमरबन, धार, प्रवीण बंसोड भोपाल से त्योंथर, रीवा भेजे गए हैं।

89 जनपद पंचायत में लंबे समय से सीईओ के पद रिक्त थे यह मामला विधानसभा में उठा था और सरकार ने अब कुछ जनपदों में सीईओ की पोस्टिंग की है।

---

नेशनल हेराल्ड मामले में लोकसभा सांसद शैलजा बोलीं

# जब कहीं पैसा ही नहीं है तो यह लॉड्रिंग कहां से हुई?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।

पूर्व केंद्रीय मंत्री और लोकसभा सांसद कुमारी शैलजा ने नेशनल हेराल्ड मामले को देश के सामने मौजूद ज्वलंत मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने और गुमराह करने के लिए भाजपा की साजिश करार दिया। उन्होंने इसे सरासर राजनीतिक प्रतिशोध बताया। सोमवार को पीसीसी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ ईडी द्वारा दायर आरोप पत्र कुछ और नहीं, बल्कि एक गैर-मौजूद मामले के जरिए जनता का ध्यान बेरोजगारी, गिरती जीडीपी और जनता को बरगलाने के लिए गढ़ा गया एक झूठ है। पहली बार बिना पैसे या एक मिलीमीटर संपत्ति के हस्तांतरण के मनी लॉड्रिंग का मामला बनाया गया है। सवाल यह उठ रहा है कि अपराध की आय कहां है?

- सरकार ने ईडी को चुनाव विभाग बनाया



कुमारी सैलजा ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा प्रवर्तन निदेशालय को जवाब देना चाहिए कि एजेंसी ने एनडीए के किसी सहयोगी या भाजपा नेता को क्यों नहीं छुआ। सरकार ने ईडी को अपना चुनाव विभाग बना लिया है और बदले की भावना से इसका बार-बार दुरुपयोग कर रही है। ईडी के मामलों में सजा की दर सिर्फ 1% है। इसके अलावा, ईडी ने जो राजनीतिक मामले दर्ज किए हैं, उनमें से 98% सत्ताधारी पार्टी के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ हैं।

## नेशनल हेराल्ड मामले में चोरी और सीनाजोरी कर रही कांग्रेस: सिसौदिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राजपाल सिंह सिसौदिया ने कांग्रेस नेत्री कुमारी शैलजा की पत्रकार-वार्ता पर प्रतिक्रिया दी है। सिसौदिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा झूठ, छल-कपट की राजनीति करती रही है। नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर उसका विरोध चोरी और सीनाजोरी को दर्शाता है। इस मामले में कांग्रेस के लोग कभी ईडी और आयकर के दफ्तर पर प्रदर्शन करते हैं, तो कभी इन संवैधानिक संस्थाओं की छवि खराब करने के लिए इन पर सवाल उठाते हैं। सिसौदिया ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की चार्जशीट में सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नाम आना पूरी तरह से तकनीकी और कानूनी मामला है।

### आरोप लगाने से पहले आत्मविश्लेषण करे कांग्रेस

प्रदेश प्रवक्ता सिसौदिया ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले की शुरुआत 2012 में हुई थी, उस समय देश में कांग्रेस की ही सरकार थी। एक जनहित याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने 2013 में इस मामले में सुनवाई शुरू की और 2013 में ही केस दर्ज हुआ। ऐसे में ईडी की चार्जशीट में सोनिया गांधी, राहुल और सैम पित्रोदा आदि के जो नाम आए हैं, तो इन नामों को कौन सामने लाया?

8 गर्लफ्रेंड का शौक पूरा करने स्पोर्ट्स बाइक ...



9 बेगम्स ऑफ भोपाल क्लब ने किया वर्ल्ड अर्थ डे...





समर सीजन को लेकर रेलवे की नियमित ट्रेनें फुल



# स्पेशल के नाम पर से 20 से 30% ज्यादा किराया वसूल रहा रेलवे समर सीजन में भोपाल से गुजरेंगी 24 जोड़ी से अधिक स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

समर सीजन को लेकर एक तरफ जहां नियमित ट्रेनें फुल हो गई है। रेलवे इन ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने की वजह यात्री सुविधा को लेकर लगातार स्पेशल ट्रेनों की घोषणा कर रहा है।

भोपाल रेल मंडल से करीब 24 से अधिक समर स्पेशल ट्रेनें हाल्ट लेकर गुजरेंगी। इन ट्रेनों में सफर के लिए यात्रियों को नियमित ट्रेनों की अपेक्षा 20 से 30 फीसदी तक अधिक किराया देना पड़ेगा।

## यात्री सुविधा के नाम पर लगातार स्पेशल ट्रेनों की घोषणा

### यात्रियों को देना होगा अधिक किराया

जानकारी के अनुसार रेलवे को यात्री भार से होने वाली आय में बढ़ोत्तरी करने के लिए समर सीजन में अधिक से अधिक कमाई के लिए विभिन्न जोन व मंडलों द्वारा लगातार समर स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा की जा रही है। इन स्पेशल ट्रेनों के नाम पर रेलवे हर माह हजारों यात्रियों से रूटीन की ट्रेनों की तुलना में 20 से 30 फीसदी अधिक किराया वसूलेगा। यात्रियों को एसी कोच में सफर के लिए नियमित ट्रेनों की अपेक्षा 300 रुपए तक और स्लीपर में 150 रुपए तक किराया देना पड़ेगा।

### पहले लगाए जाते थे अतिरिक्त कोच अब चलाई जा रही स्पेशल ट्रेनें

कुछ साल पहले तक रेलवे यात्री ट्रेनों में भीड़-भाड़ अधिक होने पर खास-तौर पर समर सीजन में जनरल से लेकर स्लीपर श्रेणी के अतिरिक्त कोच लगाए जाते थे। जिन में कई बार 3 से 5 कोच को बढ़ाए जाते थे। लेकिन अब रेलवे ने इन अतिरिक्त कोचों को लगाने की जगह सिर्फ स्पेशल ट्रेनों का संचालित करने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। इस संबंध में पमरे जोन के वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि रेलवे बोर्ड की गाइडलाइन है। इसके हिसाब से पमरे जोन से समर स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। जिन ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने की आवश्यकता होगी। उनमें अतिरिक्त कोच भी लगाए जाएंगे।

### भोपाल से गुजरने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों की 24 अप्रैल से 4 मई तक यह है स्थिति

**भोपाल से वाराणसी**

| ट्रेन नंबर व नाम | थर्ड एसी | स्लीपर |
|---|---|---|
| 11071 कामायनी एक्सप्रेस | 50 वेटिंग | रिग्रेट |
| 19305 दादर कामाख्या एक्सप्रेस | रिग्रेट | रिग्रेट |
| 19489 अहमदाबाद गोरखपुर एक्सप्रेस | 26 वेटिंग | रिग्रेट |

**भोपाल से पटना**

| ट्रेन नंबर व नाम | थर्ड एसी | स्लीपर |
|---|---|---|
| 19435 अहमदाबाद आसनसोल एक्सप्रेस | रिग्रेट | रिग्रेट |

**भोपाल से दिल्ली**

| ट्रेन नंबर व नाम | थर्ड एसी | स्लीपर |
|---|---|---|
| 12919 मालवा एक्सप्रेस | 46 वेटिंग | रिग्रेट |
| 12155 भोपाल एक्सप्रेस | 39 वेटिंग | 47 वेटिंग |
| 12649 संपर्क क्रांति | 31 वेटिंग | 51 वेटिंग |
| 22221 राजधानी एक्सप्रेस | 24 वेटिंग | 00 |

**भोपाल से रायपुर**

| ट्रेन नंबर व नाम | थर्ड एसी | स्लीपर |
|---|---|---|
| 12410 गोंडवाना एक्सप्रेस | 27 वेटिंग | 44 वेटिंग |
| 12808 समता एक्सप्रेस | 30 वेटिंग | 51 वेटिंग |
| 18238 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस | 29 वेटिंग | 42 वेटिंग |
| 12854 अमरकंटक एक्सप्रेस | 38 आरएसी | 49 वेटिंग |

**पमरे जोन से गुजरने वाली समर स्पेशल ट्रेनें**

**रानी कमलापति-सहरसा-रानी कमलापति साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन:** 01663 रानी कमलापति-सहरसा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक सोमवार को सायं 16:30 बजे रानी कमलापति से रवाना होगी और अगले दिन दोपहर 15:15 बजे सहरसा पहुंचेगी। 01664 सहरसा-रानी कमलापति साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक मंगलवार को सायं 18:30 बजे सहरसा से रवाना होगी और अगले दिन रात 21:10 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी।

---

**जेएसए भर्ती:** परीक्षक ने दी मिसरोद पुलिस को सूचना, पुलिस ने किया गिरफ्तार

# दूसरे की जगह दे रहा था जेएसए की परीक्षा, मिस मैच हुआ तो पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

मिसरोद स्थित केंद्रीय विद्यालय में आयोजित कनिष्ठ सहायक (जेएसए) भर्ती परीक्षा में मुख्य अभ्यर्थी के स्थान पर फर्जी अभ्यर्थी को परीक्षा देते दबोचा गया। दरअसल, रविवार सुबह केंद्रीय विद्यालय बंगरसिया में परीक्षा चल रही थी। बायोमेट्रिक मिलान किया गया तो पता चला कि अभ्यर्थी की जगह कोई और परीक्षा दे रहा है। प्राचार्य की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहे फर्जी अभ्यर्थी (सॉल्वर) को गिरफ्तार कर लिया है। शुरुआती पूछताछ में यह बात सामने आई कि साल्वर पटना का रहने वाला है और राजस्थान के अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देने आया था।



बबलेश मीना, आरोपी

**पुलिस ने ली तीन दिन की रिमांड, दलाल और मुख्य परीक्षार्थी भी केन्द्र के बाहर थे मौजूद**

### प्राचार्य ने दी पुलिस को सूचना

पुलिस के अनुसार केंद्रीय विद्यालय बंगरसिया मिसरोद में रविवार सुबह साढ़े 9 से साढ़े 11 बजे तक केंद्रीय विद्यालय की एलडीसी भर्ती परीक्षा (जेएसए) की परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा देने केन्द्र पर पहुंचे अभ्यर्थी बबलेश मीना के फिंगर प्रिंट समेत अन्य बायोमैट्रिक मिलान नहीं हुआ। संदेह होने पर सीबीएसई के पास उपलब्ध रिकार्ड से बायोमैट्रिक मिलान किया गया, लेकिन मिलान नहीं हुआ। इसकी सूचना सीबीएसई मुख्यालय में दी गई। अभ्यर्थी से आधार कार्ड व उसे लिंक मोबाइल नंबर व अन्य जानकारी मांगी गई। बबलेश मीना किसी भी जानकारी का संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। आधार कार्ड के माध्यम से बायोमैट्रिक सत्यापन कराने का प्रयास किया गया। परीक्षा केन्द्र अधीक्षक ने खुद अभ्यार्थी की सीट पर जाकर संपर्क किया। उसे फोटो पहचान पत्र दिखाने का कहा तो वह केवल पेन कार्ड ही अपने साथ लाया था। परीक्षा होने के बाद साढ़े 11 बजे वीडियो कॉल के माध्यम से दौबारा बायोमैट्रिक सत्यापन का प्रयास किया गया, लेकिन जब आधार संख्या दर्ज करने का विकल्प आया तो जालसाज आधार नंबर और उससे लिंक मोबाइल नंबर नहीं बता सका। जालसाजी का विश्वास होने पर प्राचार्य ने मिसरोद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम सोनू कुमार निवासी पटना बिहार बताया। पुलिस ने केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य एसके नामदेव की शिकायत पर धोखाधड़ी की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

### जालसाज तीन दिन की रिमांड पर

पुलिस का कहना है कि परीक्षा देने के बाद रकम देना तय हुआ था। आरोपी को परीक्षा देने के लिए राजी करने वाला दलाल और मुख्य परीक्षार्थी घटना के समय परीक्षा केन्द्र के आसपास ही मौजूद थे। हालांकि जब उन्हें पता चला कि सॉल्वर पकड़ा गया है तो वह भाग निकले। पुलिस ने जालसाज को तीन दिन की रिमांड पर लिया है। उससे असली अभ्यर्थी और दलाल के बारे में पूछताछ की जा रही है।

### परीक्षा देने के बाद मिलती रकम

आरोपी सोनू कुमार ने पुलिस को बताया कि जसवंत मीना नाम के दलाल के माध्यम से वह परीक्षा देने के लिए तैयार हुआ था। परीक्षा देने के बाद केंद्र से बाहर आते ही रकम दी जाती, पर उसे कितना पैसा मिलेगा यह नहीं बताय गया था। एसआई चेतन गुप्ता ने बताय कि मुख्य अभ्यर्थी बबलेश मीना का डाटा चैक करने पर पता चला कि आरोपी सोनू कुमार और बबलेश मीना का चेहरा एक-दूसरे से काफी मिलता-जुलता है।

---

तीसरे दिन एक जोन में दो-दो वार्ड में देखी सफाई व्यवस्था

# स्वच्छता टीम ने आम लोगों से फीडबैक लेकर देखी सफाई

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

राजधानी को स्वच्छता में पहले पायदान पर लाने के लिए किए गए दावों की हकीकत जानने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 की टीम ने तीसरे दिन भी सफाई का जायजा लिया। टीम अब आम लोगों के फीडबैक के साथ सफाई के इंतजाम भी देख रही है।

इसके लिए टीम वार्डों में कचरा स्पॉट का निरीक्षण भी कर रही है। सोमवार को टीम ने एक जोन के दो-दो वार्डों में जाकर सफाई की हकीकत जानी। स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत दिल्ली से आई सर्वे टीम ने तीसरे दिन सर्वे के पैटर्न में बदलाव किए। पहले जहां टीम स्थल का निरीक्षण करके निकल जाती है और बाद में नागरिकों से फीडबैक लिया करती थी। वहीं, अब पब्लिक फीडबैक के साथ मौके पर साफ-सफाई का जायजा लिया जा रहा है। इसके अलावा सर्वे टीम ने सर्वे का दायरा भी बढ़ाया है। अब सर्वे की टीम एक जोन के कम से कम दो वार्ड की स्वच्छता परख रही है।




### ऑनलाइन लोकेशन मिलने के बाद पहुंच रही टीम

सर्वे टीम का पूरा फोकस पब्लिक फीडबैक को लेकर है। दरअसल स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए जीएफसी (गार्बेज फ्री सिटी) की टीमें यूएलबी (अर्बन लोकल बाडी) की साइट खुलते ही ऑनलाइन लोकेशनों पर पहुंच रही हैं। इस बार भी नगर निगम भोपाल ने देश का सबसे स्वच्छ शहर होने का दावा किया है। इन्हीं दावों को दिल्ली की टीमें परखने में लगी हुई हैं।

### दो दर्जन जगहों पर देखी सफाई

सोमवार को सर्वे की टीम ने नगर निगम के जोन क्रमांक 8, 9, 12 और 17 में निरीक्षण किया। जोन 9 के अंतर्गत आने वाले वार्ड 36 व 38 में टीम ने साफ-सफाई के साथ सुलभ शौचालय, उद्यान, नाला और नालियों की जांच की। इस दौरान पब्लिक फीडबैक लेकर साइट पर अपलोड किए। सोमवार को सर्वे टीम ने 25 से अधिक स्थानों पर साफ-सफाई की व्यवस्था को देखा।

---

# सवा छह लाख की शराब राजसात, दो दुकानदारों पर एक लाख का जुर्माना

**भोपाल।** एक ठेकेदार की दो शराब दुकानों पर शराब के स्टॉक में गड़बड़ी करने पर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने जब्त सवा छह लाख की शराब राजसात करने और दोनों दुकानदारों पर 50-50 हजार रुपए का जुर्माना किया है।

दरअसल, बैरसिया की दो शराब दुकानें एक ही ठेकेदार के पास हैं, जिसको देखते हुए उसने एक दुकान के स्टॉक की शराब दूसरी दुकान में खाली करा दी थी। पिछले दिनों आबकारी अमले ने बैरसिया स्थित शराब दुकान क्रमांक एक और दो का निरीक्षण किया था। इस दौरान शराब स्टॉक में गड़बड़ी मिलने के बाद कलेक्टर कोर्ट में केस पेश किया गया। जहां सुनवाई के बाद सोमवार को कलेक्टर ने कम्पोजिट शराब दुकान बैरसिया क्रं. 1 और क्रमांक-2 के ठेकेदार पर पचास-पचास हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।




---

# निगम के बजट को नहीं मिली मंजूरी,14 सौ वाहनों के थमेंगे पहिए

**36 लाख रुपए का रोजाना लग रहा ईंधन**

**बजट को मंजूरी नहीं मिलने से रुका भुगतान**



**भोपाल।** नगर निगम का बजट पास होने के बाद भी अब तक मंजूर नहीं हुआ है, जिसकी वजह से नगर निगम के 14 सौ वाहनों में रोजाना डाले जाने वाला 36 लाख के ईंधन का भुगतान अटक गया है। ऐसे में इन वाहनों के पहिए थम सकते हैं। नगर निगम के पास कचरा गाड़ियों समेत डंपर, जोन-वार्ड कार्यालय में कुल 1400 वाहन हैं। जिनमें हर रोज 36 लाख रुपए का ईंधन लगता है। अब तक जैसे-तैसे काम चल रहा था, लेकिन मंगलवार से ईंधन की सप्लाई बाधित हो सकती है। इस संबंध में निगमायुक्त हरेंद्र नारायन का कहना है कि बजट को स्वीकृति के लिए भेजा गया है। जैसे ही मंजूरी मिलेगी, भुगतान करेंगे।

---

# मैगी हाउस से नूल्डस, बृज फास्ट फूड से लिए मंचूरियन के सैंपल

**भोपाल।** राजधानी के हॉकर्स कॉर्नर्स पर जमकर फास्ट फूड और जंक फूड की बिक्री चल रही है। जिसको देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने फॉस्ट फूड में अजीनोमोटो और फ्लेवर्ड कलर्स की मात्रा का कम उपयोग करने की नसीहत दी जा रही है। जिसके तहत सोमवार को टीम ने न्यू मैगी हाउस बैरागढ़ से नूडल्स और बृज फास्ट फूड से नूडल्स और मंचूरियन के सैंपल लिए हैं, जिन्हें जांच के लिए लेबोरेटरी भेजा गया है।

### मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने लिए सैंपल

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेन्द्र दुबे ने बताया कि सोमवार को टीम ने लाल घाटी स्थित दिल्ली-6 से चाउमिन और काजू, बैरागढ़ स्थित न्यू मैगी हाउस से नूडल्स, बृज फास्ट फूड से नूडल्स और मंचुरियन, करोंद स्थित मीना रेस्टोरेंट से समोसा-कचौड़ी, निधि चाउमिन सेंटर से पास्ता और मंचूरियन राइस के सैंपल लिए गए हैं।



### हॉकर्स कॉर्नर कुक को दी सफाई की नसीहत

लाल घाटी स्थित हॉकर्स कॉर्नर में हॉकर्स कॉर्नर्स के कुक को अपने कार्ट साफ रखने, स्वच्छ कपडे ग्लब्ज, एप्रिन का उपयोग करने, अजीनोमोटो, विनेगर, कृत्रिम फ्लेवर्स और कृत्रिम रंगों का उपयोग सीमित और निर्धारित सीमा के अंदर करने की हिदायत दी।

---

**सवा दो लाख बीपीएल सदस्यों ने नहीं कराई ईकेवायसी**

पीडीएस दुकानों को हिदायत, लापरवाही हुई तो करेंगे कार्रवाई

# पहली मई से बिना ई-केवाईसी कराए नहीं दिया जाएगा पीडीएस का राशन

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

एक मई से प्रदेश में स्मार्ट पीडीएस सिस्टम लागू होने की तैयारी चल रही है, लेकिन जिले में सवा दो लाख बीपीएल परिवारों के सदस्यों ने ईकेवायसी नहीं कराई है, जिससे स्मार्ट पीडीएस सिस्टम लागू नहीं हो पाएगा। जिसको देखते हुए पीडीएस दुकानों पर ईकेवायसी का काम तेजी से किया जाए।

ईकेवायसी का काम 90 फीसदी से अधिक नहीं होने पर स्मार्ट पीडीएस सिस्टम लागू नहीं हो पाएगा। सोमवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने टाइम लिमिट की बैठक रखी, जिसमें जिला आपूर्ति नियंत्रक को सौ फीसदी ईकेवायसी करने की हिदायत दी।




### कलेक्टर ने की शिकायतों की समीक्षा

कलेक्टर ने विभागवार 50 दिवस से अधिक लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुए उनके निपटाने की बात कही। उन्होंने कहा कि 30 अप्रैल तक बीपीएल परिवारों के सभी सदस्यों की अनिवार्य रूप से ईकेवायसी की जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी, एडीएम भूपेन्द्र गोयल, प्रकाश नायक सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### गांवों में पेयजल सप्लाई का सर्वे करेंगी टीम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने दी भूख हड़ताल की धमकी

**भोपाल।** जिले की पंचायतों में भीषण गर्मी के साथ ही पेयजल संकट शुरू हो गया है। जिला पंचायत सीईओ ने नल-जल योजनाओं का निरीक्षण करने के लिए दलों का गठन कर दिया है, तो वहीं जिपं उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट ने भूख हड़ताल पर बैठने की चेतावनी दी है। इसको लेकर उन्होंने कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को पत्र भी सौंपा है। जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने जनपद पंचायत फंदा और बैरसिया के तहत स्वीकृत, हस्तांरित, ट्रायलरन, प्रगतिरत नलजल योजनाओं के निरीक्षण, जांच कराने के लिए दल गठित किए हैं। इन दलों में उपयंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, अनुभाग फंदा व बैरसिया, उपयंत्री, जनपद पंचायत फंदा व बैरसिया, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, संबंधित ग्राम पंचायत क्षेत्र के संबंधित जिला पंचायत सदस्य को बताते हुए निरीक्षण व जांच कार्य करेंगे।



# पेज एक का शेष

## भारतीय परिधान में...

अनारकली स्टाइल के सूट के साथ कढ़ाई वाली जैकेट पहनी हुई थी। विमान से दोनों बेटे वेंस के साथ उतरते हैं जबकि बेटी को उतरने में दिक्कत होती है तो खुद उपराष्ट्रपति उसे गोद में उठाकर नीचे उतारते हैं। विमान से उतरने के बाद दोनों बेटों और बेटी से रेली मंत्री अश्वनी वैष्णव ने मुलाकात की। इस दौरान मंत्री वेंस के सबसे बड़े बेटे के साथ कुछ बातचीत करते हुए दिखाई दे रहे थे। उपराष्ट्रपति वेंस की पत्नी उषा भारतीय मूल की हैं। यही कारण है कि बच्चों में भारतीय परिधान पहना हुआ था। इस दौरान खुद उषा रेड कलर की स्टाइलिश मैक्सी ड्रेस पहनकर आईं, जिसे उन्होंने वाइट ब्लेजर के साथ पेयर किया।

**जयपुर व आगरा भी जाएंगे वेंस:** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि मंगलवार को वह जयपुर जाएंगे, जहां वह और उनकी पत्नी उषा वेंस यूनेस्को की वैश्विक धरोहर में शामिल आमेर किला समेत कई ऐतिहासिक इमारतों को देखेंगे। 23 अप्रैल की सुबह वेंस परिवार के साथ आगरा में ताजमहल का दीदार करेंगे। उसी शाम वेंस आगरा से वापस जयपुर जाएंगे और अगले दिन 24 अप्रैल की सुबह अमेरिका रवाना होंगे।

**उषा वेंस के गांव में खुशी की लहर:** उषा वेंस का पैतृक गांव वडलूरू, जो आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले में है, इस दौरे से बहुत उत्साहित है। गांव के लोग उम्मीद कर रहे हैं कि वेंस दंपती यहां भी आएंगे। गांव में गर्व और खुशी का माहौल है।

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति
पिपरिया, जिला-नर्मदापुरम् (म.प्र.)
क्र./मंडी/निर्माण/24-25/48 पिपरिया, दिनांक : 16.04.2025

निविदा आमंत्रण सूचना

प्रमुख अभियंता म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारों से प्रतिशत दर आधार पर सिस्टम निविदा क्रमांक 2025_MPSAM_417274_1, 2025_MPSAM_ 417275_1 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदायें **दिनांक 20.05.2025 को शाम 5:30 बजे तक** आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल **https://mpmandiboard.in** पर भी अवलोकनीय होगी।
**नोट** : आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।
म.प्र. माध्यम/119726/2025 सचिव

कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल

विज्ञप्ति

जोन क्रं 04 यांत्रिक शाखा द्वारा दिनांक 16.04.2025 को निविदा आमंत्रण कर विज्ञप्ति प्रकाशन हेतु जनसंपर्क विभाग को भेजी गई जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रं. | जोन क्रं. | वार्ड क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | प्रपत्र राशि | कार्य हेतु निर्धारित SOR | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 16 | PROVIDING AND FIXING PAVER BLOCK NEAR AGANBADI AT ARIF NAGAR BARIDGE WARD 16 ZONE 04 | 779662/- | 7797/- | 2360/- | MPUADD BUIDING WORK ISSR 2021 | 60 Days/- |

उक्त निविदा अप्राहा कारण से निविदा को निरस्त की जाती है।
नि.क्र.1669/025/026

सहायक यंत्री (सिविल)
जोन क्रं. -04
नगर निगम भोपाल

## गर्मी से तपे....

साफ होने का अनुमान जताया है। इससे पूरे प्रदेश में गर्मी का असर बढ़ा रहेगा। राजस्थान से जुड़े जिलों में गर्म हवाएं भी चल सकती हैं। प्रदेश के पश्चिमी और उत्तरी हिस्से यानी, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और चंबल संभाग में अब तक तेज गर्मी का असर रहा है, लेकिन अब पूर्वी हिस्से यानी, सागर, सिंगरौली, रीवा, सीधी जैसे शहरों में भी गर्मी के तेवर तीखे हो गए हैं। हालांकि, मंगलवार से 10 से ज्यादा जिलों में लू का अलर्ट भी है।

बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 40.1 डिग्री, इंदौर में 39.6 डिग्री, ग्वालियर में 41.9 डिग्री, उज्जैन में 40 डिग्री और जबलपुर में पारा 40.6 डिग्री दर्ज किया गया।

## चाणक्य द्वारा चंद्रगुप्त....

शुभारंभ करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने चाणक्य के माध्यम से सिविल सर्विसेस की वर्किंग और इंपोर्टेंस को समझाया। मुख्यमंत्री ने सरदार बल्लभ भाई पटेल का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने क्या-क्या नहीं किया। उनके उदगार आज भी याद हैं। सिविल सर्वेंट को क्या करना चाहिए, यह उन्होंने बताया था।

## अधिकारियों को एक...

दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 में मध्यप्रदेश की भूमिका महत्वपूर्ण है। राज्य के लोकसेवकों ने अपने कर्तव्यों को बखूबी निभाया है। जमीनी स्तर पर अधिकारियों द्वारा किए जा रहे नवाचारों को संकलित कर सुशासन के लिए योजना तैयार करने की आवश्यकता है।

## इन्हें मिला मुख्यमंत्री....

संचालक विद्युत वितरण कंपनी, अमित तोमर प्रबंध संचालक विद्युत वितरण कंपनी जबलपुर, ऋषभ गुप्ता पूर्व कलेक्टर देवास, गणेश शंकर मिश्रा प्रबंध संचालक विद्युत वितरण कंपनी, दिवांग सिंह ग्रीन ब्रांड इंदौर में उत्कृष्ट कार्य, प्रवीण सिंह अढायच पूर्व कलेक्टर सीहोर, प्रो. बेला सचदेवा, भूपेंद्र कुमार चौधरी माध्यमिक शिक्षक, शीला दाहिमा को मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए गए।

## सीएम: 27% ओबीसी....

कहा कि इस मामले में याचिकाकर्ताओं को बुलाकर संवाद करेंगे। ओबीसी आरक्षण को लेकर हमारी सरकार पूरी तरह स्पष्ट है। हम हर हाल में 27% आरक्षण के पक्ष में कायम हैं। हमने अटॉर्नी जनरल को यह भी कहा है कि शिवराज सरकार के समय आई ओबीसी आयोग की रिपोर्ट का परीक्षण किया जाए। इस दौरान ओबीसी महासभा के वकीलों ने कोर्ट से कहा कि मप्र में अलग-अलग विभागों में जिन पदों पर भर्ती हुई उनमें से बड़ी संख्या में उम्मीदवारों की चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद कोर्ट में 27% ओबीसी आरक्षण का मामला लंबित होने का हवाला देकर उन्हें नियुक्ति से वंचित रखा जा रहा है। जबकि 27% ओबीसी आरक्षण पर किसी भी कोर्ट ने कानूनी रोक नहीं लगाई। इसके बावजूद प्रक्रिया के नाम पर चयनित अभ्यर्थियों को ज्वॉइन नहीं कराया जा रहा है।

## 710 कलेक्टरों में ....

डॉ. राहुल हरिदास फटिंग को प्रधानमंत्री उत्कृष्टता सम्मान 2023 प्रदान किया गया। उन्हें यह सम्मान बड़वानी के समग्र विकास और नवाचारों के लिए दिया गया।

## दुबे पर केस कीजिए...

करने की मांग की गई है, जिस पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा बयान आया है। अवमानना की कार्रवाई की मांग लेकर पहुंचे याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि दुबे ने सुप्रीम कोर्ट और भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना की गलत तरीके से आलोचना कर अवमानना की है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केस करने के लिए आपको हमारी अनुमति की जरूरत नहीं है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ से वकील ने दुबे की टिप्पणियों के बारे में हाल ही में आई एक खबर का हवाला दिया और कहा कि वह अदालत की अनुमति से अवमानना याचिका दायर करना चाहते हैं। न्यायमूर्ति गवई ने कहा, आप इसे दायर करें।

दायर करने के लिए आपको हमारी अनुमति की जरूरत नहीं है। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता को मामले में अटॉर्नी जनरल से मंजूरी लेने की जरूरत है।

**क्या है मामला ?:** दरअसल, दुबे की टिप्पणी केंद्र के न्यायालय को दिए गए आश्वासन के बाद आई है कि वह वक्फ (संशोधन) अधिनियम के कुछ विवादास्पद प्रावधानों को सुनवाई के अगले दिन तक लागू नहीं करेगा, क्योंकि न्यायालय ने उन पर सवाल उठाए थे।

इसके बाद वक्फ अधिनियम मामले में एक वादी का प्रतिनिधित्व करने वाले सुप्रीम कोर्ट के वकील अनस तनवीर ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी को पत्र लिखकर दुबे के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने की सहमति मांगी, क्योंकि उन्होंने शीर्ष न्यायालय की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणी की थी।

## गहरी खाई में गिर...

है। इंदौर के चंदननगर निवासी दीपक पुत्र बालाराम चौपड़ा की बारात बिहार के पटना शहर गई थी, जहां से वापस लौटते समय सोमवार सुबह उक्त हादसा हुआ। सुबह जीप के चालक को नींद की झपकी आ गई जिससे जीप अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। घटना के समय जीप में सवार सभी लोग सो रहे थे। इनमें दूल्हा-दुल्हन भी शामिल थे। जो गंभीर रूप घायल हुए हैं। घायलों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया है। मृतकों के शव पीएम के लिए सुल्तानपुर अस्पताल में रखे गए हैं, इंदौर से परिजनों के आने के बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा। एसपी पंकज कुमार पांडेय के मुताबिक हादसे में दो महिलाओं, एक बच्ची और तीन पुरुषों की मौके पर ही मौत हो गई।

**डिवाइडर से टकराई कार उज्जैन के 4 की मौत: नीमच।** नीमच-नसीराबाद हाईवे पर मप्र और राजस्थान की बॉर्डर पर सड़क हादसे में उज्जैन के चार लोगों की मौत हो गई। चित्तौड़गढ़ जिले के निंबाहेडा कोतवाली थाना क्षेत्र में बांगेड़ा मामादेव चौराहे पर यह घटना हुई। उज्जैन जिले के हिंगोरिया गांव के 7 युवक स्कॉर्पियो में सवार होकर सांवरिया सेठ के दर्शन के लिए जा रहे थे। अचानक उनकी तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पहले सड़क के डिवाइडर से टकराई। बाद में दूसरी लेन में सामने से आ रहे कंटेनर में जा घुसी। हादसे में स्कॉर्पियो में सवार गौरव कुमार पवार, अनिल भांबी, राजा और संजू भांबी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दीपक, योगेश और सुनील गंभीर रूप से घायल हुए।

## सगाई किसी से ...

लाख रुपए लड़की के पिता को दिए गए। बाकी की रकम 5 लाख 25 हजार रुपए कालू सिंह नाम के दलाल को दी गई। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये मामला जिले के लीमा चौहान थाना क्षेत्र के बुढ़नपुर गांव का है। यहां के रहने वाले कमल सिंह सोंधिया (उम्र 22 वर्ष) की शादी सुसनेर की रहने वाली लड़की से तय हुई थी। 14 अप्रैल को खिलचीपुर के लिम्बोदा गांव में सामूहिक विवाह सम्मेलन में शादी कराई गई थी। दूल्हे की ओर से पुलिस को बताया गया कि शादी के बाद सुहागरात पर जब वह कमरे गया तो दुल्हन किसी से फोन पर बात कर रही थी। वह कह रही थी कि घर वालों और कमल को नींद की गोलियां खिलाकर जेवर और पैसे लेकर भाग जाएगी। कमल ने अपनी नई नवेली दुल्हन की बातें सुनी तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। शक होने पर वह उसके पास गया और उसका घूंघट उठाया। दुल्हन का चेहरा देखकर वह हैरान रह गया। यह वह लड़की नहीं थी, जिसे दिखाकर उसकी सगाई की गई थी। कमल ने बताया कि सलोनी से रिपोर्ट करने के बारे में कहा, तो उसने रेप केस में फंसाने की धमकी भी दी।

## 4 बच्चे झुलसे...

मनीष सरेआम ( 7), नीलम रमेश सरेआम (13), अंकिता आकाश सलमे (6) और अंकित सलमे आकाश शामिल है। बच्चों के हाथ-पैर में गहरे जख्म हैं। बच्चों को अस्पताल लेकर पहुंची अंकित की मां संगीता ने बताया कि ये नदी की तरफ से खेलते हुए आ रहे थे। मैंने कहा कि बाहर धूप है। घर में ही खेलो। पीछे के कमरे में तभी धमाका हुआ। मैं भागकर वहां पहुंची।

वह काला-काला था बैटरी जैसा। वहीं परिजन आकाश ने बताया कि बच्चे बाइक की खराब बैटरी घर लेकर आए थे। उसी में विस्फोट हुआ है। डॉ. रंजित राठौर सर्जिकल स्पेशलिस्ट का कहना है कि बच्चों के हाथ-पैर में एक और आधा सेंटीमीटर के जख्म हैं। किसी बैटरी में ब्लास्ट से इस तरह की इंजुरी संभव नहीं होती है। डायनामाइट जैसी वस्तु के फटने से बच्चों को चोट आई है। इधर, टीआई अंजना धुर्वे ने बताया कि हादसे में घायल हुए बच्चे आपस में रिश्तेदार हैं। विस्फोट की बारीकी से जांच कर रहे है। देख रहे है कि इसमें कोई संदिग्ध वस्तु तो नहीं है। प्रारंभिक तौर पर यह बैटरी का विस्फोट बताया जा रहा है।

## तू है क्या चीज...

संभव कोशिश करे। रिपोर्ट के अनुसार, कोर्ट ने अपने 2 अप्रैल के आदेश में उल्लेख किया है कि आरोपी ने जज को धमकी देते हुए कहा, तू है क्या चीज... तू बाहर मिल देखता हूं कैसे जिंदा घर जाती है। न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवांगी मंगला ने आरोपी को परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 (चेक बाउंस) के तहत दंडनीय अपराध के लिए दोषी ठहराया था। उसे अगली सुनवाई की तारीख पर धारा 437 ए सीआरपीसी के तहत जमानत बांड प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था।

जज मंगला ने अपने आदेश में कहा कि दोषसिद्धि के बाद आरोपी और उसके वकील ने उन्हें धमकाया। उन्होंने उन पर अपने पद से इस्तीफा देने का दबाव बनाया। दोषसिद्धि के बावजूद उन्होंने आरोपी को बरी करने की मांग की। जज ने कहा कि धमकी और उत्पीड़न के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग के समक्ष आरोपी के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। कोर्ट ने निर्देश दिया कि न्यायाधीश सभी बाधाओं के बावजूद हमेशा न्याय के पक्ष में आवश्यक कदम उठाते हैं। इस तरह की धमकी और उत्पीड़न के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग, दिल्ली के समक्ष आरोपी के खिलाफ उचित कदम उठाएंगे। महिला जज ने दोषी के वकील अतुल कुमार को भी कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। कहा कि जज के साथ दुर्व्यवहार करने के लिए उनके खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही क्यों न शुरू की जाए।

## शाम साढ़े 5 के ....

सुबह 2 बजे तक मतदाताओं की लाइनें लगी रहीं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जब हमने उनसे वीडियोग्राफी देने के लिए कहा तो उन्होंने न केवल मना कर दिया, बल्कि उन्होंने कानून भी बदल दिया ताकि हम वीडियोग्राफी के लिए न कह सकें।

## *भाजपा ने खोला मोर्चा...*

*हजार की जमानत पर हैं, देश को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। पात्रा ने कांग्रेस द्वारा की जा रही प्रेस कॉन्फ्रेंस की तुलना चोर मचाए शोर से की।*

## अब 10 साल के ...

वर्ष की आयु सीमा और उससे ऊपर के नाबालिगों को उनकी इच्छा पर स्वतंत्र रूप से बचत/सावधि जमा खाते खोलने और संचालित करने की अनुमति दी जा सकती है। इसमें बैंक अपनी जोखिम प्रबंधन नीति को ध्यान में रखते हुए राशि और शर्त तय कर सकते हैं। इस बारे में जो भी नियम और शर्तें तय की जाती हैं, उस बारे में खाताधारक को जानकारी दी जाएगी।

**इन नियमों का करना होगा पालन:** बैंकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि नाबालिगों के खाते, चाहे वे स्वतंत्र रूप से संचालित हों या अभिभावक के माध्यम से, उनसे अधिक निकासी न हो और इसमें हमेशा राशि रहे। केंद्रीय बैंक ने बैंकों से कहा है कि वे एक जुलाई, 2025 तक संशोधित दिशानिर्देशों के अनुरूप नई नीतियां बनाएं या मौजूदा नीतियों में संशोधन करें।

## 88 साल के पोप ...

थे। पोप फ्रांसिस जेसुइट ऑर्डर से पहले पोप थे। 8वीं शताब्दी के बाद से यूरोप के बाहर से पहले पोप थे। अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में जॉर्ज मारियो बर्गोग्लियो के रूप में जन्मे पोप फ्रांसिस 1969 में कैथोलिक पादरी नियुक्त किया गया था। 28 फरवरी, 2013 को पोप बेनेडिक्ट XVI के इस्तीफे के बाद 13 मार्च को एक पोप सम्मेलन ने कार्डिनल बर्गोग्लियो को उनका उत्तराधिकारी चुना।

उन्होंने सेंट फ्रांसिस ऑफ असीसी के सम्मान में फ्रांसिस को अपना पोप नाम चुना। अब आधिकारिक शोक की 14 दिन की अवधि होगी, जिसके बाद कार्डिनल मसीह के नए विकर का चुनाव करने के लिए सम्मेलन होगा। किसी पोप का चुनाव तभी होता है, जब उन्हें दो-तिहाई कार्डिनल्स के वोट हासिल हो जाएं। यानी 120 में से 80 वोट। पोप फ्रांसिस जब जवान थे, तब उनके एक फेफड़े में संक्रमण के कारण उसे हटाना पड़ा था। इस कारण उन्हें सांस से जुड़ी बीमारियों का सामना करना पड़ रहा था। 2023 में भी उन्हें फेफड़ों में संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था।

## करुणा-विनम्रता...

आध्यात्मिक साहस के प्रतीक के रूप में याद किया जाएगा। छोटी उम्र से ही उन्होंने प्रभु मसीह के आदर्शों को साकार करने के लिए खुद को समर्पित कर दिया। उन्होंने गरीबों और वंचितों की लगन से सेवा की। जो लोग पीड़ित थे, उनके लिए उन्होंने आशा की भावना जगाई। मैं उनके साथ अपनी मुलाकातों को याद करता हूं और समावेशी और सर्वांगीण विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता से बहुत प्रेरित हुआ। भारत के लोगों के प्रति उनका स्नेह हमेशा संजोया जाएगा। उनकी आत्मा को ईश्वर की गोद में शांति मिले।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644



नाम परिवर्तन
मैं विनोद कुमार कांचले पिता सुन्दरलाल कांचले पता एस-4 मथाई नगर सी.टी.ओ. बैरागढ़ भोपाल, इसके माध्यम से सूचित करता हूँ, कि मेंने अपनी पुत्री का नाम निशिका से बदलकर निशिका कांचले रख लिया है अतः भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जावें। शपथ पत्र- दिनांक 19/04/2025 भोपाल

नाम परिवर्तन
मैं धर्मराज हेमराज बागडे पता प्लॉट न. 67, न्यु येरखेडा, साई प्रसाद सोसायटी, कामठी नागपुर इसके माध्यम से सुचित करता हूँ कि मैंने मेरे बच्चों का नाम वेनु से बदलकर वेनु धर्मराज बागडे एवं वंश से बदल कर वंश धर्मराज बागडे रख लिया है अतः भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जावे । शपथ पत्र 19/04/2025, भोपाल

नाम परिवर्तन
मै, तेजकुंवर पत्नि श्री पदम सिंह आयु 35 वर्ष, निवासी ग्राम काहिरी सीहोर, जिला सीहोर मध्यप्रदेश की निवासी हूँ। मेरे शासकीय व अशासकीय दस्तावेजो में नाम व सरनेम रूकमणी (RUKMANI) पत्नि श्री पदम सिंह (PADAM SINGH) है। व अन्य शासकीय अशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम तेजकुंवर (TEJKUWAR) पत्नि श्री पदम सिंह (PADAM SINGH) है। यह कि मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम त्रुटिवश हिन्दी व अंग्रेजी में रूकमणी (RUKMANI) पत्नि श्री पदम सिंह (PADAM SINGH) दर्ज हो गया है जबकि मेरा हिन्दी एवं अंग्रेजी में सही नाम व सरनेम तेजकुंवर (TEJKUWAR) पत्नि श्री पदम सिंह (PADAM SINGH) है। मेरा सही नाम व सरनेम तेजकुंवर (TEJKUWAR) पत्नि श्री पदम सिंह (PADAM SINGH) है। मे भवष्यि में इसी नाम व सरनेम से जानी पहचानी जाउंगी।

नाम परिवर्तन
मैं संजय खडसे आत्मज श्री नारायण राव खडसे आयु 56 वर्ष, निवासी म.न. 209, राजेन्द्र नगर वार्ड क. 29. बैतूल. जिला बैतूल मध्यप्रदेश का निवासी हूँ। मेरे शासकीय व अशासकीय दस्तावेजों में नाम व सरनेम अनिल खडसे (ANIL KHADSE) पुत्र श्री नारायण राव खडसे (NARAYAN RAO KHASDE) है। व अन्य शासकीय अशासकीय दस्तावेजों मे मेरा नाम संजय खडसे (SANJAY KHADSE) पुत्र श्री नारायण राव खडसे (NARAYAN RAO KHADSE) है। यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश हिन्दी व अंग्रेजी में अनिल खडसे (ANILKHADSE) दर्ज हो गया है जबकि मेरा हिन्दी एवं अंग्रेजी में सही नाम व सरनेम संजय खडसे (SANJAY KHADSE) है। मेरा सही नाम संजय खडसे (SANJAY KHADSE) पुत्र श्री नारायण राव खडसे (SANJAY) है। मे भवष्यि में इसी नाम व सरनेम से जाना पहचाना जाउंगा।



सेक्स समस्याओं का प्रभावशाली समाधान
शुगर, बी.पी. मे भी लाभदायक
जोश जगा दे धूम मचा दे
100% आयुर्वेदिक
तुरंत असर
18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
जोश, ताकत, टाइमिंग, स्टैमिना, साईज बढाये
शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, नपुंसकता कमजोरी छोटापन व पतलापन के लिए विशेष लाभदायक।
लाभ नही तो पैसा वापस
दवा घर बैठे मंगाये व संपर्क करें-
09134994061
R- 22/04/25 to 16/06/25 not = April 27,29 may = 4,11,12,18,25, june=1,8,15

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644
प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** – परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**वृष** – कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** – लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कर्क** – सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

**सिंह** – कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

**तुला** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

**वृश्चिक** – पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** – जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** – नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

## शब्द पहेली - 5844



**बाएँ से दाए**
1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**
1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

**शब्द पहेली - 5843 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | स | ह | नी | य | ■ | ■ | क | लि | का | ■ |
| प | र | ■ | ला | ■ | सा | ग | र | ■ | बु | आ |
| ह | ■ | ■ | प | ह | रा | ■ | ण | ■ | ■ | खे |
| र | स | खा | न | ■ | ■ | म | ■ | क | प | ट |
| ण | ■ | लि | ■ | न | भ | च | र | ■ | रा | ■ |
| ■ | आ | स | ■ | सी | ■ | ल | ■ | ग | स्त | ■ |
| ■ | रा | ■ | प | ह | न | ना | ■ | रु | ■ | ड |
| शा | म | त | ■ | त | ■ | ■ | ता | र | ता | र |
| य | ■ | ■ | तै | ■ | जा | हि | र | ■ | ■ | ल |
| द | म | ■ | र | सी | ला | ■ | पी | ■ | ज | ग |
| ■ | न | गी | ना | ■ | ■ | म | न | भ | र | ना |

## सूडोकु नवताल - 5854

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5853 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

# सोना और चांदी एक लाख रुपए की दहलीज पर

## विदेशी बाजारों में सोने का भाव 3400 डॉलर के पार

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

स्थानीय बाजार में सोने-चांदी के भाव आम आदमी की पहुंचे से बाहर हो गए है। सोने-चांदी के भाव अब एक लाख रुपए प्रति दस ग्राम की दहलीज पर पहुंच गया है। यह हुआ है ट्रंप प्रशासन के टैरिफ वार से चल रहे व्यापार तनाव, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और कमजोर डॉलर के कारण।



**आम आदमी की पहुंच से बाहर सोना चांदी**

मौजूदा समय में सोने और चांदी की कीमतों में काफी उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। ट्रंप प्रशासन के टैरिफ वार से अब तक सोने में 25 फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। राजधानी भोपाल में सोमवार को सोने की कीमत एक लाख रुपए की दहलीज पर पहुंच गई। स्थानीय सराफा कारोबारी नवनीत अग्रवाल के अनुसार विदेशी बाजारों में सोना के भाव 3400 डालर के पार होने जाने का असर स्थानीय घरेलू बाजारों में बतौर दोनों ही मूल्यवान धातुओं के भाव में तेजी के रूप में दिखा। अग्रवाल के अनुसार सराफा चौक बाजार में 24 कैरेट सोना 99600 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया है तो वहीं चांदी पाट 99000 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर बोली गई।

उनके अनुसार गत शुक्रवार को सोन 98600 रुपए प्रति दस ग्राम और चांदी 97500 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। लेकिन सोमवार को बाजार तेजी के साथ खुले और खबर लिखे जाने तक स्थानीय सराफा बाजार में सोना 1 हजार रुपए तेजी के साथ 99600 रुपए प्रति दस ग्राम और चांदी 1500 रुपए की तेजी के साथ 99000 रुपए किलोग्राम बोली गई।

### 40-45 फीसदी गहनों की खरीद एक्सचेंज के जरिए

*कारोबारियों के अनुसार दोनों की बहुमूल्य धातुओं के भाव रिकार्ड स्तर पर होने से यह आम आदमी की पहुंच के बाहर हो गया है। अतः वैवाहिकी घरों के लोगों गहनों की खरीदी का टेंड बदला है। बताया जा रहा है कि वर्तमान में गहनों की कुल खरीदारी में से 40-45 फीसदी एक्सचेंज के रूप में हो रही है। उपभोक्ता पुराने गहनों को बेचकर या बदलकर नए डिजाइन वाले गहने खरीदने में ज्यादा रुचि दिखा रहे हैं। शादी-ब्याह जैसे जरूरी मौकों पर खरीदारी जारी है, लेकिन आम उपभोक्ता केवल जरूरत के अनुसार ही खरीद कर रहे हैं।*

### सोने में रीसाइक्लिंग का चलन बढ़ा

*कारोबारी आनंद सोनी के अनुसार मौजूदा हालात में 60 फीसदी से अधिक ग्राहक अपने पुराने गहनों को पिघलवाकर नए बनवा रहे हैं। इससे उन्हें केवल मेकिंग चार्ज देना पड़ता है, जिससे कुल खर्च थोड़ा कम हो जाता है। हालांकि पुराने गहने बेचने पर जीएसटी, मेकिंग चार्ज कटौती और मूल्य कटौती के कारण मिलने वाली राशि कम हो जाती है। नए गहने खरीदते समय ग्राहकों को 10–25 फीसदी तक मेकिंग चार्ज और 3 फीसदी जीएसटी का भुगतान करना होता है। ऐसे में बहुत से लोग एक्सचेंज को एक बेहतर विकल्प मान रहे हैं।*

---

### काराकल और आईकॉम ने हैदराबाद में किया आधुनिक शस्त्र निर्माण सुविधा का उद्घाटन

## असॉल्ट राइफल, स्नाइपर राइफल और पिस्तौल जैसे शस्त्रों का होगा उत्पादन




एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

संयुक्त अरब अमीरात की प्रमुख शस्त्र निर्माता कंपनी काराकल और भारत की प्रमुख रक्षा कंपनी आईकॉम ने हैदराबाद में एक आधुनिक शस्त्र निर्माण सुविधा का उद्घाटन किया है। इस सुविधा के तहत काराकल के शस्त्रों का स्थानीय उत्पादन किया जाएगा, जिससे भारत की रक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलेगी। इस सुविधा में




असॉल्ट राइफल, स्नाइपर राइफल और पिस्तौल जैसे विभिन्न शस्त्रों का उत्पादन किया जाएगा। यह सुविधा भारत की आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देने में मदद करेगी।

### भारत में शस्त्र उत्पादन की क्षमता बढ़ेगी

*काराकल और आईकॉम के बीच हुए समझौते के तहत काराकल अपनी प्रौद्योगिकी और विशेषज्ञता आईकॉम के साथ साझा करेगी, जिससे भारत में शस्त्र उत्पादन की क्षमता बढ़ेगी। इससे भारत की रक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलेगी और देश की आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।*

### विदेशी मुद्रा की बचत करने में भी मदद मिलेगी

*इस सुविधा के उद्घाटन से भारत को अपनी रक्षा आवश्यकताओं के लिए विदेशी मुद्रा की बचत करने में भी मदद मिलेगी। काराकल और आईकॉम दोनों कंपनियां इस सुविधा को और भी विस्तार देने की योजना बना रही हैं, जिससे भारत में शस्त्र उत्पादन की क्षमता और भी बढ़ सके।*

---

### सोरोग्रिट टैबलेट और दिव्य तेल सोरायसिस की अचूक औषधि : आचार्य बालकृष्ण

चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में पतंजलि की बड़ी उपलब्धि

## पतंजलि को सोरायसिस के आयुर्वेदिक उपचार में मिली सफलता, रिसर्च में सामने आया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

सोरायसिस एक पुराना और तकलीफदेह त्वचा रोग है, जिससे दुनिया भर में लाखों लोग पीड़ित हैं। यह एक ऑटो इम्यून डिजीज है, जिसमें शरीर की रोग प्रतिरोधक प्रणाली खुद ही त्वचा पर हमला करने लगती है, जिससे त्वचा पर लाल चकत्ते, खुजली और सफेद-सी परतें बनने लगती हैं। आमतौर पर इसका इलाज एलोपैथी में सिर्फ लक्षणों को दबाने तक सीमित होता है, जिससे मरीज को आराम तो मिलता है, लेकिन लंबे समय तक इसका समाधान नहीं होता। लेकिन अब पतंजलि आयुर्वेद में इस बीमारी के इलाज को लेकर उम्मीद की एक किरण जगी है।

**टेलर और फ्रांसिस समूह के रिसर्च जर्नल ऑफ इंफ्लेमेशन रिसर्च में प्रकाशित किया**

पतंजलि की दवाओं से इस बीमारी का इलाज किया जा सकता है। पतंजलि रिसर्च इंस्टीट्यूट की ओर से किए गए शोध को विश्व प्रसिद्ध टेलर और फ्रांसिस समूह के रिसर्च जर्नल ऑफ इंफ्लेमेशन रिसर्च में प्रकाशित किया गया है। यह शोध बताता है कि पतंजलि की ओर से तैयार की गई सोरोग्रिट टैबलेट और दिव्य तेल सोरायसिस बीमारी के इलाज में प्रभावशाली साबित हुई हैं। पतंजलि के आचार्य बालकृष्ण ने बताया कि पतंजलि के वैज्ञानिकों ने लंबे समय से शोध करके सोरायसिस की जड़ तक पहुंचने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि सोरायसिस एक दीर्घकालिक त्वचा रोग है, जिसमें त्वचा पर चांदी जैसी चमकदार पपड़ी और लाल चकत्ते दिखाई देते हैं। इन चकत्तों में बहुत खुजली होती है। गौरतलब है कि सोरायसिस एक गम्भीर ऑटो इम्यून रोग है जिसमें रोगी को असहनीय परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अभी तक इसका कोई स्थाई उपचार नहीं था। अब पतंजलि ने सिद्ध कर दिया है कि प्राकृतिक जड़ी-बूटियों के माध्यम से सोरायसिस जैसे लाइलाज समझे जाने वाले रोग को भी ठीक किया जा सकता है। सोरोग्रिट और दिव्य तेल दोनों ही आयुर्वेदिक औषधियों पर आधारित हैं। इसमें प्रयुक्त जड़ी-बूटियां त्वचा की सूजन को कम करती हैं, त्वचा की मृत कोशिकाओं को हटाने में मदद करती हैं और शरीर की रोग प्रतिरोधक प्रणाली को संतुलित करती हैं। यह इलाज ना केवल लक्षणों को कम करता है, बल्कि रोग की जड़ पर काम करता है, जिससे दीर्घकालिक राहत संभव हो पाती है।

### एलोपैथी की तुलना में सुरक्षित विकल्प

*एलोपैथिक दवाएं जहां लक्षणों को दबाने पर जोर देती हैं। वहीं उनके कई साइड इफेक्ट्स भी देखने को मिलते हैं, जबकि पतंजलि द्वारा तैयार यह आयुर्वेदिक उपचार प्राकृतिक है और इसके कोई दुष्प्रभाव नहीं बताए गए हैं. इससे मरीज को शरीर और मन दोनों स्तर पर संतुलन मिलता है।*

### आयुर्वेद का बढ़ता वैश्विक महत्व

*इस शोध के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित होने से यह सिद्ध होता है कि आयुर्वेद अब केवल भारत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरी दुनिया में इसका वैज्ञानिक आधार और प्रभावी परिणाम पहचाने जा रहे हैं। यह भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धति के लिए एक बड़ा सम्मान है।*

---

### नेपाल के रास्ते आ रहा सोयाबीन-पाम ऑयल

## व्यापारियों ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह को लिखा पत्र, की हस्तक्षेप की मांग



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

खाद्य तेल के व्यवसाय से जुड़े लोगों का आरोप है कि नेपाल से भारत में तेल आयात पर शुल्क नहीं लगने के कारण कई ऐसे देश जिन पर इंपोर्ट ड्यूटी लगी है, वे नेपाल को एक चैनल की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं और नेपाल के रास्ते खाद्य तेल भारत पहुंचा रहे हैं।

नेपाल से आया तेल सस्ता होने के कारण घरेलू किसानों और व्यापारियों को कीमत कम होने से घाटा उठाना पड़ रहा है। इतना ही नहीं व्यापारियों को भी कीमतों में प्रतिस्पर्धा करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए भारतीय वनस्पति तेल उत्पादकों के संघ (आईवीपीए) ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह को पत्र लिखकर इसमें हस्तक्षेप की मांग की है। आईवीपीए ने सरकार से मांग की है कि वह आयात करने वालों पर लागू शुल्क अंतर के बराबर बैंक गारंटी लगाए, ताकि मूल स्थान के नियम के दिशा-निर्देशों का हो रहा है, यह सुनिश्चित हो सके। रिफाइंड ऑयल पर कृषि अवसंरचना और विकास उपकर 5 फीसदी से 10 से 15 फीसदी करने की मांग की है। इसके अलावा वह नैफेड जैसी एर्जेसियों के जरिए आयात को चैनलाइज करें और आयात की मात्रा पर लिमिट लगाए। उल्लेखनीय है कि भारत तिलहन फसलों के बंपर उत्पादन और खाद्य तेल उत्पादन के बाद भी मांग पूरी करने के लिए बड़ी मात्रा में इसका आयात करता है। इस पर सरकार का काफी धन खर्च होता है। खाद्य तेल के शुल्क मुक्त आयात के कारण यहां के किसानों को अपनी फसल का सही दाम नहीं मिलता, इसलिए सरकार ने ज्यादातर देशों से इसके आयात पर शुल्क लगाकर रखा है, लेकिन नेपाल इस लिस्ट में शामिल नहीं और अब यहां के खाद्य तेल व्यापार के लिए यह चुनौतियां पैदा कर रहा है।

---

## बिजनेस न्यूज

### मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण



**भोपाल।** मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के विधि संकाय के विद्यार्थियों ने मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विधान सभा की कार्यवाही को नजदीक से देखा और संसदीय प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। भ्रमण का आयोजन मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के कुलगुरू डॉ. एएस यादव के संरक्षण में किया गया। इस दौरान विधानसभा प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह यादव ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद करते हुए राज्य की राजनीतिक संरचना और लोकतांत्रिक प्रकिया के विषय में गहराई से बताया। विधि संकाय की डीन डॉ.ताई चौरसिया ने बताया कि विद्यार्थियों ने भ्रमण के दौरान राज्य की राजनीति, विधिक प्रक्रिया और उनके महत्व के बारे में जाना। इस दौरान विद्यार्थियों ने समाज और देश के प्रति जिम्मेदार बनने की प्रेरणा भी हासिल की। भ्रमण के सफल आयोजन हेतु मानसरोवर ग्रुप के चीफ एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर गौरव तिवारी ने शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान विधि संकाय से डॉ. राजवेंद्र चौधरी, डॉ. योगेश वामनकर, तन्मय दुबे सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

### एयरटेल की स्पैम के खिलाफ लड़ाई तेज, 10 भाषाओं में अलर्ट शुरू

**भोपाल।** भारती एयरटेल ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) संचालित स्पैम डिटेक्शन टूल के जरिए 27.5 अरब कॉल को स्पैम के रूप में चिन्हित करने के बाद अब इस तकनीक को और मजबूत करते हुए दो नई सुविधाएं लांच की हैं, जिनमें अंतरराष्ट्रीय कॉल और एसएमएस तक स्पैम अलर्ट कवरेज का विस्तार और 10 भारतीय भाषाओं में स्पैम अलर्ट देने की सुविधा शामिल है।




अब ग्राहकों को कॉल और संदेश के लिए स्पैम अलर्ट उनकी मनचाही भारतीय भाषाओं में मिलेगा। यह नई सुविधा प्रारंभ में दस क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध होगी और भविष्य में अन्य भाषाओं को भी जोड़ा जाएगा। एयरटेल का एआई आधारित टूल अब अंतरराष्ट्रीय नेटवर्कों से आने वाली सभी स्पैम कॉलों और संदेशों की पहचान कर उपभोक्ताओं को अलर्ट करेगा। सिद्धार्थ शर्मा, निदेशक मार्केटिंग एवं सीईओ– कनेक्टेड होम्स, भारती एयरटेल ने कहाकि हम जो कुछ भी करते हैं, उसमें ग्राहक और उनकी प्रतिक्रिया केंद्र में होती है। ग्राहकों की राय का गहराई से विश्लेषण करने के बाद, हमने अपने समाधानों को भारत की भाषाई विविधता के अनुरूप और अधिक सक्षम बनाया है।

### नाकोडा ग्रुप ड्रिंक्स और बेवरेज सेगमेंट में करेगा विस्तार

**नई दिल्ली।** नाकोडा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज ने अब ड्रिंक्स और बेवरेज सेगमेंट में विस्तार की रणनीतिक घोषणा की है। कंपनी अब मिनरल वॉटर, एरेटेड ड्रिंक्स और नॉन-अल्कोहॉलिक बेवरेज जैसे उत्पादों को अपनी रेंज में शामिल करेगी। यह कदम कंपनी की उत्पाद विविधीकरण और बाजार में अपनी स्थिति मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा है। कंपनी फूड एंड बेवरेज इंडस्ट्री में फलों, नट्स, बेकरी उत्पादों और विभिन्न कृषि उत्पादों के निर्माण, प्रसंस्करण और व्यापार में सक्रिय है। इसके अलावा, कंपनी अपने नए बेवरेज उत्पादों को 'नोकंट्रोल' ब्रांड नाम से लांच करेगी। रणनीतिक रूप से नागपुर में स्थित अपने मुख्यालय के साथ—जिसे भौगोलिक रूप से भारत का हृदय माना जाता है। भारत के फूड प्रोसेसिंग सेक्टर का बाजार आकार 2035 तक 1,100 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। कंपनी के ब्लू-चिप ग्राहकों में ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड, पारले एग्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, हल्दीराम्स आदि शामिल हैं।

### एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ने मनाया 43वां स्थापना दिवस



**नई दिल्ली।** एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई) ने 43वां स्थापना दिवस मनाया। गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने वर्चुअली उपस्थित हुए। इसके अलावा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. पिरुज खंबाटा, चेयरमैन - रसना ग्रुप एवं काउंसल जनरल, दक्षिण कोरिया (गुजरात), सुनील अंचीपाका, आईएएस, सचिव (उद्योग), गोवा, बीएसपाई आंगले, मैनेजिंग डायरेक्टर, ईडीसी लिमिटेड, गोवा, दिनेश सिंह रावत, चीफ जनरल मेनेजरएवं जोनल हेड (अहमदाबाद जोन), आईडीबीआई बैंक लिमिटेड, अहमदाबाद (एवं गवर्निंग बोर्ड मेम्बर, ईडीआईआई) तथा डॉ. सुनील शुक्ला, डायरेक्टर जनरल, ईडीआईआई शामिल रहे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने वर्चुअली संबोधित करते हुए गुजरात के अद्वितीय विकास मॉडल की सराहना की और देश व बाहर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए ईडीआईआई की भूमिका की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक अग्रणी स्टार्टअप राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है और इस दिशा में ईडीआईआई का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। गोवा, 'विकसित भारत' और 'विकसित गुजरात' की परिकल्पना के अनुरूप एक मजबूत स्टार्टअप-केंद्रित इकोसिस्टम स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रहा है, ताकि 'विकसित गोवा' के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

### वेटेक ने एक्सपीरिएंस सेंटर लांच कर भारत में विस्तार को दी गति

**नई दिल्ली।** स्विस तकनीक क्षेत्र की अग्रणी कंपनी वे टेक्नोलॉजी (वेटेक) इंडिया लिमिटेड ने भारत में अपने विस्तार को गति देते हुए नई दिल्ली में अपने दूसरे इंडिया एक्सपीरिएंस सेंटर का शुभारंभ किया। कंपनी ने सोमवार को बयान जारी कर बताया कि यह सेंटर कंपनी के मिशन-क्रिटिकल तकनीकी समाधानों को लाइव प्रदर्शित करने के लिए तैयार किया गया है, जो ट्रेडिंग फ्लोर्स, कमांड एंड कंट्रोल रूम और सुरक्षा अभियान केंद्रों जैसे उच्च प्रदर्शन वातावरणों की जरूरतों को पूरा करेगा।

---

### एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी की उपलब्धि

## गन्ने के रस से हाइड्रोजन उत्पन्न करने की एक विशेष प्रक्रिया विकसित की

एजेंसी ▶▶ पुणे



एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी ने पृथ्वी दिवस (22 अप्रैल) से पहले सतत ऊर्जा अनुसंधान में दो प्रमुख प्रगति की घोषणा की है। गन्ने के रस से सीधे हरित हाइड्रोजन (ग्रीन हाइड्रोजन) उत्पन्न करने की एक अनोखी प्रक्रिया और एग्रो-वेस्ट आधारित हेटेरोजीनियस कैटालिस्ट का उपयोग करते हुए बायोडीजल उत्पादन के लिए एक अभिनव बैच रिएक्टर प्रणाली। ये दोनों विकास भारत की हरित ऊर्जा संक्रमण और सतत भविष्य की दिशा में एमआईटीडब्ल्यूपीयू की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

विश्वविद्यालय ने गन्ने के रस से सूक्ष्मजीवों की सहायता से हाइड्रोजन उत्पन्न करने की एक विशेष प्रक्रिया विकसित की है, जो कार्बन डाइऑक्साइड को भी एसिटिक एसिड में परिवर्तित करती है, जिससे यह प्रक्रिया और अधिक सतत बन जाती है। यह शोध भारत सरकार के ग्रीन हाइड्रोजन मिशन का समर्थन करता है और चीनी उद्योगों को हाइड्रोजन उत्पादन का अवसर देता है, जिससे आयातित जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम हो सकती है। इस तकनीक के लिए पेटेंट पहले ही दायर किया जा चुका है और परियोजना प्रस्ताव को नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय को फंडिंग के लिए प्रस्तुत किया गया है।ग्रीन हाइड्रोजन पर उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना का प्रस्ताव भी एमएनआरई को भेजा गया है।

डॉ. भारत काले, एमेरिटस प्रोफेसर और मैटेरियल साइंस केंद्र के निदेशक ने बताया कि हमारी बायोप्रोसेस तकनीक कमरे के तापमान पर गन्ने का रस, समुद्री जल और अपशिष्ट जल का उपयोग कर कार्य करती है, जिससे वैश्विक स्तर पर हाइड्रोजन लागत को 1 डालर प्रति किलोग्राम तक लाने के प्रयासों को बल मिलता है। पारंपरिक जल-विच्छेदन विधियों की तुलना में यह प्रक्रिया मूल्यवान उप-उत्पाद उत्पन्न करती है, जिससे शून्य अपशिष्ट सुनिश्चित होता है और यह भारत की ऊर्जा रूपांतरण यात्रा के लिए एक व्यवहारिक समाधान बनती है। हम इस तकनीक को लैब स्तर पर विकसित करने और उद्योगों को हस्तांतरण के लिए भागीदारों की तलाश कर रहे हैं। हाइड्रोजन भंडारण के लिए मेटालो-ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क का उपयोग कर अनुसंधान कार्य भी प्रगति पर है, जिसमें सीओ2 कैप्चर पर भी विशेष ध्यान दिया गया है।विश्वविद्यालय का लक्ष्य उद्योगों को इस तकनीक के स्केल-अप में सहयोग करना है, और यह अगले एक वर्ष के भीतर व्यावसायिक रूप से सक्षम हो सकती है। इस परियोजना का नेतृत्व डॉ. सागर कानेकर, डॉ. भारत काले, डॉ. आनंद कुलकर्णी, प्रो. निरज टोपरे, डॉ. संतोष पाटिल, डॉ. देव थापा, डॉ. बिस्वास और डॉ. रत्नदीप जोशी कर रहे हैं।

### भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स की सदस्यों से अपील

## जमा करें गतिविधि शुल्क नहीं तो मतदान से होंगे वंचित

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी के व्यापारियों की शीर्ष संस्था भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (बीसीसीआई) ने आगामी चुनाव जुलाई-अगस्त माह में हो सकते है। इसके पूर्व बीसीसीआई ने 30 जून तक चेंबर के सभी सदस्यों से गतिविधि शुल्क जमा करने की अपील की है। गौरतलब है कि भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स के अप्रैल माह के कार्यकारिणी की बैठक बीते दिन संपन्न हुई। बैठक में संस्था के आगामी चुनाव के विषय पर चर्चा के उपरांत यह निर्णय लिया गया कि भोपाल चेंबर के सदस्यों को गतिविधि शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून 2025 होगी।

बीसीसीआई के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली ने भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज अपने सदस्यों से आग्रह किया है कि जिन सदस्यों का गतिविधि शुल्क बकाया है वो दिनांक 30 जून 2025 के पूर्व जमा करवाएं। अन्य होने वाले आगामी चेंबर के चुनाव में मतदान नहीं कर सकेंगे।

---

### डिजिटल सुविधाओं वाली जमाओं पर 2.5 प्रतिशत अतिरिक्त राशि रखें बैंक : आरबीआई

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों को निर्देश दिया कि वे अगले साल एक अप्रैल से इंटरनेट और मोबाइल बैंकिंग की सुविधाओं से युक्त खुदरा और छोटे व्यावसायिक ग्राहकों की जमा पर बफर के रूप में 2.5 प्रतिशत अतिरिक्त नकदी निर्धारित करें ताकि दबाव के समय किसी भी संभावित जोखिम से बचा जा सके। आरबीआई ने पिछले साल जुलाई में पांच प्रतिशत अतिरिक्त 'रन-ऑफ फैक्टर' का प्रस्ताव किया था। इसका मतलब जमाराशि के उस प्रतिशत से है, जिसे बैंक दबाव के समय में वापस लिए जाने की अपेक्षा करता है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बिंदिया पत्नी** बहादुर **निवास** गाँव कड़िया, थाना पचोर, तहसील नरसिंह गढ़, जिला राजगढ़, एम.पी. ने **FIR. No.726/16 U/s 379/411 IPC. थानाः राजौरी गार्डन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **बिंदिया** मिल नही रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **बिंदिया** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No.726/16 U/s 379/411 IPC. थानाः राजौरी गार्डन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **बिंदिया** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
शशांक नन्दन भट्ट
जेएमएफसी (पश्चिम), कमरा नं. 356
तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली

DP/4946/WD/2025
(Court Matter)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार (श्री अनंत सिंह ठाकुर) द्वारा (मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, शाखा अवधपुरी, भोपाल, म.प्र.) से ऋण प्राप्त करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये है। जिसमें सम्पत्ति मालिक श्री अनंत सिंह ठाकुर आ. श्री मौजीलाल ठाकुर, निवासी-म.नं.-33, अमृतपुरी, फेस-2, तन्वी स्टेट, खजूरी कलां, भोपाल, म.प्र.) के स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य का पक्का आर.सी.सी. छतदार व्यवसायिक दुकान नं.-07 भूतल जो कि खसरा नं.-207/1 क, 207/1 ख, पर निर्मित बहुमंजिला भवन, "सरला पैरेडाईज" में स्थित है जो कि ग्राम खजूरी कलां, तह.- हुजूर, जिला-भोपाल में नगर निगम सीमा के वार्ड नं.-60, में स्थित है, उक्त व्यवसायिक दुकान का क्षेत्रफल 9.728 वर्गमीटर है, जिसकी चतुर्थ सीमाऐं निम्नानुसार है- दिशा पूर्व में दुकान नं.-06, दिशा पश्चिम में अन्य की सम्पत्ति, दिशा उत्तर में अन्य की संपत्ति, दिशा दक्षिण में-कॉलोनी रोड, है। यदि उक्त दुकान पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय, अशासकीय, सहकारी सोसायटी, एवं अन्य कोई ऋण भार, दान, बंधक, अथवा उक्त दुकान में कोई हित हो तो इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता या अभिकर्ता के माध्यम से मय दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करे। यदि उक्त निर्धारित समयावधि निकल जाने के पश्चात् किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। तथा मेरा पक्षकार द्वारा उक्त दुकान पर ऋण प्रदान कर दिया जावेगा। और ऐसी स्थिति में कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी।

भवदीय **लक्ष्मीनारायण चौहान**
कार्या. पता चेम्बर नं.-213, उत्तमचंद इसराणी लॉयर्स चेम्बर, जिला न्यायालय के पीछे, अरेरा हिल्स भोपाल, म.प्र., मो. नं.-9826245514

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार (श्री प्रेमलाल इक्का) द्वारा (मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, शाखा-अवधपुरी, भोपाल, म.प्र.) से आवास ऋण प्राप्त करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये है। जिसमें सम्पत्ति मालिक-श्री प्रेमलाल इक्का आ. श्री सिल्वानस इक्का, निवासी-म.नं.- म.नं.-एलआईजी-105, राजीव नगर, बी-सेक्टर, अयोध्या बायपास रोड, भोपाल, म.प्र. के स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य का एक किता आवासीय मकान नं.-एल.आई.जी-579, फेस-5, भाग-2, अयोध्या नगर, तह. हुजूर, भोपाल, म.प्र. में स्थित है उक्त मकान का कुल क्षेत्रफल-73.20 वर्गमीटर अर्थात् 787.63 वर्गफीट है। एवं बिल्टअप एरिया 39.50 वर्गमीटर अर्थात 425.02 वर्गफीट है। जिसकी चतुर्थ सीमाऐं निम्नानुसार है- दिशा पूर्व में एल.आई.जी-578, दिशा पश्चिम में-एल.आई.जी-580, दिशा उत्तर में-एल.आई.जी-610, दिशा दक्षिण में 6.00 मीटर चौड़ा रोड, है। यदि उक्त मकान पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय, अशासकीय, सहकारी सोसायटी, एवं अन्य कोई ऋण भार, दान, बंधक, अथवा उक्त मकान में कोई हित हो तो इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता या अभिकर्ता के माध्यम से मय दस्तावेजों के सांथ आपत्ति प्रस्तुत करे। यदि उक्त निर्धारित समयावधि निकल जाने के पश्चात् किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। तथा मेरा पक्षकार द्वारा उक्त मकान पर आवास ऋण प्रदान कर दिया जावेगा। और ऐसी स्थिति में कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी।

भवदीय **लक्ष्मीनारायण चौहान**
कार्या. पता चेम्बर नं.-213, उत्तमचंद इसराणी लॉयर्स चेम्बर, जिला न्यायालय के पीछे, अरेरा हिल्स भोपाल, म.प्र., मो. नं.-9826245514

## चिंतन

# लोकसेवा को भ्रष्टाचारमुक्त व जवाबदेह बनाने की जरूरत

सरकार चाहे नीतियां बनाएं या बजट, तीन बातों को ध्यान में रखकर काम करती है। अल्प अवधि यानी तत्काल की जरूरत, मध्य अवधि की आवश्यकता और दीर्घ अवधि की योजना। कार्ययोजना चालू वर्ष, अगले तीन वर्ष और पांच वर्ष के लिए तैयार की जाती है। पिछले एक दशक से सरकार कुछ इसी पैटर्न पर काम कर रही है। सरकार ने लंबी अवधि योजना के तहत वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य भी अपने लिए रखा है। लेकिन सभी स्तर की योजनाओं के क्रियान्वयन में लोक सेवक या प्रशासनिक अधिकारियों की अहम भूमिका है। भारत की विकास यात्रा और नीति निर्माण में लोक सेवक रीढ़ की भूमिका निभाते हैं। यह खासियत भी है और कमियां भी हैं। योग्य व श्रेष्ठ ब्रेन लोक सेवा में आते हैं, लेकिन हमारी प्रशासनिक कार्यप्रणाली में इतनी जड़ता, बाबूइज्म, सुस्ती व भ्रष्टाचार हैं कि नीति निर्माण से लेकर उसके क्रियान्वयन तक की प्रक्रिया अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाते हैं। आजादी के बाद से ही अंग्रेजी ढर्रे पर चल रहे प्रशासनिक ढांचे में समय समय पर यूं तो अनेक बार सुधार किए गए हैं, इसके बावजूद इसका मूल चरित्र लोकोन्मुखी नहीं हो सका है। देश के प्रशासनिक ढांचे में व्यापक सुधार की आवश्यकता है। 21 अप्रैल को हर वर्ष सिविल सेवा दिवस मनाया जाता है, इस दिन लोक सेवकों को अपने कामकाज का अवलोकन करने का अवसर मिलता है। देश के पहले गृहमंत्री लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने वर्ष 1947 में इसी दिन दिल्ली के मेटकाफ हाउस में परिवीक्षाधीन प्रशासनिक सेवा अधिकारियों को संबोधित किया था और लोक सेवकों को 'भारत का स्टील फ्रेम' कहा था। देश का प्रशासनिक ढांचा आज भी स्टील फ्रेम की तरह मजबूत है, लेकिन भारतीयता, स्थानीय जरूरत, स्वदेशी ढांचा, पारदर्शिता, जवाबदेही, समयबद्धता, गतिशीलता जैसे लक्षणों से दूर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय प्रशासनिक ढांचे की जड़ता की ओर ध्यान दिलाते हुए विज्ञान भवन में लोक सेवकों के साथ अपने संवाद में दो टूक कहा कि, 'भारत की नौकरशाही और नीति निर्माण प्रक्रिया पुराने ढर्रे पर नहीं चल सकती।' पीएम ने औद्योगीकरण और उद्यमिता की गति को नियंत्रित करने वाले नियामक के रूप में नौकरशाही की पुरानी भूमिका का जिक्र करते हुए इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्र इस मानसिकता से आगे बढ़ चुका है और अब ऐसा माहौल बना रहा है जो आम नागरिकों के बीच उद्यमिता को प्रोत्साहित करता है एवं उन्हें बाधाओं से निपटने में मदद करता है। इसलिए सिविल सेवाओं को अपने में बदलाव कर नियम पुस्तिकाओं का मात्र रखवाला न बनकर, विकास का सूत्रधार बनना चाहिए। देश का शासन मॉडल अब अगली पीढ़ी के सुधारों पर केंद्रित है तथा सरकार एवं आम नागरिकों के बीच की खाई को पाटने के लिए प्रौद्योगिकी एवं नई प्रक्रियाओं का सहारा लिया जा रहा है। हाल के वर्षों में सरकार ने नागरिक सशक्तिकरण, सेवा वितरण में सुधार, डिजिटल गैप को पाटने व प्रशासनिक क्षमता में वृद्धि के लिए कदम उठाए हैं। सिविल सेवा को दक्ष, प्रतिस्पर्धी और प्रभावी बनाने के लिए मिशन कर्मयोगी, लेटरल एंट्री, ई-समीक्षा, ई-ऑफिस, सिटीज़न चार्टर, सुशासन सूचकांक जैसे उपाय किए गए हैं। इन सुधारों का मुख्य उद्देश्य लोकसेवा को अधिक कुशल, पारदर्शी, भ्रष्टाचार मुक्त और जवाबदेह बनाना है। हालांकि 1966 और 2005 के प्रशासनिक सुधार आयोगों की सिफारिशें अभी भी लागू होने का इंतजार कर कर रही हैं। सिविल सेवकों के कामकाज व सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का सोशल ऑडिट आवश्यक है। सिविल सेवा को अधिक जवाबदेह, लोकोन्मुख और परिणामोन्मुखी बनाने की आवश्यकता है।

# यूएस से कारोबार की नई उम्मीदें




वेंस की यात्रा
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

**अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा पर पूरे देश और दुनिया की निगाहें लगी हुई हैं। इस दौरान वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ शुल्क के मुद्दे और भारत-अमेरिका के द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिए जाने के मद्देनजर बातचीत को तेजी से आगे बढ़ाने सहित भारत-अमेरिका संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर भी वार्ता होगी। उम्मीद करें कि वेंस की भारत यात्रा के दौरान भारत के साथ शुल्क के मुद्दे और भारत-अमेरिका के बीच हुए नए कारोबार समझौते को वर्ष 2025 के अंत तक अंतिम आकार दिए जाने के लक्ष्य के मद्देनजर लाभप्रद होगी। साथ ही इससे भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार का नया दौर आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा।**

इक्कीस से 24 अप्रैल तक अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा पर पूरे देश और दुनिया की निगाहें लगी हुई हैं। इस दौरान वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ शुल्क के मुद्दे और भारत-अमेरिका के द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिए जाने के मद्देनजर बातचीत को तेजी से आगे बढ़ाने सहित भारत-अमेरिका संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर भी वार्ता होगी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 18 अप्रैल को प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के करीबी सहयोगी और अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क के बीच प्रौद्योगिकी और नवाचार में साझेदारी तथा आपसी कारोबार हित संबंधी मुद्दों पर प्रभावी चर्चा हुई है।

गौरतलब है कि विगत 13 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप के बीच व्हाइट हाउस में हुई द्विपक्षीय वार्ता के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप एक हाथ से देने और दूसरे से लेने में कामयाब दिखाई दिए हैं। इस वार्ता के दौरान भारत और अमेरिका ने व्यापार निवेश, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र में कारोबार तथा वैश्विक व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने पर आधारित नए द्विपक्षीय कारोबार समझौते की रूपरेखा पर सहमति जताई है। दोनों देशों ने अमेरिका के व्यापार घाटे को कम करने, व्यापार पर गतिरोध के बीच टैरिफ को कम करने, अधिक अमेरिकी तेल, गैस और लड़ाकू विमानों की खरीदी के बारे में बात करने और रियायतों पर भी सहमति जताई है। दोनों देशों ने द्विपक्षीय समझौते के तहत भारत और अमेरिका के बीच वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार के लिए 500 अरब डालर का लक्ष्य निर्धारित किया है। साथ ही भारत और अमेरिका भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे के निर्माण के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए हैं। इस परिप्रेक्ष्य में विगत 9 अप्रैल को अमेरिका के वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट ने व्हाइट हाऊस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पूरी दुनिया में भारत ऐसे पहले देश के रूप में सामने आया है, जो अमेरिका के साथ सबसे पहले टैरिफ पर प्रभावी बातचीत करते हुए दिखाई दे रहा है। भारत-अमेरिका के बीच बीटीए को 31 दिसंबर 2025 तक पूर्ण करना सुनिश्चित किया गया है। यह भारत की टैरिफ कूटनीति की ही जीत है कि ट्रंप द्वारा चीन पर 245 फीसदी टैरिफ लागू कर दिया गया है और भारत पर लगाए गए 26 फीसदी टैरिफ को 90 दिनों तक स्थगित कर दिया गया है। ऐसे में भारत के कई प्रमुख उद्योग क्षेत्र लाभान्वित हो सकते हैं। इनमें आईटी, टेक्सटाइल और परिधान और सेमीकंडक्टर उद्योग आदि शामिल हैं। निःसंदेह अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध में भारत का यह रणनीतिक मंथन है कि मित्र देश अमेरिका से भारत को अधिक लाभ हो सकते हैं। हाल ही में प्रकाशित विदेश व्यापार के आंकड़ों के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका लगातार चौथी बार भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा। साथ ही दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार 131.84 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह महत्वपूर्ण है कि पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका को भारत का निर्यात 11.6 प्रतिशत बढ़कर 86.51 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 77.52 अरब डॉलर था। 2024-25 में



अमेरिका से आयात 7.44 प्रतिशत बढ़कर 45.33 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 42.2 अरब डॉलर था। अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में 41.18 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जो 2023-24 में 35.32 अरब डॉलर था।


यदि हम भारत के द्वारा अमेरिका को किए गए मुख्य निर्यात को देखें तो पाते हैं कि पिछले वर्ष अमेरिका को किए गए निर्यात में औषधि निर्माण व जैविक (8.1 अरब डॉलर), दूरसंचार उपकरण (6.5 अरब डॉलर), कीमती व अर्ध-कीमती पत्थर (5.3 अरब डॉलर), पेट्रोलियम उत्पाद (4.1 अरब डॉलर), सोना व अन्य कीमती धातु के आभूषण (3.2 अरब डॉलर), सहायक उपकरण सहित सूती तैयार वस्त्र (2.8 अरब डॉलर) और लोहा व इस्पात के उत्पाद (2.7 अरब डॉलर) शामिल हैं। अमेरिका से भारत वाले आयात में कच्चा तेल (4.5 अरब डॉलर), पेट्रोलियम उत्पाद (3.6 अरब डॉलर), कोयला, कोक (3.4 अरब डॉलर), कटे व पॉलिश किए हुए हीरे (2.6 अरब डॉलर), इलेक्ट्रिक मशीनरी (1.4 अरब डॉलर), विमान, अंतरिक्ष यान तथा उसके पुर्जे (1.3 अरब डॉलर) और सोना (1.3 अरब डॉलर) शामिल है। यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि भारत में प्रधानमंत्री के तौर पर बीते 11 सालों में अमेरिका के साथ भारत के आर्थिक और कारोबारी रिश्ते मजबूत रहे हैं और भारत का अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार लगातार बढ़ा है। यह द्विपक्षीय कारोबार वित्त वर्ष 2013-14 में महज 61.5 अरब डॉलर था, वह वित्त वर्ष 2024-25 में 131.84 अरब डॉलर की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। इतना ही नहीं अमेरिका से भारत में किया गया एफडीआई भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर है। यह भी उल्लेखनीय है कि जहां अमेरिका के साथ भारत का कारोबार बढ़ना भारत के लिए लाभप्रद है, वहीं चीन के साथ द्विपक्षीय कारोबार भारत के लिए हानिप्रद है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में चीन को भारत का निर्यात 14.5 प्रतिशत घटकर 14.25 अरब डॉलर रह गया, जबकि 2023-24 में यह 16.66 अरब डॉलर था। चिंताजनक यह भी है कि चीन से 2024-25 में आयात 11.52 प्रतिशत बढ़कर 113.45 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 101.73 अरब डॉलर था। चीन के साथ व्यापार घाटा पिछले वित्त वर्ष में करीब 17 प्रतिशत बढ़कर 99.2 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो 2023-24 में 85.07 अरब अमेरिकी डॉलर था। चीन 2024-25 में 127.7 अरब अमेरिकी डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा। दोनों देशों में 2023-24 में 118.4 अरब अमेरिकी डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ था। यद्यपि इस समय सरकार अमेरिका और चीन के टैरिफ वॉर के बीच घरेलू उद्योगों के संरक्षण के लिए राहत देने की तैयारी कर रही है, लेकिन अब टैरिफ संरक्षण की बजाय वैश्विक प्रतिस्पर्धा, अनुसंधान व विकास पर भी अधिक ध्यान दिया जाना होगा। कृषि तथा श्रम सहित अन्य सुधारों के क्रियान्वयन पर ध्यान देना होगा। जीएसटी को सरल बनाना होगा। लॉजिस्टिक्स व बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाना होगा। देश को अधिक डिजिटल महारत हासिल करनी होगी। भारत को सेवा निर्यात और तेजी से बढ़ाने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। चूंकि अमेरिका ने चीन से अपने देश में आने वाले उत्पादों पर ज्यादा शुल्क लगा दिया है, ऐसे में भारत की ओर चीनी सामान की डंपिंग शुरू हो गई है। इसे देखते हुए विभिन्न क्षेत्रों के भारतीय उद्यमियों और कारोबारियों की घरेलू बाजार में चीनी सामान की 'डंपिंग' को लेकर चिंताओं पर ध्यान दिया जाना होगा।

हम उम्मीद करें कि जेडी वेंस की भारत यात्रा के दौरान भारत के साथ शुल्क के मुद्दे और भारत-अमेरिका के बीच हुए नए कारोबार समझौते को वर्ष 2025 के अंत तक अंतिम आकार दिए जाने के लक्ष्य के मद्देनजर लाभप्रद होगी। साथ ही इससे भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार का नया दौर आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



गोबिंद सागर झील सतलुज नदी पर बने भाखड़ा बांध के पानी से बनी एक मानव निर्मित झील है जो 170 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैली हुई है जो 90 किलोमीटर लंबी है। अपने स्थान और हिमालय पर्वतमाला से निकटता के कारण, झील हरे-भरे हरियाली और हर मोड़ पर शांति की आभा से घिरी हुई है।

विश्व पृथ्वी दिवस
रोहित कौशिक



# सिर्फ नारों से नहीं बचेगी धरती

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज धरती को बचाने के लिए भाषणबाजी तो बहुत होती है, लेकिन धरातल पर काम नहीं हो पाता है। यही कारण है कि धरती और पर्यावरण की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। जिस तरह से मौसम चक्र बिगड़ रहा है, वह हम सबके साथ समाज के उस वर्ग के लिए भी चिंता का विषय है जो ग्लोबल वार्मिंग पर चर्चा करने को फैशन मानने लगा था। दरअसल इन दिनों सम्पूर्ण विश्व में धरती बचाने के नारे जोर-शोर से सुने जा सकते हैं, लेकिन जब नारे लगाने वाले ही अभियान की हवा निकालने में लगे हों, तो धरती पर संकट के बादल मंडराने तय हैं। आज विभिन्न देशों में अनेक मंचों से जो धरती बचाओ आन्दोलन चलाए जा रहे हैं, उनमें एक अजीब विरोधाभास दिखाई दे रहा है। धरती सभी बचाना चाहते हैं, लेकिन अपने नहीं दूसरों के त्याग की कीमत पर। स्थायी विकास, ग्रीन इकोनॉमी और पर्यावरण संबंधी विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा जरूरी है लेकिन इसका फायदा तभी होगा जब हम व्यापक दृष्टि से सभी देशों के हितों पर ध्यान देंगे। गौरतलब है कि ग्रीन इकोनॉमी के तहत पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना सभी वर्गों की तरक्की वाली अर्थव्यवस्था का निर्माण करना शामिल है लेकिन हरित अर्थव्यवस्था के उद्देश्यों के क्रियान्वयन के लिए विकसित देश, विकासशील देशों की अपेक्षित सहायता नहीं करते। स्पष्ट है कि विकसित देशों की हठधर्मिता की वजह से पर्यावरण के विभिन्न मुद्दों पर कोई स्पष्ट नीति नहीं बन पाती है। वास्तव में हम पिछले अनेक दशकों से भ्रम में जी रहे हैं। यही कारण है कि पर्यावरण के अनुकूल तकनीक के बारे में सोचने की फुरसत किसी को नहीं है। पुराने जमाने में पर्यावरण के हर अवयव को भगवान का दर्जा दिया जाता था। नए जमाने में पर्यावरण के अवयव वस्तु के तौर पर देखे जाने लगे और हम इन्हें मात्र भोग की वस्तु मानने लगे। यह समझ विकसित करने के लिए एक बार फिर हमें नए सिरे से सोचना होगा। हमें यह मानना होगा कि जलवायु परिवर्तन की यह समस्या किसी एक शहर, राज्य या देश के सुधरने से हल होने वाली नहीं है। इस समय सम्पूर्ण विश्व में पर्यावरण के प्रति चिंता देखी जा रही है। यदि ग्रीन हाउस गैसों की वृद्धि इसी तरह जारी रही तो दुनिया को लू, सूखे, बाढ़ व समुद्री तूफान जैसी प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ेगा। तटीय इलाकों पर अस्तित्व का संकट पैदा हो जाएगा और अनेक पारिस्थितिक तंत्र, जंतु एवं वनस्पतियां विलुप्त हो जाएंगी। 30 फीसद एशियाई प्रवाल भित्ती जो कि समुद्रीय जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, अगले तीस सालों में समाप्त हो जाएंगी। वातावरण में कार्बनडाइआक्साइड की मात्रा बढ़ने से समुद्र के अम्लीकरण की प्रक्रिया बढ़ती चली जाएगी जिससे खोल या कवच का निर्माण करने वाले प्रवाल या मूंगा जैसे समुद्रीय जीवों और इन पर निर्भर रहने वाले अन्य जीवों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। दरअसल उन्नत भौतिक अवसंरचना जलवायु परिवर्तन के विभिन्न खतरों जैसे बाढ़, खराब मौसम, तटीय कटाव आदि से कुछ हद तक रक्षा कर सकती है। गौरतलब है कि विभिन्न तौर-तरीकों से जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित किया जा सकता है। इन तौर-तरीकों में ऊर्जा प्रयोग की उन्नत क्षमता, वनों के काटने पर नियंत्रण और जीवाश्म ईंधन का कम से कम इस्तेमाल जैसे कारक प्रमुख हैं। अब हमें यह समझना होगा कि धरती को सिर्फ नारे लगाकर नहीं बचाया जा सकता।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# सुख-शांति से जीवन जीने की कला



संकलित
दर्शन

भगवान महावीर, जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर न केवल एक महान तपस्वी थे बल्कि एक महान दार्शनिक और आध्यात्मिक मार्गदर्शक भी थे। उनके उपदेश आज भी मानव जीवन को दिशा देने वाले हैं। उन्होंने जिन पांच मूल सिद्धांतों-अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह की शिक्षा दी, वे आज के तनावपूर्ण और भौतिकतावादी युग में भी सुख-शांति का मार्ग दिखाते हैं। अगर हम उनके बताए मार्गों को अपने जीवन में उतारें, तो न केवल व्यक्तिगत स्तर पर सुख-शांति पा सकते हैं, बल्कि समाज और विश्व में भी करुणा, नैतिकता और अहिंसा की भावना को जागृत कर सकते हैं। भगवान महावीर का मार्ग समयातीत है-हर युग में प्रासंगिक और हर मनुष्य के लिए उपयोगी। भगवान महावीर स्वामी का प्रमुख संदेश था- अहिंसा परमो धर्मः। भगवान महावीर ने सत्य को आत्मा की शक्ति बताया। जो वस्तु हमारी नहीं है, उसे न लेना ही अचौर्य है। यह न केवल बाह्य चोरी से संबंधित है, बल्कि मानसिक और नैतिक स्तर पर भी लालच न करने की प्रेरणा देता है। आज जब भोगवादी प्रवृत्तियां चरम पर हैं, यह सूत्र संयम और संतोष का मार्ग दिखाता है। ह्मचर्य का तात्पर्य केवल शारीरिक संयम नहीं, बल्कि इंद्रियों की संपूर्ण नियंत्रण से है। यह व्यक्ति को मानसिक स्थिरता, आत्मानुशासन और ध्यान की शक्ति देता है। आधुनिक जीवन की दौड़ में यह सूत्र आत्म-शक्ति और जीवन-संतुलन बनाए रखने में सहायक हो सकता है।

# जीवन भर काम आएंगी ये बातें



संकलित
प्रेरणा

चाणक्य नीति को जीवन के गहन रहस्यों की कुंजी माना जाता है। आचार्य चाणक्य, जिनकी दूरदृष्टि, नीति निपुणता और तीक्ष्ण बुद्धि ने एक पूरे साम्राज्य की नींव रखी। यदि किसी धर्म में दया का भाव नहीं है, तो वह केवल एक खोखला आडंबर बन जाता है-ऐसे धर्म को त्याग देना चाहिए। उसी प्रकार जो गुरु ज्ञानहीन हो, पत्नी सदैव क्रोधित रहे और जो बंधुजनों में स्नेह न हो, उन्हें भी त्याग देना चाहिए। आचार्य चाणक्य के अनुसार आज जब समाज में दिखावे और आडंबर का बोलबाला है, यह श्लोक हमें बताता है कि असली मूल्य भावनाओं का है, आचरण का है। रिश्ते तब तक मूल्यवान हैं जब तक उनमें स्नेह, सहयोग और करुणा हो। यदि कोई रिश्ता केवल तनाव और क्रोध से भरा हो, तो वह आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए विषाक्त हो सकता है। ऐसे में बुद्धिमत्ता इसी में है कि व्यक्ति ऐसे संबंधों से दूरी बना ले जो जीवन को बोझ बना दें। जैसे सोने की परख उसे घिसने, काटने, तपाने और पीटने से होती है, वैसे ही मनुष्य की असली पहचान उसके त्याग, शील (चरित्र), गुण और कर्म से होती है। आधुनिक युग में जहां व्यक्ति को उसके बाहरी लिबास और सोशल स्टेटस से आंका जाता है। आचार्य चाणक्य का यह श्लोक याद दिलाता है कि सच्ची पहचान परिस्थितियों में दिखती है। जब समय कठिन होता है, तब ही असली चरित्र सामने आता है। ये पंक्तियां आज के नेताओं, शिक्षकों, माता-पिता और हर आम इंसान के लिए मार्गदर्शन का काम करती हैं क्योंकि जीवन का मूल्य उसकी आंतरिक गुणवत्ता से होता है, ना कि उसकी चमक-धमक से।

## सटाका




## आज की पाती

### शादियों में दिखावा गरीबों के लिए मुसीबत

हमारे देश में लोगों में दिखावे की भावना बहुत बढ़ गई है। लगभग हर त्योहार, सामाजिक और धार्मिक समारोहों में भी दिखावा किया जा रहा है। यह दिखावा हमारा आर्थिक नुकसान ही नहीं करवाता है, बल्कि हमारी मानसिक शांति भी भंग करता है, खास तौर पर उनके लिए यह दिखावा मुसीबत बनता है जो अपनी हैसियत से ज्यादा खर्चा करते हैं। त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी शुरू हो गया है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। इसके कारण अनेक समस्याएं, गरीबों के सामने पैदा होती हैं। दिखावे की बढ़ती परंपरा पर रोक लगनी चाहिए।

*-किशन सिंह, रायपुर*

## ट्रेंड

### चैंपियनों को हार्दिक बधाई



सऊदी अरब के दम्मम में छठी एशियाई युवा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हमारे अंडर-18 एथलीटों द्वारा अविश्वसनीय प्रयास। 11 पदकों की प्रभावशाली संख्या के साथ, उन्होंने देश को बहुत गौरव दिलाया है। हमारे सभी युवा चैंपियनों को हार्दिक बधाई।

**-मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री**

### पोप के निधन से दुनिया दुःखी



पोप फ्रांसिस के निधन से पूरी दुनिया दुखी है, जिन्हें आने वाली पीढ़ियां महत्वपूर्ण मानेंगी। वे अंतर-धार्मिक समझ और जुड़ाव के समर्थक थे। वे वैश्विक शांति और सद्भाव के लिए भी प्रभावशाली शक्ति थे, जिन्होंने भेदभाव समाप्त करने का समर्थन किया।

**-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**


### यूपी पुलिस ने गिरफ्तार किया



महात्मा ज्योतिबा फुले जी और माता सावित्री बाई फुले जी के जीवन पर बनी फिल्म पर मोदी सरकार के इशारे पर सेंसर बोर्ड द्वारा लगाई गई रोक के विरोध में लखनऊ में प्रदर्शन कर रहे आप कार्यकर्ताओं को योगी की तानाशाह पुलिस ने किया गिरफ्तार।

**-संजय सिंह, आप नेता**

### पुनर्मूल्यांकन करें



अगर यह आपकी शांति की कीमत चुकाता है, तो यह बहुत महंगा है। कोई भी नौकरी, व्यक्ति या आदत आपकी समझदारी के लायक नहीं है। अपनी शांति की रक्षा करें जैसे कि यह अमूल्य है-क्योंकि यह अमूल्य है। पुनर्मूल्यांकन करें। पुनः प्राप्त करें। पुनः ध्यान केंद्रित करें।

**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

# कांगड़ा घाटी के रेलवे स्टेशन पर समृद्ध इतिहास वाली कलाकृतियां


हिमाचल प्रदेश की कांगड़ा घाटी में लगभग 100 साल पुराने कई रेलवे स्टेशन पर 1929 में उनकी स्थापना के बाद से ट्रेन परिचालन में इस्तेमाल हुए पुरातन उपकरणों और कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है। इस प्रदर्शनी का आयोजन 18 अप्रैल को मनाए जाने वाले विश्व धरोहर दिवस के उपलक्ष्य में 14 से 20 अप्रैल तक किया गया। कांगड़ा, पालमपुर और पठानकोट जैसे स्टेशन पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस प्रदर्शनी के दौरान रात्रिकालीन सिग्नल प्रणाली के लिए लालटेन, 'लेवल क्रॉसिंग' पर लालटेन, पहिया फिसलने से रोकने के लिए 'स्किप' उपकरण और ट्रेन संचालन में इस्तेमाल किए जाने वाले कई अन्य उपकरणों समेत दुर्लभ उपकरणों को प्रदर्शित किया गया। वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता भूपेंद्र ने कहा, इस दौरान फिरोजपुर मंडल ने पठानकोट स्टेशन पर विरासत से जुड़ी कलाकृतियों की प्रदर्शनी, पालमपुर स्टेशन पर विरासत गलियारा, कांगड़ा स्टेशन पर रोशनी का प्रबंध, नूरपुर और बैजनाथ के बीच चलने वाली 'नैरो-गेज' ट्रेन की सजावट, फिरोजपुर स्टेशन और मंडल कार्यालय के पास विरासत से जुड़ी वस्तुओं के विवरण के साथ 'सेल्फी प्वाइंट' की स्थापना की गई। उन्होंने बताया कि मंडल कार्यालय में विरासत से संबंधित चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं।



## ऑफ बीट

# राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ी मादक पदार्थों की तस्करी

दिल्ली में 2024 की तुलना में 2025 के शुरूआती तीन महीनों में मादक पदार्थों से संबंधित अपराधों में दोगुनी वृद्धि देखी गई, जबकि आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में 80 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। पुलिस द्वारा रविवार को साझा किये गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली। आंकड़ों के मुताबिक, एक जनवरी से 31 मार्च 2025 के बीच दिल्ली में आबकारी अधिनियम के तहत कुल 2,496 मामले दर्ज किए गए, जबकि इसी अवधि के दौरान 2024 में कुल 1,382 मामले दर्ज किए गए थे। इसी प्रकार, स्वापक औषधि और मन: प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के उल्लंघन के मामले 257 से बढ़कर 544 हो गए। रोजाना औसतन छह मामले सामने आए। आंकड़ों के मुताबिक, शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज मामले भी बढ़े हैं, जो पिछले वर्ष के 957 से बढ़कर इस वर्ष 1,049 हो गए हैं, जबकि जुआ अधिनियम के तहत दर्ज मामले 2024 के 677 से बढ़कर 1,018 हो गए हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में अपराध में यह बढ़ोतरी प्रवर्तन कार्रवाई में वृद्धि के कारण हुई है। आंकड़ों के मुताबिक, शस्त्र अधिनियम और जुआ अधिनियम सहित विभिन्न कानूनों के तहत दर्ज अपराधों में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।



**अपने विचार**
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# आरपीएफ का क्राइम रेट कम करने पर फोकस, कमांडेंट ने बैठक में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ट्रेनों में बढ़ती हुई चोरी व यात्रियों के लगातार मोबाइल चोरी होने की घटनाओं से रेल विभाग भी चिंतित है। ट्रेनों में पिछले कुछ महीनों से चोरी की घटनाओं में बढ़ोतरी को देखते हुए आरपीएफ कमाडेंट प्रशांत यादव ने सभी आरपीएफ थाना प्रभारियों की बैठक बुलाई, जिसमें भोपाल रेल मंडल सहित पूरे जोन में क्राइम रेट कम करने पर चर्चा हुई।

बैठक में थाना प्रभारियों ने बताया कि जीआरपी थाने व आरपीएफ में सभी यात्रियों की शिकायत दर्ज की जा रही है, जिससे यात्रियों को होने वाली शिकायत या मोबाइल चोरी की घटनाओं में पुलिस मदद कर सके। जिसके कारण पंजीबद्ध मामलों में वृद्धि हुई है। वहीं, भोपाल मंडल में यात्रियों की सुनवाई के कारण अन्य जगह में चोरी की घटना या अन्य अपराध को यात्री भोपाल आकर पंजीबद्ध कराते हैं, जिसके कारण अपराध संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। आरपीएफ कमाडेंट प्रशांत यादव ने बताया कि आरपीएफ लगातार ट्रेनों में सक्रिय चोर गिरोह व अवैध वेंडरों पर कार्रवाई कर रहा है।

## ट्रेनों में बढ़ती चोरियों को लेकर रेलवे चिंतित, अवैध वेंडरों पर कर रहा लगातार कार्रवाई

### दूरसंचार विभाग से हाथ मिलाया




रेल यात्रियों के खो गए या गायब मोबाइल फोन को ढूंढ़ निकालने के लिए रेलवे सुरक्षा बल ने दूरसंचार विभाग से हाथ मिलाया है। इसके तहत आरपीएफ ने दूरसंचार विभाग के सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल के साथ सफल साझेदारी की है। नॉर्थईस्ट फ्रंटियर रेलवे (एनएफआर) में एक पाइलट प्रोग्राम की सफलता के बाद यह पहल की गई है। भारतीय रेल द्वारा इस पहल को पूरे भारत में लागू किए जाने के बाद करोड़ों रेल यात्रियों को फायदा मिलेगा। अपना गुम मोबाइल फोन प्राप्त करने के लिए यात्री इसकी रिपोर्टिंग रेल मदद या 139 डायल के जरिए कर सकते हैं।

### रेल दुर्घटना टालने वाले 50 रेलकर्मियों को किया पुरस्कृत

**भोपाल।** मण्डल रेल प्रबन्धक देवाशीष त्रिपाठी ने ड्यूटी के दौरान सतर्कता, सूझबूझ एवं सजगता से कार्य करते हुए खण्ड में होने वाली संभावित, असामान्य घटनाओं को टालने वाले 50 रेल कर्मियों को मण्डल कार्यालय में आमंत्रित कर उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि से सम्मानित किया। पीआरओ नवल अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबंधक ने अपने कार्य के प्रति समर्पित, कर्तव्यनिष्ठ और सतर्क रहने वाले रेल कर्मियों के कार्यों की सराहना की और भविष्य में इसी उत्साह, लगन एवं सतर्कता से कार्य करते रहने के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

**इनका हुआ सम्मान**

मनोज ट्रैक मेन्टेनर खिरकिया, सूरज कुमार ट्रैक मेन्टेनर खिरकिया, हरिकेश पाल ट्रैक मेन्टेनर खिरकिया, अंकित जैन ट्रैक मेन्टेनर खिरकिया, दीनदयाल कोली मेट इटारसी, दीपक ट्रैक मेन्टेनर खंडवा, लखन अहिरवार पेट्रोलमैन, इमरान मोहम्मद की-मैन भोपाल, अरविंद कुमार चौधरी ट्रैक मेन्टेनर बीना, महेन्द्र यादव ट्रैक मेन्टेनर बीना, पदम सिंह धाकड़ पेट्रोलमैन, विनोद कुमार ट्रैक मेन्टेनर तलवाड़िया, लखन लाल ट्रैक मेन्टेनर टिमरनी, जितेंद्र नागोरे ट्रैक मेन्टेनर टिमरनी, राजेश ट्रैक मेन्टेनर टिमरनी सहित करीब 50 लोगों को सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### सौरभ, चेतन और शरद की जमानत पर सुनवाई आज ईडी कोर्ट में



**भोपाल।** करोड़ों रुपयों की नगदी और सोना बरामद होने के मामले में परिवहन विभाग के पूर्व करोड़पति आरक्षक सौरभ शर्मा,उसके साथी चेतन सिंह गौर व शरद जायसवाल के जमानत आवेदन पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के विशेष न्यायालय में मंगलवार को सुनवाई होगी। लोकायुक्त मामले में लोकायुक्त के विशेष न्यायालय उन्हें जमानत दे दी है, मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जमानत नहीं मिलने से तीनों ही आरोपी अभी जेल में बंद हैं। विगत 11 अप्रैल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ) ने सौरभ शर्मा, उसकी मां उमा शर्मा, पत्नी दिव्या तिवारी, साले रोहित तिवारी एवं जीजा विनय हासानी तथा सौरभ शर्मा के द्वारा बनाई गई कंपनियों एवं फर्मों के डायरेक्टर्स व संचालकों सहित 12 आरोपियों के विरूद्ध प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ) के विशेष न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था।

### वन्य प्राणियों की तस्करी के आरोपी का जमानत आवेदन खारिज

**भोपाल।** वन्य प्राणियों की अवैध रूप से देश के विभिन्न क्षेत्रों सहित विदेशों हांगकांग, चीन, थाईलैंड, पाकिस्तान, मलेशिया, बांग्लादेश एवं श्रीलंका में तस्करी कर बेचने वाले आरोपी रजनीकांत ओझा के जमानत आवेदन को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश ने सुनवाई के बाद निरस्त कर दिया है। आरोपी एक अंतर्राष्ट्रीय तस्कर गिरोह का सदस्य लुप्तप्राय प्रजातियों जैसे कछुआ, पैंगोलिन स्कल्स तथा अन्य का शिकार कर उनकी तस्करी कर देश के विभिन्न क्षेत्रों सहित विदेशों में तस्करी करता है। सीबीआई ने आरोपी के विरूद्ध शिकायत प्राप्त होने पर वर्ष 2017 में आरोपी एंव उसके साथियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया था।

### भाजपा प्रदेश प्रभारी दो दिवसीय प्रदेश प्रवास पर

**भोपाल।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह 24 एवं 25 अप्रैल को दो दिवसीय प्रदेश प्रवास पर रहेंगे। वे 24 अप्रैल को जबलपुर के रानीताल स्थित संभागीय कार्यालय एवं 25 अप्रैल को सागर में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अंतर्गत उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करेंगे।

## रिटायर्ड सेल टैक्स असिस्टेंट रजिस्ट्रार के घर से जेवरात समेत 8 लाख का माल चोरी

# अधिकारी गए थे मां के अंतिम संस्कार में सांची, इधर सूने घर में घुस गए चोर

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र के शहंशाह गार्डन का मामला

तीन दिन बाद घर पहुंचे अधिकारी तो चला चोरी का पता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित शहंशाह गार्डन में सेल टैक्स से रिटायर्ड असिस्टेंट रजिस्ट्रार के सूने मकान से अज्ञात बदमाश जेवरात नगदी समेत 8 लाख रुपए का सामान चुराकर ले गए। घटना के समय वह परिवार के साथ मां के अंतिम संस्कार में सांची जिला रायसेन गए थे। घटना की जानकारी उस समय लगी जब वह तीन दिन बाद सांची से भोपाल अपने घर पहुंचे। संदेही सीसीटीवी फुटेज में कैद हुए हैं। अशोका गार्डन पुलिस संदेहियों की पहचान करने में जुटी है। पुलिस के अनुसार शहंशाह गार्डन कॉलोनी अशोका गार्डन निवासी 63 वर्षीय सुशील कुमार जैन मार्च 2024 में सेल टैक्स अदालत से असिस्टेंट रजिस्ट्रार पद से रिटायर्ड हुए हैं। उन्होंने बताया कि 17 अप्रैल को उनकी मां का निधन हो गया। अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए वह दोपहर 12 बजे अपने घर पर ताला लगाकर पैतृक गांव सांची, जिला रायसेन चले गए। 20 अप्रैल को रात साढ़े 8 बजे जब वह वापस अपने परिवार के साथ लौटे तो घर के गेट का ताला टूटा पड़ा मिला। अंदर जाकर देखा कि ग्राउंड फ्लोर व फर्स्ट फ्लोर में रखी अलमारी खुली हुई मिली। सामान बिखरा पड़ा हुआ था। सोने की हीरा जड़ी हुई 4 अंगूठी , दो जोड़ कान की झुमकी, दो जोड़ बाली, चांदी की 15 जोड़ पायल, एल्युमिनियम के गुलक मे रखे रुपए हुई करीब 45 हजार रुपए नगदी गायब मिली।



### रात तीन बजे नकाब पहना बदमाश घुसा

जैन ने बताया कि उनकी भतीजी की शादी थी। ऐसे में 16 अप्रैल से घर में नहीं थे। सीसीटीवी फुटेज में आया कि 16 अप्रैल से ही बदमाश उनके घर की रैकी कर रहे थे। 18 की रात करीब 3 बजे नकाबपोश एक अज्ञात बदमाश उनके घर की बाउंड्री वाल कूदकर अंदर जाते हुए कैमरे में कैद हुआ है। वह ताला तोड़ते हुए भी दिख रहा है। जो करीब डेढ घंटे तक घर के अंदर रहा।

### जनरल स्टोर संचालिका के सूने मकान से जेवरात व नगदी चोरी

कोलार थाना क्षेत्र स्थित कजलीखेड़ा इलाके में जनरल स्टोर की संचालिका के सूने मकान से हजारों रुपए के जेवरात व दस हजार रुपए नगद चोरी हो गए। दिव्या दुबे पत्नी प्रवीण दुबे (33) कजलीखेड़ा बाजार में जनरल स्टोर का संचालन करती हैं। विजय विश्वकर्मा अपनी पत्नी माया के साथ उनके मकान में पिछले आठ माह से किराए से रहते हैं। दिव्या दुबे ने बताया कि उनके मकान की चाबी सीढ़ियों के नीचे रखी रहती है। इसकी जानकारी किराएदार को भी है। विगत 24 मार्च सुबह नौ बजे रीवा के गांव जाने से पहले दिव्या ने विजय से बालकनी में रखा डिब्बा निकलवाया था। उस समय डिब्बे में जेवरात व दस हजार रुपए नगद रखे थे। विगत 29 मार्च को वह गांव से लौट आई थी। फरियादिया ने बताया कि 19 अप्रैल की रात साढ़े नौ बजे नगद पैसों की जरूरत होने पर डिब्बा खोलकर देखा उसमें रखे जेवरात व नगदी गायब थी। रिपोर्ट दर्ज कराते हुए उन्होंने बताया कि कोई अज्ञात चोर सूने मकान में घुसकर नगदी व जेवरात चुरा ले गया।

### लोडिंग वाहन से तीन कूलर चुराकर ले गया बदमाश

*भोपाल। निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित फिजा कॉलोनी करोंद में अज्ञात बदमाश घर के सामने खड़े लोडिंग आटो से तीन कूलर चुराकर ले गए। लोडिंग वाहन के ड्राइवर ने पुलिस को शिकायत की थी। पुलिस ने शिकायती आवेदन की जांच के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार सारिक पिता अरमान कुरेशी (24) फिजा कालोनी, करोंद में रहता है और लोडिंग वाहन चलाता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि 13 अप्रैल को उसने अपने लोडिंग वाहन में ड्रीमोन कंपनी के 22 कूलर विदिशा जाने कि लिए लोड किए थे। रात होने के कारण लोडिंग वाहन अपने घर के पास रात करीब 10 बजे खड़ा कर दिया। अगले ही दिन सुबह 7 बजे उसे कूलर देने विदिशा जाना था। वह लोडिंग वाहन के पास पहुंचा तो उसमें तीन कूलर एक हीरो व दो मिनी कमर्शियल के नहीं थे। सारिक ने आसपास तलाश की, पर कूलर का कुछ पता नहीं चला। इसके बाद उसने अपने सेठ उमेश गुप्ता को मोबाइल पर जानकारी दी। सेठ ने अन्य तीन कूलर उसे दिए और वह विदिशा कूलर की डिलेवरी देने पहुंचा। डिलेवरी देने के बाद वह भोपाल पहुंचा और निशातपुरा पुलिस को शिकायती आवेदन दिया था। पुलिस ने शिकायती आवेदन की जांच के बाद अज्ञात आरोपी पर चोरी का मामला दर्ज किया है।*

## पीएम मोदी ने किया सम्मानित....

# झाबुआ कलेक्टर नेहा बोलीं-इस सम्मान का क्रेडिट मेरी टीम को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राष्ट्रीय सिविल सर्विस डे पर झाबुआ कलेक्टर नेहा मीणा को पीएम नरेन्द्र मोदी ने लोक प्रशासन में एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। उनको यह सम्मान आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट प्रशासनिक कार्य के लिए दिया गया। आईएएस मीणा ने मोटी आई अभियान के जरिए कुपोषण को दूर करने और पोषण आहार को बढ़ावा देने की अनूठी पहल की।

हरिभूमि से चर्चा में आईएएस नेहा मीणा ने कहा कि इस सफलता का श्रेय हेल्थ और महिला बाल विकास की टीम को जाता है। क्योंकि टीम के सदस्यों ने कुपोषण सहित जिले भर में चलाए जा रहे अभियानों को सफल बनाने मेहनत की। उन्होने बताया कि आकांक्षी प्रोग्राम के तहत कई नवाचार किए गए जिसमें गर्भवती महिलाओं का वेक्सीनेशन और कुपोषण सुधार पर बेहतर काम हुआ। साथ ही यह भी कहा कि पहले लगता था कि जनजातीय जिले में काम करना कठिन है, लेकिन जब नवाचार किए गए तो ऐसा लगा कि इस तरह के जिलों में काम करना सबसे आसान है।

### सीएम ने कलेक्टर मीणा को दी बधाई

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिविल सेवा दिवस के अवसर पर झाबुआ जिले को पुरस्कार मिलने पर कलेक्टर नेहा मीणा को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह निश्चित ही गर्व का अवसर है, जब नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के कर कमलों से एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम श्रेणी के अंतर्गत झाबुआ जिले के रामा ब्लॉक को पुरस्कृत किया गया है। झाबुआ जिले के सुदूर और कम विकसित क्षेत्र में नागरिकों के जीवन को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक व्यवस्थाओं में सुधार के कार्य में सफलता प्राप्त की गई है।

### नवाचार के लिए चर्चित हैं नेहा मीणा

पीएम द्वारा एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित आईएएस नेहा मीणा 2014 बेच की आईएएस है और मूल रूप से राजस्थान की रहने वाली है। मध्यप्रदेश में नवाचार से जुड़े कार्य करने वाले आईएएस अफसरों में वे चर्चित चेहरा है। उनको राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने इलेक्टोरेल प्रेक्टिस अवार्ड 2024-25 से भी सम्मानित किया जा चुका है। वहीं एक्सीलेंस अवार्ड के लिए देश भर के चयनित 16 कलेक्टरों में प्रदेश की नेहा मीणा शामिल है।

## नानी के डांटने के बाद घर से वह आ गए थे

# ऐशबाग से गायब चार और सात साल के दो बच्चे, पांच घंटे बाद आनंद नगर में मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऐशबाग क्षेत्र से रविवार शाम को सात और चार साल के दो बच्चे घर से लापता हो गए। देर रात करीब 5 घंटे बाद आनंद नगर क्षेत्र में मिले। पुलिस ने बच्चों को उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

एसआई संतोष रघुवंशी ने बताया कि बच्चे रात में आनंद नगर बाजार में एक दुकान के बाहर बैठे थे, उन्होंने बताया कि नानी के डांटने के बाद घर से वह आ गए थे।

### मंगनी के कार्यक्रम में पहुंचे थे बच्चे

पुलिस के अनुसार सात वर्षीय आतिफ पिता आमिर खान और चार वर्षीय आयात पिता आसिफ खान बेगमगंज में रहते हैं। रविवार को ऐशबाग की नजूल कॉलोनी में रहने वाले उनके रिश्तेदारों के घर मंगनी का कार्यक्रम था। वे दोपहर करीब एक बजे नानी के साथ रिश्तेदार के घर पहुंचे।

### खेलते-खेलते अचानक हुए गायब

इसके बाद शाम करीब पांच बजे दोनों बच्चे साथ में खेल रहे थे, परिजन मंगनी के कार्यक्रम में व्यस्त थे। इस बीच किसी का ध्यान बच्चों की तरफ गया तो वे दिखाई नहीं दिए। कार्यक्रम में हाहाकार मच गया। सब तलाश में जुट गए। रात करीब साढ़े 12 बजे वह आनंद नगर में मिले। बच्चों ने बताया कि नानी की डांट से वह इधर आ गए।

## सरस्वती नगर झुग्गीबस्ती शाहपुरा का मामला

# पत्नी से कहासुनी के बाद पति ने टॉयलेट क्लीनर पीकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित सरस्वती नगर झुग्गी में रविवार दोपहर एक युवक ने टायलेट क्लीनर पी लिया। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां कुछ ही देर बाद उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। युवक के मरने से पूर्व बयान नहीं हो सके है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि उसकी पत्नी से कहासुनी हुई थी। इसके बाद वह शराब पीकर आया और गुस्से में टॉयलेट क्लीनर पी लिया।

पुलिस के अनुसार दुरेंद्र बारले पिता भोलाराम बारले (25) सरस्वती नगर झुग्गीबस्ती शाहपुरा में रहता था। करीब एक साल से वह बेरोजगार था। इससे पहले वह पेट्रोल पंप पर काम करता था। करीब दो साल पहले उसने प्रेम विवाह किया था। उसकी एक दुधमुंही बच्ची भी है।

### पत्नी के साथ कुछ दिन से चल रहा था विवाद

दुरेंद्र का पत्नी से कुछ दिनों से विवाद हो रहा था। इसी से दुखी होकर रविवार दोपहर वह शराब के नशे में घर पहुंचा और टायलेट क्लीनर पी लिया।

### अस्पताल में डॉक्टर ने किया मृत घोषित

करीब 12 बजे दोपहर में तबीयत बिगड़ने के बाद उसे जय प्रकाश अस्पताल ले जाया गया था। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया। हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान रविवार शाम उसकी मौत हो गई।

## कुक्कुट विकास निगम के हड़ताली संविदा कर्मचारियों का 20वां दिन

# पक्षियों के लिए दाना-पानी भरकर पेड़ों पर सकोरे टांगे, किया सकारात्मक आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कहा-सरकार नहीं दे रही परिवार पालने के लिए दाना-पानी, लेकिन हम दे रहे पंछियों को

सरकार भले कुक्कुट विकास निगम के संविदा कर्मचारियों के परिवार को पालने के लिए दाना पानी की व्यवस्था नहीं कर रही है लैकिन कुक्कुट विकास निगम के संविदा कर्मचारी जो 2 अप्रैल से संविदा नीती 2023 के अनुसार वेतन भत्ते देने की मांग को लेकर पिछले 20 दिनों से हड़ताल पर हैं। हड़ताल के 20वें दिन सोमवार को संविदा कर्मचारियों ने पक्षियों के लिए पेड़ों पर सकोरे बांधकर दाना पानी की व्यवस्था कर सकारत्मक आंदोलन किया। संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर ने बताया कि 22 जूलाई 2023 की संविदा नीति के तहत वेतन भत्ते देने का अनुमोदन संचालक मंडल की बैठक में होने के बाद भी अभी तक नही दिया हे और फाइल बार बार छोटी छोटी सी बात के मार्गदर्शन देने के लिए वल्लभ भवन भेजी जा रही, जिसके कारण अभी तक संविदा कर्मचारियों के आदेश नहीं हो पाए हैं।



### कर्मचारियों ने मांग को लेकर किये कई आंदोलन

राठौर ने बताया कि कुक्कुट विकास निगम के संविदा कर्मचारी विभिन्न प्रकार से आंदोलन कर चुके हैं, कभी चारा खाकर तो कभी मौन रहकर आंदोलन जारी है। इस मौके पर अंकित पाठक, अक्षय राजपूत, प्रणय सक्सेना, प्रदेश नंदनवार, आस्था यादव, दीपक शर्मा, संजय सैनी, वैशाली पटेल, सावित्री, कन्हैया लाल सहित कई कर्मचारी शामिल थे।

# बर्रई, कोलार और बैरसिया में पराली जलाने वाले 20 किसानों पर लगेगा जुर्माना

### पंचायत सचिव और पटवारी बना रहे पंचनामा

**भोपाल।** जिले में गेहूं की फसल के बाद खेतों में किसानों द्वारा पराली में आग लगाई जा रही है, जिसकी वजह से प्रदूषण का स्तर बढ़ता जा रहा है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की सख्ती को देखते हुए पंचायत स्तर पर सचिव और पटवारी ऐसे खेतों की जानकारी जुटाकर पंचनामा बनाकर एसडीएम कोर्ट में पेश कर रहे हैं। सोमवार को भी बर्रई क्षेत्र के कई खेतों में पराली जलाने की सूचना मिली, जिसके बाद पटवारी ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार कराया। वहीं कोलार क्षेत्र के छह से अधिक किसानों पर जुर्माना लगाया जा रहा है।

इसी तरह बैरसिया और हुजूर के भी 12 से अधिक किसानों पर जुर्माना लगाने की तैयारी है। कोलार एसडीएम रविशंकर राय का कहना है कि पराली या नरवाई जलाए जाने पर दो एकड़ से कम वाले किसान पर ढाई हजार रुपये, दो एकड़ से पांच एकड़ के बीच वाले किसान पर पांच हजार और पांच एकड़ से अधिक भूमि वाले किसान पर 15 हजार रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

## स्थानीय खेल समाचार

### साई सीआरसी ने माय भारत के सहयोग से किया गया आयोजन

# 'फिट इंडिया ऑन साइकिल' के तहत साई के एथलीट के अलावा सैकड़ों लोगों ने मारे पैडल

एनवायकेएस निदेशक तोमर ने दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

साई केंद्रीय क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी)ने मेरा युवा भारत (माय भारत) के सहयोग से रविवार को 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' का एक जीवंत संस्करण सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस कार्यक्रम में साई के एथलीटों, प्रशिक्षकों और स्टाफ सदस्यों के लगभग 50 प्रतिभागियों के साथ-साथ उत्साही स्वयंसेवकों और स्थानीय समुदाय के युवाओं की सक्रिय भागीदारी देखी गई।

इस कार्यक्रम को एनवायकेएस भोपाल के निदेशक राकेश तोमर ने हरी झंडी दिखाई।



### मप्र-छग में करीब 300 फिटनेस के प्रति उत्साही लोगों ने लिया भाग

साइकिल चालकों ने फिटनेस, पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं और सामूहिक सामुदायिक कार्रवाई को बढ़ावा देते हुए एक निर्धारित मार्ग पर शहर में साइकिल चलाई। साथ ही, यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 6 स्थानों पर साई भोपाल और इसके अंतर्गत एसटीसी द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें पंजीकृत लगभग 300 साइकिल चालक और फिटनेस उत्साही लोगों ने भाग लिया। चिकित्सा पेशेवरों, पुलिस कर्मियों, शारीरिक शिक्षा शिक्षकों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) और माई भारत के लिए साप्ताहिक थीम के रूप में समाज के सभी वर्गों की समावेशी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

# अटल अकादमी ने अकीरा को हराया

### आलराउंड प्रदर्शन करने वाले आरुष बने मैच के हीरो



**भोपाल।** राजधानी के ऑल सेंट्स क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहे 6वें स्व. साद अंसारी मेमोरियल बीडीसीए एफिलिएटेड अंडर-14 इंटर-क्लब वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को अटल क्रिकेट अकादमी और अकीरा क्रिकेट अकादमी के बीच मैच खेला गया। इसमें अटल अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 39.1 ओवर में पूरी टीम 157 रन बनाकर आउट हो गई। इनमें गौतम परोचे ने 41, तनय महेश्वरी ने 32 और आरुष रघुवंशी ने 24 रन बनाए। वहीं अकीरा क्रिकेट अकादमी की ओर से दानवीर, धनुष और राघव ने 2-2 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अकीरा की टीम 26.4 ओवर में सिर्फ 89 रन पर ऑल आउट हो गई। वहीं अटल अकादमी के तनय महेश्वरी और आरुष रघुवंशी ने 3-3 विकेट चटकाए। मैच के हीरो रहे ऑलराउंडर आरुष रघुवंशी रहे।

सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित चौपड़ा कला में हुआ हादसा

# मिनी ट्रक ने दो बाइक सवारों को मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा गंभीर

◆ पुलिस टक्कर मारने वाले मिनीट्रक और उसके चालक की तलाश में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित चौपड़ा कला में गोलू डेयरी के पास तेज रफ्तार मिनीट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। भागने की फिराक में उसने एक अन्य बाइक सवार को भी टक्कर मारी है। इस हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले मिनीट्रक और उसके चालक की तलाश कर रही है।

भागने की फिराक में एक अन्य बाइक सवार को भी मारी टक्कर



जानकारी के अनुसार सैयद मो. साजिद (50) आरिफ नगर, गौतम नगर में रहते थे। रविवार को वह किसी काम से सूखी सेवनिया गए थे। ग्राम चोपड़कला स्थित गोलू के डेयरी के पास पहुंचे ही थे तो ईंट वाले मिनीट्रक ने साजिद की बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना दोपहर करीब साढ़े 3 बजे के आसपास की है। साजिद की बाइक को टक्कर मारने के बाद भागने के प्रयास में अनियंत्रित ट्रक ने आगे चल रही एक अन्य बाइक को भी टक्कर मारी थी, जिससे वह भी घायल हो गया।

राहगीरों से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची एंबुलेंस घायलों को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंची थी, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद साजिद को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन हमीदिया अस्पताल पहुंच गए थे। वे मर्चूरी के सामने हंगामा करने लगे। लिहाजा कोहेफिजा पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया। मर्ग डायरी सूखीसेवनिया पुलिस को सौंपी गई है। सूखी सेवनिया थाना प्रभारी रामबाबू चौधरी ने बताया कि टक्कर मारने वाले मिनीट्रक की तलाश की जा रही है।

# एयरपोर्ट पर प्लेन हाईजेक की सूचना से मची अफरा तफरी, सुरक्षा एजेंसियों ने पहुंचकर संभाला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

राजाभोज एयरपोर्ट पर सोमवार को उस समय अफरातफरी मच गई, जब वह एक फ्लाइट हाईजैक होने की सूचना प्रबंधन को मिली। सूचना मिलते ही कुछ ही क्षणों में सभी सुरक्षा एजेंसी घटना स्थल पर पहुंच गई और जल्द ही सक्रिय होकर स्थिति को काबू पाया गया। दरअसल राजा भोज एयरपोर्ट पर सोमवार को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया था। इसमें यह देखा गया कि कौन सी सुरक्षा एजेंसी कितनी देर में घटनास्थल पर पहुंचती है।

यह ड्रामा करीब आधा घंटा राजाभोज रिपोर्ट पर चला, जिसमें सुरक्षा एजेंसियों को परखा गया के कौन सी एजेंसी कितनी देर में सक्रिय होती है और अगर कोई घटना होती है, तो उस पर कैसे काबू पाती है। एटीसी की सूचना मिलने के बाद तत्काल सीआईएसएफ, पुलिस प्रशासन व फायर ब्रिगेड सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियों को सूचना दी और सभी एजेंसियां घटनास्थल पर पहुंच गई और स्थिति को काबू पाया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) कृष्णावेणी देशावतु, सीआईएसएफ कमांडेंट अतुल भनौत्रा, पुलिस अधिकारी पंकज श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर अंकुर मेशराम व एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी सहित कई अधिकारी मौजूद थे।





## खबर संक्षेप



### शिविर में 30 छात्र-छात्राओं के आंखों की जांच की

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर के वार्ड 25 स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इटायाकलां में सेवा सदन के सहयोग से नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। विद्यालय के शिक्षक बृजकिशोर नागर ने बताया कि सोमवार को विद्यालय में सेवा सदन के दीनदयाल मेहरा द्वारा 30 छात्र-छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया। तीन छात्र-छात्राओं को मशीन द्वारा जांच हेतु औबेदुल्लागंज भेजा गया। इस दौरान संस्था प्रभारी राजेश कुमार पाठक मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### साइबर ठग ग्रुप के सदस्य की जमानत खारिज

**भोपाल।** कमीशन पर साइबर विदेशों में बैठे हुए साइबर ठगों को बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले आरोपी यशपाल भट्ट के जमानत आवेदन को सोमवार को सुनवाई करने के बाद गंभीर प्रवृत्ति का अपराध होने से अपर सत्र न्यायाधीश विजय कुमार शर्मा ने निरस्त कर दिया है। आरोपी के अधिवक्ता ने आरोपी को प्रकरण में निर्दोष बताते हुए जमानत का लाभ प्रदान करने की मांग की थी , जबकि अपर जिला लोक अभियोजक मंजू जैन सिंह ने अभियोजन की ओर से पैरवी करते हुए आरोपी को अपराध को गंभीर प्रवृत्ति का अपराध बताते हुए उसके जमानत आवेदन को निरस्त करने की मांग की थी।

### मिस्त्री ने घर पर फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित शांति नगर में शनिवार रात मिस्त्री ने फांसी लगा ली। रविवार सुबह करीब पांच बजे उसके भतीजे ने उसकी लाश फांसी के फंदे पर लटकी देख पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि मिस्त्री पारीवारिक विवाद होने से तनाव में रहता था। पुलिस के अनुसार रामदयाल कुशवाह (50) शांति नगर थाना गांधी नगर में रहते थे और मिस्त्री का काम करते थे।

### गर्ल्स कॉलेज में विकास सत्र का किया आयोजन

**संतनगर।** भोपाल के संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के सहयोग से प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ ने संकाय सदस्यों के लिए नेतृत्व विकास पर एक ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन किया। सत्र के विशिष्ट वक्ता अश्विनी कुमार राव, चीफ ह्यूमन रिसोर्स ऑफिसर थे, जिन्होंने 'टीमों का प्रबंधन और कार्यस्थल पर सफल होना' विषय पर अपने अनुभव और विशेषज्ञता को साझा किया।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 4950 | | |
| दिन: | 247 | 35 | 500 |
| रात: | 245 | 13 | 788 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 270 | 94 | 680 |
| रात: | 140 | 52 | 255 |

गोविंदपुरा थाना पुलिस ने आरोपियों के पास से 25 मोबाइल और बाइक जब्त किया

# गर्लफ्रेंड का शौक पूरा करने स्पोर्ट्स बाइक से झपटते थे मोबाइल, दो आरोपी गिरफ्तार

◆ पुलिस को बड़े गिरोह की आशंका, पांच अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी

◆ अपना खर्चा पूरा करने महंगे मोबाइल को ढाई से तीन हजार में बेच देते थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गोविंदपुरा थाना पुलिस ने इलाके में हो रही लगातार झपटमारी की वारदात के बाद दो झपटमारों को गिरफ्तार कर उनके पास से 25 मोबाइल जब्त किए है। इसके अलावा उनसे झपटमारी में इस्तेमाल की गई स्पोर्ट्स बाइक भी बरामद की है। गिरोह के पांच अन्य साथियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद और भी वारदातों का खुलासा होने की उम्मीद है। गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि वह अपने और गर्लफ्रेंड के शौक पूरे करने मोबाइल लूटने की वारदात को अंजाम दे रहे थे। दोनों आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

थाना प्रभारी अवधेश सिंह तोमर ने बताया कि विगत 17 से 19 अप्रैल के बीच पुलिस को आईएसबीटी, कॅरियर कॉलेज और कॅरियर कॉलेज से 300 मीटर की दूरी पर स्थित मस्जिद से तीन मोबाइल झपटने की शिकायत मिली थी। पुलिस ने तीनों फरियादियों की शिकायत पर झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश की। घटनास्थल और आसपास करीब 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरे चेक किए और मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। इस दौरान दो संदिग्धों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में संदिग्धों ने अपने नाम सोहेल खान (21) दुर्गा नगर एमपी नगर और नदीम खान (19) काजीकैंप, हनुमानगंज बताए। संदिग्धों ने अपने साथियों के साथ मिलकर मोबाइल झपटमारी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार लिया। पुलिस ने निशानदेही पर कुल 25 मोबाइल और वारदात में इस्तेमाल होने वाली पल्सर बाइक बरामद की। बरामद मोबाइल की कीमत 8 लाख रुपए बताई जा रही है। फरार आरोपियों सिराज व आहद की तलाश की जा रही है।



### ईरानी डेरे में बेचते थे मोबाइल




झपटमार गिरोह का टॉरगेट दिन में दो से तीन मोबाइल झपटने का होता था। झपटमारी में कामयाब होने पर आरोपी कीमती मोबाइल महज ढाई से तीन हजार रुपए में ईरानी डेरे में बेचकर अपना और अपनी गर्लफ्रेंड का शौक पूरा करते थे। गिरोह के पांच अन्य सदस्यों की पुलिस ने पहचान कर ली है। अब उनके ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। गैंग के सभी आरोपी दुर्गा नगर, आजाद नगर व काजीकैंप इलाके के हैं।

### लोडेड पिस्टल के साथ बदमाश गिरफ्तार

गोविंदपुरा पुलिस ने बताया कि 20-21 अप्रैल की दरमियानी रात गश्त के दौरान शुक्रवारा मार्केट गोविंदपुरा के पास घूम रहे संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से देशी पिस्टल और कारतूस बरामद की गई। उसने अपना नाम यूसुफ पुत्र साबिर (20) निवासी चिकलोद रोड जहांगीराबाद का होना बताया। आरोपी किसी संगीन वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। उसके खिलाफ लूट, हत्या का प्रयास, चोरी व आर्म्स एक्ट समेत अन्य संगीन अपराध पूर्व में दर्ज हैं। इसी प्रकार गत 19 अप्रैल को सेक्टर-दो शक्ति नगर से लैपटॉप चोरी होने की घटना में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया था। इस बीच चारवाल पर वाहन चैकिंग के दौरान संदिग्ध वाहन चालक शनि चौहान (19) निवासी विकास नगर, को हिरासत में तलाशी ली गई। तलाशी में उसके पास से चोरी का लैपटॉप बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से पल्सर बाइक भी जब्त की गई।

# औबेदुल्लागंज बस स्टैंड पर तीन दुकानों में लगी आग, लाखों का सामान जला



हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

बीती देर रात को तीन दुकानों में भीषण आग लग गई। आग से दुकानों में रखा लाखों का सामान जलकर खाक हो गया।

औबेदुल्लागंज बस स्टैंड की दुकानों में लगी आग से नगर में हड़कंप मंच गया। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद भी आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर नही पहुंची। लोगों का कहना है कि समय पर अगर दमकल पहुंच जाती तो आग को फैसले से रोका जा सकता था और बड़े नुकसान से बचा जा सकता है। पुलिस ने बताया कि आग लगने का कारण अज्ञात है, घटना की जांच की जा रही है।

आपत्तिजनक वीडियो वायरल की नगर में चर्चा

# नप अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे ने थाने में आवेदन देकर जांच की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागज

नगर में एक व्यक्ति पर बगैर तथ्य के एक आपत्तिजन वीडियो वायरल हो रहा है। जो चर्चा का विषय है। सोमवार को औबेदुल्लागंज थाना प्रभारी भारत प्रताप सिंह ने बताया कि नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे ने थाने में आवेदन दिया है कि जो झूठा वीडियो वायरल हो रहा है, इसकी जांच की जाए।

टीआई भारत प्रताप सिंह ने नगर परिषद अध्यक्ष के आवेदन पर जांच प्रारंभ कर पांच लोगों से पूछताछ की। टीआई भारत प्रताप सिंह ने फोन पर कहा हम जांच कर रहे हैं। बहरहाल नगर और आसपास बस एक ही चर्चा है कि सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है उससे राजनीति में हलचल पैदा हो गई है। इधर कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि कांग्रेस तो भाजपा का तमाशा देख रही है, क्या सच है क्या झूठ है, यह पुलिस जांच कर रही है। पूर्व मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे ने कहा यह सब अफवाह है। पार्षद सुजीत यादव, पार्षद सुनील सेरिया ने कहा यह हल्की और ओछी राजनीति है नगर के हित में नहीं है।

नन्हें-मुन्ने बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से लोगों का मन मोहा

# बैसाखी पर्व के उपलक्ष्य में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम, कौर सिस्टर्स ने किया रैंप वॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज



सिक्ख समाज की महिलाओं ने खालसा पंथ की स्थापना दिवस बैसाखी पर्व के उपलक्ष पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। आयोजन का मुख्य आकर्षण बड़ी उम्र की महिलाएं रहीं, जिन्होंने मंच पर रैंप वॉक किया। वहीं दूसरी और नन्हें-मुन्ने बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से लोगों का मन मोहा। महिलाओं ने भी गिद्दा कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम की शुरुआत में स्थापना दिवस क्यों मनाया जाता है इस विषय में धर्म से संबंधित अपने बच्चों को वहां बैठे सभी लोगों को सतवंत कौर ने विस्तृत जानकारी दी। उसके उपरांत पवित्र कौर, रजनी कौर ने मंच का संचालन कर सभी लोगों को अपनी मस्ती भरे अंदाज से देर रात तक बांध के रखा। उमरिया, औबेदुल्लागंज और भोपाल से आईं कौर सिस्टरस ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया। गुरु गोविंद सिंह की लाड़ली फौजी निहंग सिंह बच्चों ने गिद्दा कर सबको आश्चर्यचकित कर दिया। कौर सिस्टरस द्वारा संस्कृत कार्यक्रम के अलावा सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जाता रहा है।

### 16 साल के नाबालिग से अड़ीबाजी, मारपीट की, पीठ पर मारी छुरी

**भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र स्थित अमरनाथ कॉलोनी गेट के पास सोमवार दोपहर तीन युवकों ने एक नाबालिग को रोककर उससे शराब पीने अड़ीबाजी की और मारपीट करते हुए पीठ पर छुरी मार दी। नाबालिग का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। नाबालिग की शिकायत पर कोलार पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 16 साल का नाबालिग बी सेक्टर दामखेड़ा झुग्गी बस्ती में रहता है और प्राइवेट काम करता है। पुलिस को बताया सोमवार दोपहर वह घर से रिश्तेदार के घर जाने के लिए निकला था ए सेक्टर दामखेड़ा झुग्गी में रहने वाले गन्नू यादव, भैय्यु यादव और सागर ने उसे रोक लिया और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगे। मना करने पर मारपीट की।

चार साल से लोकेशन बदल-बदलकर पुलिस को दे रहा था चकमा

# क्रेडिट कार्ड ब्लॉक करने का झांसा देकर की थी ठगी, सरगना दिल्ली से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सायबर क्राइम पुलिस ने क्रेडिट कार्ड ब्लॉक करने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह के सरनगा को उत्तम नगर दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी चार साल से अपनी लोकेशन बदल-बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दस हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था। उक्त प्रकरण में गिरोह के दो सदस्यों को सायबर क्राइम पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है।

एडिशनल डीसीपी शैलेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि भोपाल निवासी डॉ. देवप्रिय शुक्ल गत 20 अगस्त 2020 में शिकायत कराई थी कि उसके पास अज्ञात नंबर से कॉल आया था। कॉलर ने खुद को भारतीय स्टेट बैंक का अधिकारी बताया और क्रेडिट कार्ड ब्लॉक करने की बात कही। कार्ड ब्लॉक न करने के नाम पर उसने क्रेडिट कार्ड की जानकारी मांगी और ओटीपी मांगकर 3 लाख 61 हजार 999 रुपए की धोखाधड़ी की। पुलिस ने जांच के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन सरगना की गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी। वह बार-बार अपनी लोकेशन बदलता रहा था।



लगातार प्रयास के बाद पुलिस ने आखिकार सरगना सैय्यद परवेज हाशमी निवासी उत्तम नगर दिल्ली, को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से तीन मोबाइल, चार सिम कार्ड, एक एटीएम कार्ड व एक वाईफाई राउटर जब्त किया है। साबयर पुलिस इस गिरोह के दो सदस्यों जाकिर हुसैन व अनुज कुमार दोनों निवासी अमरोहा उत्तर प्रदेश, को गिरफ्तार कर चुकी है।

पूर्ण ज्योति सेवा संस्था भोले के दरबार के सदस्य कर रहे सेवा

# प्रति सोमवार 500 लोगों को कराया जाता है भूखे को भोजन और प्यासे पिलाते हैं शीतल जल

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर



पूर्ण ज्योति सेवा संस्था भोले के दरबार द्वारा प्रति सोमवार को भूखे को भोजन और प्यासे को पानी पिलाकर अपनी सेवा विगत सोमवार से आरंभ की गई थी। आज दूसरे सोमवार को भी यह सेवा जारी रही। चंचल चौराहा स्थित शिव मंदिर परिसर में यह सेवा कार्य किया जा रहा है। सेवा संस्था द्वारा प्रति सोमवार को करीब 500 लोगों को भोजन की व्यवस्था निःशुल्क की जाती है। साथ ही शीतल जल भी वितरित किया जाता है। शिव महापुराण कथा वाचक व पूर्ण ज्योति सेवा संस्था के संस्थापक मुकेश महाराज और उनके अनुयायियों, भोले के दरबार के सेवादारियों द्वारा यहा सेवा कार्य किया जाता है।

मुकेश महाराज ने कहा कि इस सेवा को वास्तविक जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने का हमारा लक्ष्य है, जिससे उन गरीब परिवारों का भरण पोषण हो सके, जो दो वक्त के खाने को भी तरसते हैं। सभी को अच्छा भोजन प्राप्त हो तथा सभी स्वस्थ और निरोगी रहें यही कामना है। इस सेवा कार्य में स्वामी जी के साथ हीरो फैंस क्लब के अध्यक्ष हीरो हिंदू, भाजपा नेता महेश खटवानी, प्रभु दास मूलचंदानी, नानक ददलानी, शिवांश शर्मा, हरीश छुगानी, महेश छुगानी, हीरो वतनानी, शेरु रिजवानी, राजू रामानी, साहित्यकार राकेश तुलसानी, प्रवीण होतवानी, शमी गंगवानी, अशोक तनवानी, प्रकाश मीणा, राजकुमार दादवानी, भोले के दरबार की गुरु माता भूमिका शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

दहोद क्रिकेट प्रीमियर लीग का समापन

# अमित नागर के प्रदर्शन से श्री श्याम राइजिंग स्टार बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

औद्योगिक नगर के समीपस्थ दहोद में आयोजित दहोद क्रिकेट प्रीमियर लीग का समापन हो गया। फाइनल मुकाबला श्री श्याम राइजिंग स्टार व बाजार लायंस के बीच रहा। आयोजन समिति अभिषेक जैन गोलू ने बताया कि फाइनल मुकाबले में बाजार लायंस ने पहले खेलते हुए निर्धारित ओवरों में 72 रन बनाए, जिसके जवाब में श्री श्याम राइजिंग स्टार ने अमित नागर के शानदार प्रदर्शन से 4 विकेट से मैच जीतकर विजेता का खिताब अपने नाम किया।

अभिषेक जैन बताया कि प्रतियोगिता में टोटल 16 टीमों ने भाग लिया था। समारोह में सभी अतिथियों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया। प्रतियोगिता की विजेता टीम श्री श्याम राइजिंग स्टार को विजेता का खिताब प्रदान किया गया, वही बाजार लायंस को उपविजेता तथा आईसीसी पुरस्कार प्रदान किया। फायनल मुकाबले के मैन आफ द मैच अमित नागर व मैन आफ द सीरीज ऋतिक मालवीय को चुना गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमरोन हाईटेक आटोमोबाइल के संचालक संस उर रहमान ने कहा कि इस तरह के आयोजन से खेल और खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा मिलता है, और खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए इस तरह के आयोजन जरूरी है।



# बेगम्स ऑफ भोपाल क्लब ने किया वर्ल्ड अर्थ डे पर हैरिटेज वॉक का आयोजन

## इतिहास, पर्यावरण और सतत विकास के संगम पर आधारित रही हैरिटेज वॉक

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

बेगम्स ऑफ भोपाल क्लब द्वारा वर्ल्ड अर्थ डे के अवसर पर भोपाल की ऐतिहासिक धरोहर सदर मंजिल, हैरिटेज बाय एटमॉस्फियर, में एक भव्य हैरिटेज वॉक का आयोजन किया गया। इस हैरिटेज वॉक का नेतृत्व सुप्रसिद्ध इतिहासकार मीरा दास ने किया, जिन्होंने सदर मंजिल के सुनहरे अतीत को बेहद रोचक और ज्ञानवर्धक तरीके से उपस्थित जनों के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि यह भवन न केवल भोपाल की रियासतकालीन शान का प्रतीक है, बल्कि आज भी इसकी भव्यता और वास्तुशिल्प लोगों को मंत्रमुग्ध करती है। इस अवसर पर लगभग 55 क्लब सदस्यों, विशिष्ट अतिथियों, और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।



### भोपाल की समृद्ध तहजीब व संस्कृति पर डाला प्रकाश



प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर मुमताज खान ने भोपाल की समृद्ध तहजीब व संस्कृति के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। एटमॉस्फियर ग्रुप द्वारा इस धरोहर को रेनोवेट कर एक सर्वसुविधायुक्त हेरिटेज होटल के रूप में विकसित किया गया है, जिसमें पर्यावरण के संरक्षण और सस्टेनेबल डेवलेपमेंट के मूल्यों का विशेष ध्यान रखा गया है। ग्रुप की हेड रखशां ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना है, बल्कि भोपाल को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रमुख ट्यूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करना भी है।




**आईसेक्ट के 40 वर्षों की उपलब्धियों के साथ भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा**

# समर्थ भारत कॉन्क्लेव 2025: विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका



हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

भारत का अग्रणी सामाजिक उद्यम आईसेक्ट द्वारा चौथे समर्थ भारत कॉन्क्लेव - 2025 का आयोजन सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे हॉल में किया गया। 'विकसित भारत के निर्माण में कौशल विकास, वित्तीय समावेशन और सामाजिक उद्यमिता की भूमिका' विषय पर आयोजित इस कॉन्क्लेव का उद्घाटन मप्र शासन के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ल द्वारा किया गया। उन्होंने आईसेक्ट के ग्रामीण स्तर पर उद्यमिता और कौशल विकास को बढ़ावा देने वाले प्रयासों की सराहना की और बताया कि मध्य प्रदेश शासन भी लगातार अपने प्रयासों एवं योजनाओं से ग्रामीण क्षेत्र को सशक्त बनाने का प्रयास कर रही है।



### स्किल कोर्सेज के संचालन से छात्रों को किया जा रहा सशक्त

डॉ. किरण रजन्ना ने अपने वक्तव्य में स्किल डेवलपमेंट को बढ़ावा दिए जाने पर जोर दिया और यह बताया कि कैसे एनएसडीसी आईसेक्ट के साथ मिलकर देशभर में स्किल कोर्सेज का संचालन कर विविध छात्रों को सशक्त बनाने का काम कर रही है।

### आईसेक्ट के विकास की 40 साल की यात्रा पर डाला प्रकाश

इस दौरान संतोष चौबे ने आईसेक्ट के विकास की 40 साल की यात्रा के बारे में संक्षिप्त में बताया। उन्होंने भारत में हुई सूचना क्रांति में आईसेक्ट के योगदान को रेखांकित किया जिसमें आईसेक्ट की पहुंच 1.5 करोड़ लोगों तक हो गई है। आईसेक्ट अपने सभी शिक्षा संस्थानों और वर्टिकल के साथ मिलकर कला, संस्कृति और विज्ञान को लेकर ग्लोबल स्तर पर कार्य कर रहा है।

### विभिन्न विषयों में नॉलेज सेशन्स का हुआ आयोजन

इस दौरान कार्यक्रम में विभिन्न विषयों में नॉलेज सेशन्स का आयोजन किया गया जिसमें स्किल इंडिया मिशनः ट्रांसफोर्मिंग इंडियाज वर्कफोर्स फॉर द फ्यूचर, इम्पोर्टेंस ऑफ काउंसलिंग इन होलिस्टिक यूथ डेवलपमेंट, ग्लोबल पाथवे फॉर हायर एजुकेशन, स्किलिंग द नेक्स्ट जेनरेशन जैसे विषय शामिल रहे।

**28 तक चलेगा मृगनयनी एम्पोरियम में चंदेरी उत्सव**



# 52 हजार की बादल महल साड़ी बनी आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मप्र अपनी प्राकृतिक खूबसूरती, इतिहास, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं कलात्मक धरोहर के लिए विश्व में विशिष्ट स्थान रखता है। यही कारण है कि आज भी जब कहीं प्रदेश की कलात्मक विरासत की बात आती है तो उसमें सबसे पहले चंदेरी का जिक्र जरूर होता है। कपास और रेशम के मिश्रण से बुनी चंदेरी की ऐसी साड़ियों का कलेक्शन इन दिनों न्यू मार्केट स्थित मृगनयनी एम्पोरियम में आयोजित चंदेरी उत्सव में देखने को मिल रहा है। जिसमें चंदेरी से आये शिल्पी मो. शगारी, मो. असद खान और मुज्जफर खान ने एक से बढ़कर एक चंदेरी में तैयार डिजाइनर कलेक्शन को प्रदर्शित किया है। एम्पोरियम के प्रबंधक अरविंद शर्मा ने बताया कि चंदेरी साड़ियां अपनी समृद्ध पारदर्शी गुणवत्ता और कम वजन के लिए जानी जाती हैं।

### यह है बादल महल साड़ी की विशेषता

चंदेरी उत्सव में शिल्पी मुज्जफर खान विशेष तौर पर बादल महल चंदेरी साड़ी लेकर आए हैं। इस साड़ी में बादल महल के मुख्य द्वार सहित गुंबद को बड़ी ही सावधानी पूर्वक से शिल्पियों ने उकेरा, इसमें दरबान के हाथ में रहने वाले छत्री को भी उकेरा गया है। मुज्जफर खान ने बताया कि एक साड़ी को तैयार करने में लगभग छह महीने से अधिक का समय लगता है। इस साड़ी की कीमत 52 हजार रुपये है।

**रवींद्र भवन में कथक की मनभावन छटा बिखेरता नृत्यरंजिनी 2025 महोत्सव**

# लय-भाव और गतियों के जीवंत प्रदर्शन से सजा 'नृत्यरंजिनी'



हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल



शास्त्रीय नृत्य की गरिमा और सौंदर्य की भव्य छटा बिखेरता नृत्यरंजिनी 2025 महोत्सव का आगाज सोमवार से रवीन्द्र भवन सभागार में हुआ। दो दिवसीय महोत्सव का प्रथम दिन भारतीय संस्कृति की प्रमुख नृत्य शैली कथक को समर्पित रहा। जिसमें गुरु क्षमा मालवीय के निर्देशन में उत्तर भारत की पारंपरिक नृत्य शैली की नौ प्रस्तुतियों में लय, भाव और गतियों का जीवंत प्रदर्शन देखने को मिला इन प्रस्तुतियों में नन्हे नौनिहाल के थिरकते कदमों से सभागार संगीत की धुन में रम गया। प्रस्तुति की शुरुआत गणेश पचरत्नम से हुई, इसके बाद चतुरंग की प्रस्तुति में ख्याल में प्रयुक्त होने वाले तबले या पखावज के साथ सरगम तथा तराने के बोलों को तीनलाल और राग शुदधा सारंग में निबद्ध किया।

**प्रस्तुतियां देकर नृत्यांगनाओं ने दर्शकों की लूटी वाहवाही**

### ताल चौताल और राग शंकरा में निबद्ध 'शिव स्तुति'



कार्यक्रम की अगली कड़ी में शिव स्तुति पर नृत्यांगनाओं ने ताल चौताल और राग शंकरा में निबद्ध करके प्रस्तुति किया इस प्रस्तुति में दर्शाया कि दया के अवतार भगवान शिव गले में सर्प माला धारण किए हैं और ऐसे शिव की हम आराधना करते हैं। वहीं अगली कड़ी में ताल तीनताल की प्रस्तुति में गणेश परन, आमद, तोड़े, चक्करदार तोड़े, तिहाइयां, परन, चक्करदार परन, प्राइमलु, कविता पर प्रस्तुति देकर नृत्यांगनाओं ने दर्शकों की खूब वाह वाही लूटी।

### राग बागेश्री में भगवान श्रीकृष्ण की महिमा का किया गुणगान

एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुतियों में अगली प्रस्तुति कृष्ण वंदना की रही, जिसमें राग बागेश्री में भगवान श्रीकृष्ण की महिमा का गुणगान किया और उनके स्वरूप, सौंदर्य, दयालुता को प्रेम की भीनी खुशबू के प्रतीक के रुप में दर्शाया। वहीं फारसी और अरबी स्वरों पर आधारित तीनताल और राग यमन में निबध्द तराना की प्रस्तुति खास रही। अपनी प्रस्तुति के अंतिम चरणों में होरी धमार को कथक की लयकारी में पिरोकर प्रस्तुत किया।

### मां दुर्गा के विभिन्न रुपों पर आधारित 'दुर्गा चरितम'

अंतिम कड़ी में नृत्यांगनाओं ने दुर्गा चरितम की प्रस्तुति दी जिसमें मां दुर्गा के विभिन्न रुपों को नृत्य रुप में प्रस्तुत किया और अंत में नृत्यांगनाओं ने अपनी प्रस्तुति को विराम एककार की प्रस्तुति से दिया जो राग यमन के फ्यूजन पर आधारित रहा।

**राजधानी में होने जा रहा है धमाकेदार संगीत महोत्सव**



# इंडीमून्स आर्ट्स फेस्टिवल का म्यूजिक एडिशन 26-27 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

भोपाल एक बार फिर गूंजेगा संगीत की धुनों से, जब इंडीमून्स आर्ट्स फेस्टिवल अपने म्यूजिक एडिशन के साथ 26 और 27 अप्रैल को रवीन्द्र भवन के हंसध्वनि ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। इस दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम भारतीय पॉप-रॉक संगीत का जश्न मनाएगा, जिसमें उभरते हुए कलाकारों से लेकर दिग्गज बैंड तक अपनी प्रस्तुतियां देंगे। यह जानकारी इंडीमून्स आर्ट्स फेस्टिवल के आयोजकों ने सोमवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता में दी।

- दिग्गज बैंड देंगे अपनी प्रस्तुतियां

### 'बैंड यूफनी' की धुन से गूंजेगा सभागार

इंडीमून्स आर्ट्स फेस्टिवल के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए इन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य उभरते हुए कलाकारों को मंच देना, संगीत प्रेमियों को एक साथ लाना और भोपाल को एक सांस्कृतिक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। पिछले एडिशन में शरमन जोशी, पंकज कपूर, नितीश भारद्वाज और मकरंद देशपांडे जैसे दिग्गज कलाकारों की दमदार प्रस्तुतियां देखने को मिली थीं। अब संगीत के इस जादुई अनुभव के लिए पूरा शहर तैयार है। जिसमें 26 अप्रैल को 'बैंड यूफनी' की प्रस्तुति होगी तो वहीं 27 अप्रैल 'बैटल ऑफ द बैंड्स' की धुन से रवीन्द्र भवन सभागार गूंजेगा।

# कोपल स्कूल में नाटक हम कौन हैं' का किया मंचन, दर्शकों ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल



द राइजिंग सोसायटी ऑफ आर्ट एंड कल्चरल व पहल इम्प्रिंट द्वारा स्वच्छता व महिला सुरक्षा पर आधारित नाटक हम कौन है का मंचन कोपल स्कूल में किया गया। नाटक में दर्शाया कि मोहल्ले, शहर और अपने आसपास को कैसे हम बर्बाद कर रहे हैं, जहां कई लोग इस दुनिया को बेहतर बनाने में लगे हैं, वैसे कई लोग जाने-अनजाने इसे उजाड़ और बर्बाद भी कर कर रहे हैं। नाटक में लेखन तानाजी का और निर्देशन प्रीति झा तिवारी का रहा।

**दुष्यंत संग्रहालय में नाट्य प्रस्तुति एवं विचार-विमर्श का आयोजन**

# रंगमंच एकमात्र अभिनय नहीं जीवन जीने की कला सिखाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

भोपाल में रंगमंच की गहरी जड़ें हैं, लेकिन दुर्भाग्यवश यह केवल मंचीय प्रस्तुतियों तक सीमित रह गया है। विद्यालयों में रंगमंच को एक विकल्प मानकर, केवल वार्षिक कार्यक्रमों तक सिमटा दिया गया है। यह बात वरिष्ठ रंगकर्मी मॉरिस लाजरस ने सोमवार को दुष्यंत संग्रहालय में आयोजित नाट्य प्रस्तुति एवं विचार विमर्श सत्र में कही। इस दौरान मॉरिस ने शिक्षा में रंगमंच-भोपाल शहर में स्थिति, महत्व एवं आवश्यकता विषय पर विचार रखे। वहीं, उज्वल ने कहा कि रंगमंच केवल अभिनय नहीं, जीवन जीने की कला सिखाता है। भोपाल में छात्रों में यह



ललक है, बस उसे सही दिशा और संरचना देनी होगी। उन्होंने कहा कि स्कूलों और कॉलेजों में रंगमंच को सिलेब्स से जोड़ दिया जाए तो हम बच्चों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास में बड़ा योगदान दे सकते हैं।

### अभिनय से समझाया रिश्तों का महत्व

इससे पूर्व समाज में रिश्तों के महत्व, मानवीयता और संवेदनशीलता को दर्शाते नाटक वाकपटु का मंचन हुआ। लोक कथाओं पर केंद्रित इस नाटक का निर्देशन वसीम खान ने किया। नाटक में कलाकारों ने अपने अभिनय के माध्यम से परिवार के लोगों के बीच हास-परिहास से बनते बिगड़ते रिश्तों को बड़ी ही खूबसूरती के साथ मंच पर प्रस्तुत किया।

# प्रकृति और मानव महत्वाकांक्षा के टकराव को दर्शाती शेक्सपियर की रचनाएं

## भोपाल शेक्सपियर फेस्टिवल में मैकबेथ और द टेम्पेस्ट का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

क्लब लिटराटी द्वारा 25 अप्रैल तक शेक्सपियर फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। इसके



दूसरे दिन प्रतिभाशाली स्कूली बच्चों द्वारा शेक्सपियर के क्लासिक नाटकों मैकबेथ और द टेम्पेस्ट का एक मनोरम मंचन दर्शकों के अविस्तरणीय रहा। जिसमें प्रकृति और मानव महत्वाकांक्षा के बीच जटिल संबंधों को निजी स्कूल में प्रस्तुत किया।

### नैतिक क्षय पर आधारित रही प्रस्तुति



द टेम्पेस्ट की द्वीप सेटिंग ने एक शक्तिशाली रूपक के रूप में कार्य किया, जो मानव प्रभुत्व को चुनौती देने की प्रकृति की क्षमता का प्रतीक है। वहीं नाटक मैकबेथ की ब्लास्टेड हीथ सेटिंग ने मैकबेथ को सटीकता के साथ जीवंत रुप में प्रस्तुत किया, यह नैतिक क्षय पर आधारित प्रस्तुति रही।

**भांड शैली का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रदर्शित करती नाट्य प्रस्तुति**

# शहीद भवन में समांतर नाट्य संस्था का नाटक 'शर्त' का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

एंटोन चेखव की प्रसिद्ध कहानी द बेट पर आधारित एकल प्रस्तुति 'शर्त' का मंचन सोमवार को शहीद भवन सभागार में किया गया। समांतर नाट्य संस्था द्वारा आयोजित यह प्रस्तुति नाट्य शास्त्र के 10 रूपक विधान के अंतर्गत आने वाले भांड शैली का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसमें एक अकेला अभिनेता कथा वाचक की भूमिका निभाते हुए कहानी के सभी पात्रों को जीवंत करता है । यह प्रस्तुति एक भव्य पार्टी में एक वकील और एक धनी बैंकर के बीच हुई एक अप्रत्याशित शर्त के दिलचस्प कथानक के चारों ओर घूमती है। मृत्युदंड और अजीवन कारावास के नैतिकता पर गरमा गरम बहस के द्वारा वकील आजीवन कारावास का समर्थन करता है।



### एकांत कारावास में पूरे 15 वर्ष बिताने का लेता है निर्णय

वकील अपने दृढ़ विश्वास को साबित करने के लिए, एकांत कारावास में पूरे 15 वर्ष बिताने का एक साहसिक निर्णय लेता है। शर्त के अनुसार यदि वकील चुनौती में सफल होता है तो बैंकर उसे एक बड़ी धनराशि देगा। पूरी प्रस्तुति के दौरान अभिनेता कुशलता पूर्वक कथा वाचक की भूमिका निभाते हुए दर्शकों को कहानी के विभिन्न दृश्यों और भावनात्मक परिवर्तनों के बीच एक सहज संबंध स्थापित करने में मदद करता है। इस नाटक में दार्शनिक, आध्यात्मिक और भावनात्मक पहलुओं को भी दशार्या गया है। शर्त की समाप्ति से कुछ क्षण पहले वकील का कारावास से बाहर निकल जाना एक गहरा संदेश देता है, यह दर्शाता है कि उसने बाहरी दुनिया के सभी भौतिक इच्छाओं और बंधनों को त्याग कर एक भिन्न आध्यात्मिक मार्ग का चुनाव कर लिया है।

# आज जिन नीतियों पर काम कर रहे हैं, वे 1 हजार साल का भविष्य तय करने वाली हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17वें लोक सेवा दिवस कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कई अधिकारियों को सम्मानित किया। पीएम मोदी ने 'लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए जिलों का समग्र विकास' और 'लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार से चुनिंदा नवाचार' पर ई-कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। पीएम मोदी ने कहा कि हम आज जिन नीतियों पर काम कर रहे हैं, जो निर्णय ले रहे हैं, वे एक हजार साल का भविष्य तय करने वाले हैं। इस बार का सिविल सर्विस डे कई वजहों से बहुत विशेष है। इस साल हम अपने संविधान का 75वां वर्ष मना रहे हैं और यह सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती का भी साल है। 21 अप्रैल, 1947 को सरदार वल्लभभाई पटेल ने आप सभी को 'भारत का स्टील फ्रेम' कहा था यानी ईमानदारी और अनुशासन से भरे सिविल सेवक।



पीएम ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने आप सभी को 'भारत का स्टील फ्रेम' कहा था यानी ईमानदारी और अनुशासन से भरे सिविल सेवक। सरदार वल्लभभाई पटेल ने स्वतंत्र भारत की ब्यूरोक्रेसी की नई मर्यादाएं तय की थीं। एक ऐसा सिविल सर्वेंट जो राष्ट्र की सेवा को अपना सर्वोत्तम कर्तव्य माने, जो लोकतांत्रिक तरीके से प्रशासन चलाए, जो ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण से भरा हुआ हो।

### पीएम ने कही खास बातें

**2014** से ही व्यवस्थागत बदलाव को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया

**10** सालों में भारत ने प्रभावशाली परिवर्तन का सफर देखा

**हमारी नौकरशाही** और नीति-निर्माण पुरानी प्रणालियों पर काम नहीं कर सकते

**एक हिसाब से देखें तो** 1 हजार साल की सहस्त्राब्दी के पहले 25 साल बीत गए हैं

### 17वें लोक सेवा दिवस पर बोले प्रधानमंत्री मोदी



#### तेजी से बदल रही है दुनिया

इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले की प्राचीर पर दिए अपने भाषण का जिक्र करते हुए कहा, कुछ समय पहले मैंने लाल किले से कहा था कि आज के भारत को आने वाले 1 हजार साल की नींव को मजबूत करना है। एक हिसाब से देखें तो 1 हजार साल की सहस्त्राब्दी के पहले 25 साल बीत गए हैं। यह नई शताब्दी का 25वां साल है और नई सहस्त्राब्दी का भी 25वां साल है। हम आज जिन नीतियों पर काम कर रहे हैं, जो निर्णय ले रहे हैं, वे 1 हजार साल का भविष्य तय करने वाले हैं। उन्होंने आगे कहा कि आज हम एक ऐसी दुनिया में जी रहे हैं, जो तेजी से बदल रही है। हमारी नौकरशाही और नीति-निर्माण पुरानी प्रणालियों पर काम नहीं कर सकते।

#### कोई भी परिवार, नागरिक या गांव पीछे न छूटे

पीएम ने सिविल सेवा की थीम भारत का समग्र विकास पर कहा, मुझे खुशी है कि इस साल की सिविल सेवा की थीम भारत का समग्र विकास है। यह सिर्फ एक थीम नहीं है बल्कि यह राष्ट्र के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है। समग्र विकास का मतलब है कि कोई भी परिवार, नागरिक या गांव पीछे न छूटे। वास्तविक प्रगति छोटे-मोटे बदलावों के बारे में नहीं है, बल्कि बड़े पैमाने पर सार्थक प्रभाव के बारे में है। हर घर में साफ पानी होना चाहिए और हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलनी चाहिए।

#### प्रभावशाली परिवर्तन का सफर तय किया है

पीएम मोदी ने कहा कि बीते 10 सालों में भारत ने वृद्धिशील परिवर्तन से आगे बढ़कर प्रभावशाली परिवर्तन का सफर देखा है। आज भारत का शासन मॉडल देश जनरेशन रिफॉर्म पर ध्यान दे रहा है। हम तकनीक, नवाचार और नवीन अभ्यास के जरिए सरकार और नागरिकों के बीच की दूरी समाप्त कर रहे हैं। इसका प्रभाव ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ दूर दराज के इलाकों में भी दिख रहा है। उन्होंने आगे कहा कि आज हम एक ऐसी दुनिया में हैं जो बहुत तेजी से बदल रही है। हमारी नौकरशाही और नीति-निर्माण पुरानी प्रणालियों पर काम नहीं कर सकते। यही कारण है कि 2014 से ही व्यवस्थागत बदलाव को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया गया है। हम बहुत तेजी से खुद को बदल रहे हैं। भारत का आकांक्षी समाज चाहे वह युवा हो, किसान हो।

## खबर संक्षेप

### अमरनाथ यात्राः 2 लाख भक्तों का हुआ पंजीकरण

**जम्मू।** श्री अमरनाथ यात्रा के लिए पांच दिन में करीब दो लाख श्रद्धालु ऑनलाइन और ऑफलाइन अग्रिम पंजीकरण करवा चुके हैं। तीन जुलाई से शुरू होने वाली यात्रा में ज्यादातर शिवभक्त पवित्र हिमलिंग के दर्शन करने को आतुर हैं। इस बार भी यात्रियों में खासा उत्साह है। पिछली यात्राओं में 15 से 20 दिन में ही हिमलिंग अंतर्ध्यान हो गए थे।



### गूगल ने 20.24 करोड़ रुपए में निपटारा किया

**नई दिल्ली।** गूगल ने एंड्रॉइड टीवी खंड में कथित रूप से अनुचित व्यापार व्यवहार से संबंधित करीब चार साल पुराने एक मामले में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के साथ समझौता किया है। प्रौद्योगिकी कंपनी ने इस संबंध में नियामक को 20.24 करोड़ रुपए की निपटान राशि का भुगतान किया है। मामला खत्म हो गया।



### आंबेडकर को कांग्रेस ने हाशिए पर धकेला

**शिमला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को राजनीतिक हाशिए पर धकेला। वह भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान के तहत सभाओं को संबोधित कर रहे थे।



### शाह-बिट्टू के खिलाफ साजिश, दो गिरफ्तार

**मोगा (पंजाब)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ साजिश रचने का खुलासा हुआ है। वहीं केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू भी निशाने पर हैं। मामले की जांच के बाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वाट्सएप ग्रुप वारिस पंजाब दे की चैट वायरल हो रही थी। जिसमें नुकसान पहुंचाने की बात थी।



### मुर्शिदाबाद हिंसा पर सुनवाई के दौरान बोले जस्टिस गवई

# हम पर पहले से ही संसदीय कार्यों में दखल देने के आरोप हैं, राष्ट्रपति को आदेश कैसे दें?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने और पैरामिलिट्री फोर्स तैनात करने की याचिका पर कोई आदेश जारी करने से इनकार कर दिया। याचिकाकर्ता ने अपील की थी कि वक्फ कानून के विरोध में हुई मुर्शिदाबाद हिंसा के बाद कोर्ट इस पर फैसला ले। इस पर जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने कोई आदेश नहीं दिया। बेंच ने याचिकाकर्ता से पूछा- क्या आप चाहते हैं कि हम राष्ट्रपति को इसे लागू करने का आदेश भेजें? हम पर दूसरों के अधिकार क्षेत्र में दखलंदाजी के आरोप लग रहे हैं। जस्टिस गवई अगले महीने सीजेआई बनने वाले हैं। याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ कर रही थी। सुनवाई के दौरान ही जस्टिस गवई ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान का जिक्र किया। हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने राज्य में 2021 के चुनाव के बाद हुई हिंसा के मद्देनजर दायर एक लंबित याचिका में कुछ नए तथ्य रिकॉर्ड में लाने के लिए कुछ अन्य दस्तावेज दाखिल करने की अनुमति मांगी है। बता दें कि एक मामले में 8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि की कार्रवाई को अवैध और गलत करार दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपालों के लिए उनके समक्ष प्रस्तुत विधेयकों पर निर्णय लेने के लिए एक समय सीमा भी निर्धारित की थी। बाद में भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा था, भारत के संविधान के अनुसार, कोई भी लोकसभा और राज्यसभा को निर्देश नहीं दे सकता है और राष्ट्रपति ने पहले ही इस पर अपनी सहमति दे दी है। कोई भी राष्ट्रपति को चुनौती नहीं दे सकता, क्योंकि राष्ट्रपति सर्वोच्च हैं।

याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ कर रही थी। सुनवाई के दौरान ही जस्टिस गवई ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान का जिक्र किया। हालांकि, उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया।

**राष्ट्रपति शासन की मांग वाली लगाई थी याचिका**

*केंद्रीय बलों की तैनाती से इनकार किया, वकील के दावों पर भी सवाल उठाए*

*नए तथ्य रिकॉर्ड में लाने के लिए दस्तावेज दाखिल करने की अनुमति मांगी*



#### इसलिए लगाई गई थी याचिका

जस्टिस गवई की टिप्पणी दोनों बयानों का संदर्भ देती हुई लग रही है। इस बीच मुर्शिदाबाद हिंसा के संबंध में सोमवार की याचिका में केंद्र सरकार को अनुच्छेद 355 और 356 के तहत शक्तियों का प्रयोग करने का निर्देश देने की मांग की गई है। भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए खतरा पैदा करने वाली बिगड़ती स्थिति को ध्यान में रखते हुए ये याचिका दायर की गई है।

#### लंबित याचिका पर आज होगी सुनवाई

संविधान का अनुच्छेद 355 केंद्र सरकार के कर्तव्य से संबंधित है, जो राज्यों को बाहरी आक्रमण और आंतरिक अशांति से बचाता है, जबकि अनुच्छेद 356 राज्य में संवैधानिक तंत्र की विफलता के मामले में प्रावधानों को दर्शाता है। नए आवेदन में बताया गया है कि लंबित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई होनी है। इसमें 2022 से अप्रैल 2025 तक हिंसा, अधिकारों के उल्लंघन, महिलाओं के खिलाफ अपराधों की घटनाओं, विशेष रूप से मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन के बाद हुई हिंसा की जांच करने और अदालत को रिपोर्ट सौंपने के लिए 1 सेनि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश और दो सेवानिवृत्त हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की अध्यक्षता में एक समिति की नियुक्ति की मांग कर एक अतिरिक्त आवेदन दायर करने की अनुमति मांगी।

### मुर्शिदाबाद में हिंसा पीड़ितों से मिले केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार



केंद्रीय मंत्री और बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने सोमवार को हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा किया और वक्फ अधिनियम विरोध के दौरान हुई हिंसा से प्रभावित पीड़ितों से मुलाकात की। पीड़ितों से मिलने के बाद मजूमदार ने कहा कि अगर कलकत्ता हाई कोर्ट राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) को जांच करने की अनुमति देता है तो सरकार को अदालत के आदेशों का पालन करना होगा। सुकांत मजूमदार ने मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी द्वारा अधिकारियों पर दबाव बनाने के लिए कटाक्ष किया और सवाल किया कि अब जबकि उनके घर नष्ट हो गए हैं तो वे कहां जाएंगे। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हम लोगों की मांगों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग एनआईए जांच के लिए अदालत गए हैं। अब हमारी सारी निगाहें अदालत पर टिकी हैं। अगर कलकत्ता हाई कोर्ट एनआइए जांच की अनुमति देता है, तो सरकार भी ऐसा ही करेगी। ममता बेनर्जी अधिकारियों पर पीड़ितों को वापस भेजने का दबाव बना रही हैं, लेकिन वे (हिंसा के पीड़ित) कहां जाएंगे? उनके घर जला दिए गए हैं और नष्ट कर दिए गए हैं।

### पूर्व डीजीपी की हत्या का खुलासा

# खाना खाते वक्त पत्नी ने झोंक दी आंखों में मिर्ची फिर चाकू से गोद डाला!

**पत्नी और बेटी से अक्सर अफसर का होता था झगड़ा**



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के पूर्व पुलिस महानिदेशक ओम प्रकाश की हत्या के मामले में सोमवार को नया खुलासा हुआ। पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि पत्नी पल्लवी ओम प्रकाश की हत्या की प्रमुख संदिग्ध है। घटना के समय ओम प्रकाश खाना खा रहे थे। इस दौरान दोनों के बीच झगड़ा हुआ।

यह इतना बढ़ गया कि पत्नी ने उनकी हत्या कर दी। पल्लवी ने पहले ओम प्रकाश पर मिर्ची पाउडर फेंका, जब जलन से राहत पाने के पूर्व डीजीपी इधर-उधर भाग रहे थे तो पल्लवी ने उनकी गर्दन, पेट और छाती पर चाकू से 10-12 वार किए गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पल्लवी ने गुनाह कबूल कर लिया है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस वारदात के दौरान बेटी कृति भी वहीं मौजूद थी। शुरुआती जांच में सामने आया है कि हत्या के बाद एक अन्य आईपीएस ऑफिसर की पत्नी को मैसेज किया- एक राक्षस को खत्म कर दिया। बाद में पल्लवी ने उन्हें फोन कर बताया कि उसने ओम प्रकाश की हत्या कर दी है।

इसके बाद ऑफिसर ने ही पुलिस को सूचना दी। वहीं कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा, ओम प्रकाश की हत्या कर दी गई है। शुरुआती जानकारी से पता चलता है कि उनकी पत्नी ने अपराध किया है, लेकिन इसकी जांच चल रही है।

#### प्रॉपर्टी को लेकर हुआ था विवाद

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ओम प्रकाश और पत्नी पल्लवी के बीच संपत्ति को लेकर विवाद था। ओम प्रकाश ने प्रॉपर्टी किसी रिश्तेदार को ट्रांसफर कर दी थी। इसके चलते दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता था, जो बाद में हाथापाई तक आ गई। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि हत्या में उनकी बेटी की कोई भूमिका है या नहीं। बेंगलुरु के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त विकास कुमार ने बताया कि पुलिस को रविवार शाम करीब 4 बजे रिटायर्ड अफसर की मौत की सूचना मिली।

### चाणक्य सेना ने किया ऐलान

# अनुराग का मुंह काला करने पर मिलेगा 1 लाख का इनाम

एजेंसी ▶▶ जयपुर

सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज पर विवादित टिप्पणी को लेकर फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप के खिलाफ समाज में आक्रोश है। चाणक्य सेना ने अनुराग कश्यप के इस बयान की कड़े शब्दों में निंदा की है। इसके साथ ही उनका मुंह काला करने का ऐलान किया है। चाणक्य सेना ने अनुराग कश्यप का मुंह काला करने वाले व्यक्ति को एक लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की है। चाणक्य सेना के संरक्षक और सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने कहा, अनुराग कश्यप की टिप्पणी से समाज में जबरदस्त आक्रोश है। उन्होंने बताया कि समाज के विभिन्न संगठनों ने एक सुर में अनुराग कश्यप के बयान पर विरोध दर्ज करवाया है। चाणक्य सेना, सर्व ब्राह्मण महासभा, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा, विश्व ब्राह्मण परिषद, अखिल भारतीय ब्राह्मण संघ की वर्चुअल बैठक हुई।




### पीडीईयू में सेमीकंडक्टर निर्माण

# एआई प्रशिक्षण देने वाला कौशल विकास केंद्र शुरू

एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने सोमवार को सेमीकंडक्टर निर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा और कृत्रिम मेधा (एआई) जैसे उभरते क्षेत्रों में युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए 'पीडीईयू-एनएसडीसी कौशल विकास के लिए उत्कृष्टता केंद्र' का उद्घाटन किया। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने पंडित दीनदयाल ऊर्जा विश्वविद्यालय (पीडीईयू) के साथ साझेदारी में गांधीनगर में उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की है। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि यह पहल भारत के युवाओं को राष्ट्रीय विकास के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उन्नत विनिर्माण और उभरती प्रौद्योगिकियों में व्यावहारिक अनुभव और व्यावहारिक कौशल से लैस करने के लिए तैयार की गई है। अपने संबोधन में, कौशल विकास और उद्यमिता राज्यमंत्री चौधरी ने उद्योग और शिक्षा जगत के बीच अधिक सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया।



### टूटे ब्रिज, मलबे का ढेर बयां कर रही तबाही



**जम्मू।** मलबे में फंसी गाड़ियां, हाईवे ब्लॉक, रास्तों पर पत्थरों का ढेर, कई मकान-दुकान क्षतिग्रस्त, लोग अपना घर छोड़ सुरक्षित स्थानों पर बनाए गए अस्थायी राहत कैंपों में... कुछ ऐसा ही हालात है इस समय जम्मू कश्मीर के रामबन का। यहां तमाम रास्ते बंद है और पुल भी टूट गए है। ऐसे में आवागमन बंद है और रास्तों में पड़े को हटाया जा रहा है। रात दिन टीमें काम कर रहीं है। माना जा रहा है कि करीब 50 घंटे में रास्ते खुल पाएंगे। इस समय जम्मू कश्मीर पुलिस के साथ-साथ सेना और एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीम पूरी मुस्तैदी से हालात को पटरी पर लाने की कोशिश में जुटी है।

### महाराष्ट्र में नए सियासी समीकरणों की आहट

# ये क्या हो रहा है? महीनेभर में चार बार मिले शरद और अजित पवार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में एक तरफ चर्चा है कि उद्धव और राज ठाकरे दोनों ही सुलह के मूड में हैं। दोनों चचेरे भाइयों के साथ आने से भाजपा की टेंशन बढ़ सकती है। दूसरी ओर शरद पवार और अजित पवार के बीच मुलाकातें बढ़ने लगी हैं। बीते एक महीने में ही शरद पवार और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बीच तीन मुलाकात हो चुकी हैं और चौथी मुलाकात 21 अप्रैल को पुणे के शुगर कमिश्नरेट में हुई। ऐसे में कयास लगाए जाने लगे हैं कि महाराष्ट्र में कोई बड़ा राजनीतिक उलटफेर होने वाला है। दोनों की मुलाकात को लेकर शिवसेना में असंतोष भी देखने को मिला है। कुछ शिवसेना नेताओं ने इस पर नाराजगी जाहिर की। वहीं पुणे के सरसन कॉम्प्लेक्स में कृषि में एआई तकनीक के उपयोग विषय पर आयोजित बैठक में दोनों की मुलाकात हुई।



#### पिछले महीने भी हुई थी मुलाकात

इससे पहले 22 मार्च को वसंतदादा शुगर इंस्टिट्यूट में दोनों की मुलाकात हुई थी। इसके बाद 10 अप्रैल जय पवार की सगाई में पूरा परिवार इकट्ठा हुआ था। इसके बाद शरद पवार और अजित पवार रयात शिक्षा संस्थान के कार्यक्रम में भी एक साथ मौजूद थे। शरद पवार ने कहा कि ये दौरे सरकारी या संस्थागत कारणों से थे, लेकिन राजनीतिक गलियारों में चर्चा कुछ और चल रही है। अब देखना होगा कि आगे आने वाले चुनावों से पहले क्या होने वाला है।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने केंद्र सरकार से पूछा

**अगली सुनवाई 5 मई को होगी**

# राहुल गांधी भारतीय हैं या नहीं, नागरिकता मामले में केंद्र से 10 दिन में जवाब मांगा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की दोहरी नागरिकता को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा- 'राहुल गांधी ब्रिटिश नागरिक हैं या नहीं, इस पर 10 दिन में जवाब दें। भाजपा कार्यकर्ता विग्नेश शिशिर की याचिका पर सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने एक स्टेटस रिपोर्ट पेश की। कोर्ट ने इसे अपर्याप्त माना और सरकार को और स्पष्ट जवाब देने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि यह मामला राष्ट्रीय महत्व का है और इसमें देरी स्वीकार्य नहीं होगी।

#### ये है नागरिकता का मामला?



1 जुलाई, 2024 को कर्नाटक के वकील और भाजपा नेता एस विग्नेश शिशिर ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की थी। इसमें उन्होंने राहुल गांधी के पास ब्रिटिश नागरिकता होने का भी आरोप लगाया था। याचिकाकर्ता ने ब्रिटिश सरकार के 2022 के गोपनीय मेल का हवाला देते हुए यह आरोप लगाया था।

#### ओटीटी एडल्ट कंटेंटः मॉनिटरिंग सरकार का काम

ओटीटी पर एडल्ट कॉन्टेंट को रोकने और पॉलिसी बनाने की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने फिर टिप्पणी की है। जस्टिस बीआर गवई ने कहा, ये तो पॉलिसी मैटर है, यह देखना सरकार का काम है। कोर्ट इसमें दखल दे, हम कैसे करें? कोर्ट ने कहा, हमारी तो आलोचना हो रही है कि दखल देने के आरोप लग रहे हैं।

#### जेईई एडवांस्ड में शामिल होने की मांग वाली याचिका खारिज

सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने 2023 में 12वीं पास करने वाले छात्रों को जेईई एडवांस्ड 2025 में भाग लेने की अनुमति देने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। जस्टिस बीआर गवई और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि यह मामला नीतिगत क्षेत्र का है। 2023 में कक्षा 12 की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले 18 आईआईटी के अभ्यर्थियों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी।

#### इलाहाबादिया के पासपोर्ट केस में 28 को सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि 'पॉडकास्टर' रणवीर इलाहाबादिया के संबंध में जांच पूरी हो गई है और यूट्यूब कार्यक्रम में अभद्र टिप्पणी के मामले में पासपोर्ट वापस करने के अनुरोध वाली उनकी याचिका पर 28 अप्रैल को सुनवाई की जाएगी। शीर्ष अदालत ने यूट्यूब कार्यक्रम के दौरान टिप्पणियों को लेकर इलाहाबादिया के खिलाफ दर्ज कई प्राथमिकी के संबंध में 18 फरवरी को उन्हें गिरफ्तारी से राहत प्रदान की थी और उन्हें ठाणे के नोडल साइबर पुलिस थाने के जांच अधिकारी के पास अपना पासपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया था।



## ग्लोबल डिफेंस सप्लाई चेन को मजबूत कर रहा भारत

# रक्षा उपकरण निर्यात को बढ़ावा, समझौते के तहत ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम की दूसरी खेप भेजी गई फिलीपींस, 290 किमी की है रेंज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल सिस्टम की बैटरियों का दूसरा बैच फिलीपींस भेजा गया है। पहली बैटरी अप्रैल 2024 में भारतीय वायुसेना के विमान में भेजी गई थी, जिसमें सिविल एयरक्राफ्ट एजेंसियों से सहायता मिली थी। ये खेप दोनों देशों के बीच हुए रक्षा समझौते के तहत भेजी गई है। ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की सप्लाई के लिए फिलीपींस के साथ सौदे की घोषणा जनवरी 2022 में की गई थी।

*ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की सप्लाई के लिए फिलीपींस के साथ सौदे की घोषणा जनवरी 2022 में की गई थी। फिलीपींस को मिसाइल सिस्टम के लिए तीन बैटरियां मिलेंगी, जिसकी रेंज 290 किलोमीटर है।*

मिसाइल की सप्लाई के लिए सौदा जनवरी 2022 में किया

मिसाइल सिस्टम की बैटरियों का पहला बैच अप्रैल 2024 में भेजा

### बिना रुके 6 घंटे में पहुंचाए हेवी लोड मिसाइल उपकरण



रिपोर्ट्स के अनुसार, उपकरणों के फिलीपींस के पश्चिमी हिस्से में पहुंचने तक हेवी लोड के साथ लंबी दूरी की यह उड़ान, बिना रुके करीब 6 घंटे की थी। ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की सप्लाई के लिए फिलीपींस के साथ सौदे की घोषणा जनवरी 2022 में की गई थी। फिलीपींस को मिसाइल सिस्टम के लिए तीन बैटरियां मिलेंगी, जिसकी रेंज 290 किलोमीटर है और इसकी गति 2.8 मैक (लगभग 3,400 किलोमीटर, ध्वनि की गति से तीन गुना) है। ब्रह्मोस मिसाइल को सबमरीन, जहाज, विमान या जमीन से लॉन्च किया जा सकता है।

### रक्षा उत्पादन 1.27 लाख करोड़ से अधिक

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अनुसार भारत में रक्षा उत्पादन वर्ष 2014 में 40,000 करोड़ रुपए से बढ़कर वर्तमान में 1.27 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। इस वर्ष रक्षा उत्पादन के 1.60 लाख करोड़ रुपए को पार करने की उम्मीद है। भारत का लक्ष्य वर्ष 2029 तक 3 लाख करोड़ रुपए के रक्षा उपकरण बनाना है।

### मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत हो रहा उत्पादन

रक्षा मंत्री ने कहा है कि देश आयात पर अपनी निर्भरता कम करेगा और एक डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स बनाएगा जो न केवल भारत की जरूरतों को पूरा करेगा बल्कि रक्षा निर्यात की क्षमता को भी मजबूत करेगा। 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम न केवल देश के रक्षा उत्पादन को मजबूत कर रहा है बल्कि ग्लोबल डिफेंस सप्लाई चेन को मजबूत और लचीला बनाने में भी मदद कर रहा है।

### भारत विकसित देशों में शामिल

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अनुसार भारत की रक्षा विनिर्माण क्षमताएं राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक स्वायत्तता के उद्देश्य से जुड़ी हैं, साथ ही यह क्षमताएं 'विनिर्माण' को ग्लोबल सप्लाई शॉक से भी बचा रही हैं। भारत आज मिसाइल टेक्नोलॉजी (अग्नि, ब्रह्मोस), सबमरीन (आईएनएस अरिहंत) और विमान वाहक जहाज (आईएनएस विक्रांत) जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विकसित देशों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।

## खबर संक्षेप

### डेजर्ट फ्लैग युद्धाभ्यास के लिए यूएई पहुंची वायुसेना



**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना की एक टुकड़ी रविवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अल धफरा एयर बेस पहुंची। वायुसेना का दल ने यहां सोमवार से शुरू हुए एक बहुराष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय हवाई युद्धाभ्यास 'डेजर्ट फ्लैग-10' में हिस्सा लिया। इसमें भारत और यूएई के अलावा फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कतर, दक्षिण कोरिया और तुर्की जैसे देश शामिल हैं। यह अभ्यास 21 अप्रैल से 8 मई 2025 के बीच आयोजित किया जाएगा। इसमें भारतीय वायुसेना के मिग-29 और जगुआर विमान अभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं।

### एवरेस्ट पर 31वीं बार चढ़ खुद का रिकॉर्ड तोड़ेंगे



**काठमांडू।** दुनिया के सबसे चर्चित पर्वतारोहण गाइड कामी रीता अब 31वीं बार विश्व की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़कर अपना ही रिकॉर्ड तोड़ने जा रहे हैं। कामी रीता ने पहली बार 1994 में एवरेस्ट पर चढ़ाई की थी और तब से वह लगभग हर साल ऐसा करते आ रहे हैं। शेरपा कामी रीता (55) रविवार को काठमांडू से माउंट एवरेस्ट के लिए रवाना हुए जहां वह पर्वतारोहियों के एक समूह का नेतृत्व करेंगे। यह समूह पर्वतारोहण के मौसम में 8,849 मीटर (29,032 फुट) ऊंचे शिखर पर पहुंचने का प्रयास करेगा।

## 13 साल बाद भारत दौरे पर आए अमेरिका के उपराष्ट्रपति

# वेंस ने परिवार संग दिल्ली का अक्षरधाम मंदिर देखा, विश्व शांति व एकता के संदेश को सराहा


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस सोमवार को पत्नी उषा, अपने तीन बच्चों इवान, विवेक और मीराबेल के साथ सोमवार को भारत पहुंचे। उपराष्ट्रपति बनने के बाद यह जेडी वेंस का पहला आधिकारिक भारत दौरा है। वे 4 दिन भारत में रहेंगे। 13 साल में यह किसी अमेरिकी उपराष्ट्रपति की पहली भारत यात्रा होगी। इससे पहले पिछली बार जो बाइडेन उपराष्ट्रपति के रूप में साल 2013 में भारत आए थे। वेंस का प्लेन सुबह 9:45 बजे दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर उतरा। यहां केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उन्हें रिसीव किया। एयरपोर्ट पर ही उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वेंस, उनकी पत्नी और बच्चों के सामने कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य पेश किया।

*वेंस का केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्वागत किया*

*एयरपोर्ट पर ही उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' भी दिया*

### मंदिर की कलात्मक रचना से हुए प्रभावित



स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर प्रबंधन ने सभी को मालाएं पहनाईं। मंदिर भ्रमण के दौरान वेंस ने भारतीय कला, पारंपरिक हिंदू वास्तुकला और सांस्कृतिक विरासत को करीब से देखा। मंदिर के जटिल नक्काशीदार स्तंभों, भव्य गुंबदों और कलात्मक छतों ने उन्हें गहरे प्रभावित किया। उन्होंने मंदिर में समाहित विश्व शांति और एकता के संदेश को भी सराहा। अतिथि पुस्तिका में वेंस ने लिखा कि इस खूबसूरत जगह पर मेरे परिवार का स्वागत करने के लिए आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। भारत के लिए यह गर्व की बात है कि आपने इतनी सटीकता और देखभाल के साथ यह सुंदर मंदिर बनाया। हमारे बच्चों को यह विशेष रूप से बहुत पसंद आया। भगवान भला करे।

### दौरे से दो देशों के बीच सम्मान बढ़ा

वेंस की यह यात्रा भारत और अमेरिका के बीच सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों को और मजबूत करने का प्रतीक बनी। मंदिर के अधिकारियों ने उनके दौरे को दोनों देशों के बीच आपसी सम्मान और साझा मूल्यों का उदाहरण बताया। बीएपीएस संस्था ने उपराष्ट्रपति और उनके परिवार के आतिथ्य को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। यह दौरा न केवल मंदिर की वैश्विक पहचान को रेखांकित करता है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक समृद्धि और आतिथ्य को भी विश्व मंच पर प्रदर्शित करता है।

### पोप फ्रांसिस से मिले थे वेंस, बोले- उन्हें देखकर खुशी हुई थी

कैथोलिक चर्च के शीर्ष धार्मिक नेता पोप फ्रांसिस का सोमवार को 88 साल की उम्र में निधन हो गया। भारत दौरे से एक दिन पहले उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईस्टर रविवार को पोप फ्रांसिस से इटली के वेटीकन सिटी में मुलाकात की थी। उपराष्ट्रपित जेडी वेंस ने पोप के निधन पर सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि मुझे अभी पोप फ्रांसिस के निधन के बारे में पता चला। मेरी संवेदनाएं दुनिया भर के उन लाखों ईसाइयों के साथ हैं जो उनसे प्यार करते थे। उन्होने आगे लिखा कि कल उन्हें देखकर मुझे खुशी हुई, हालांकि वे जाहिर तौर पर बहुत बीमार थे। लेकिन मैं उन्हें हमेशा कोविड के शुरुआती दिनों में दिए गए उनके प्रवचन के लिए याद रखूंगा। यह वाकई बहुत खूबसूरत था। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे।



### जयपुर पहुंचे वेंस

## 2167 सुरक्षा कर्मी तैनात मिलने और आसपास रहने वालों का कोरोना टेस्ट



**जयपुर।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड (जेडी) वेंस सोमवार की रात जयपुर पहुंच गए। वेंस 24 अप्रैल तक जयपुर में रहेंगे। 24 अप्रैल को सुबह करीब 6:30 बजे वे वॉशिंगटन के लिए रवाना होंगे। जयपुर में वेंस की सुरक्षा में 7 आईपीएस अधिकारी, 20 एडिशनल डीसीपी, 40 एसीपी, 300 एएसआई, एसआई और सीआई हैं। 2100 कॉन्स्टेबल को फील्ड में तैनात किया गया है। जयपुर के तीन हॉस्पिटल (सरकारी-प्राइवेट) को हर ब्लड ग्रुप की 5 यूनिट रिजर्व रखने के निर्देश दिए गए हैं। उपराष्ट्रपति से मिलने वाले या आसपास रहने वाले हर शख्स का कोरोना टेस्ट कराया जाएगा। सुरक्षा एजेंसियों की ओर से चिह्नित हॉस्पिटल में हर प्रकार की बीमारी के स्पेशलिस्ट (कार्डियक, ऑर्थो, एलर्जी, इनफेक्शन, चर्म रोग) डॉक्टर तैनात हैं। इसके अलावा दौरे के दौरान अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस एंबुलेंस और डॉक्टरों की टीम साथ रहेगी। वेंस की टीम जहां भी रुकेगी, वहां फूड टेस्टिंग टीम रहेगी। खाने-पीने वाली हर चीज की पहले जांच होगी, फिर सर्व किया जाएगा। वीवीआईपी दौरे को देखते हुए संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन भी कराया गया है। वेंस के दौरे के दौरान काफिले में एक एम्बुलेंस 24 घंटे मौजूद रहेगी। इसमें सीनियर डॉक्टर्स की टीम मौजूद रहेगी। टीम के पास इमरजेंसी पर दी जाने वाली सभी दवाएं और अन्य उपकरण होंगे।

### केंद्रीय वित्त मंत्री अमेरिका में बोलीं

## .... अब विश्व भारत की क्षमता और आर्थिक ताकत को स्वीकार कर रहा




एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि भारत पीएम नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और एक सतत सरकार द्वारा प्रदान की गई स्थिरता से प्रेरित होकर सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। मौजूदा परिस्थितियों में विश्व भारत की क्षमता को पहचाना जा रहा है और इसकी आर्थिक ताकत को स्वीकारा जा रहा है। अमेरिका में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि जब हम कहते हैं कि भारत एक तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है तो इस तथ्य को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक भी स्वीकार करते हैं। वे मानते हैं कि अपनी विकास क्षमता के कारण भारत विश्व व्यापार को बढ़ाने वाले एक इंजन के रूप में काम कर सकता है। उन्होंने कहा कि इस क्षमता के विकास के साथ हम वैश्विक स्तर पर विभिन्न अनिश्चितताओं के कारण देखे जा रहे ट्रेंड को बदल सकते हैं।

### दोनों ही देशों को मिलता है लाभ

सीतारमण ने कहा कि अमेरिका और भारत की साझेदारी से दोनों ही देशों को लाभ मिलता है। साथ मिलकर, हम वैश्विक व्यापार और विकास को आगे बढ़ाएंगे। मुझे लगता है कि यह एक बहुत बड़ा योगदान है जो यहां रहने वाले भारतीय प्रवासी दे सकते हैं। उन्होंने भारतीय प्रवासियों से अपील की कि वे अधिक रुचि लें और अपने चुने हुए क्षेत्रों में भारत के साथ साझेदारी करें। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान, हमारा राजकोषीय घाटा बढ़ गया था। लेकिन 2021 में, हम एक स्पष्ट संकेत के साथ आए कि हम अपने राजकोषीय घाटे का प्रबंधन किस तरह करना चाहते हैं।

### 'विकसित भारत' के लक्ष्य पर हमारा ध्यान

वित्त मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार का प्राथमिक ध्यान 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करना है। इस दृष्टिकोण में महिलाओं, गरीबों, युवाओं और किसानों को प्रभावित करने वाले क्षेत्रों में सुधार शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भारत 'सूर्योदय क्षेत्रों' को प्राथमिकता देता है और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना में अग्रणी के रूप में खड़ा है, जो नवाचार और विकास को बढ़ावा देता है। पीएम नरेंद्र मोदी भारतीय प्रवासियों से जुड़ने के लिए अपनी हर विदेश यात्रा का हिस्सा बनाते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि भारत आप में से हर एक से जुड़े, जो दुनिया के किसी भी हिस्से में स्थित हैं, दुनिया में योगदान देने और एक उदाहरण के रूप में खड़े होने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं।

### अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने चली नई चाल

## जारी की गैर टैरिफ धोखाधड़ी सूची दुनियाभर के देशों को दी चेतावनी



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को एक आठ सूत्रीय गैर टैरिफ धोखाधड़ी की सूची जारी की है। इस सूची में ट्रंप ने दुनियाभर के देशों को चेतावनी दी है कि अगर उन्होंने कोई गैर टैरिफ धोखाधड़ी लागू की तो उनके अमेरिका के साथ संबंध खराब हो सकते हैं। ट्रंप की आठ सूत्रीय गैर टैरिफ धोखाधड़ी की सूची में मुद्रा अवमूल्यन शामिल है। ट्रंप ने आरोप लगाया कि कुछ देश जानबूझकर अपनी मुद्रा का अवमूल्यन करते हैं ताकि उनके निर्यात अमेरिका में प्रतिस्पर्धी बने रहें और अमेरिका के उत्पाद उनके बाजार में महंगे हो जाएं। अन्य गैर टैरिफ धोखाधड़ी में ट्रंप ने वैट का जिक्र किया है और कहा कि किस तरह से कुछ देश आयात पर वैट लगाते हैं और निर्यात पर उसे वापस कर देते हैं। ट्रंप ने कम कीमत पर दूसरे देशों में सामान डंप करने की भी आलोचना की।

### ट्रांसशिपिंग को बताया गलत

अमेरिकी राष्ट्रपति ने एग्रीकल्चर स्टैंडर्ड के बचाव को भी गलत बताया और यूरोप द्वारा जेनेटिकल इंजीनियर मक्का को प्रतिबंधित करने पर तीखा निशाना साधा। उन्होंने प्रोटेक्टिव टेक्निकल स्टैंडर्ड को भी गलत बताया। ट्रंप ने पाइरेसी और टैरिफ से बचने के लिए ट्रांसशिपिंग से भी नाराजगी जताई। साथ ही निर्यात पर सरकारों द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी और अन्य सरकारी सब्सिडी को भी गलत बताया।

### हमें नुकसान पहुंचाया तो कार्रवाई करेंगे: चीन



चीन ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते करने वाले देशों को चेतावनी दी है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा है कि वह उन देशों का विरोध करता है जो अमेरिका के साथ ऐसे व्यापारिक समझौते कर रहे हैं, जिनसे चीन के हितों को नुकसान पहुंच सकता है। मंत्रालय ने कहा कि यदि ऐसे किसी कदम से चीन के हित प्रभावित होते हैं, तो वह कठोर जवाबी कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार है। यह बयान उन रिपोर्ट्स के बाद आया है जिनमें दावा किया गया है कि अमेरिका कुछ देशों पर चीन के साथ व्यापार सीमित करने का दबाव बना सकता है और बदले में उन्हें टैरिफ में रियायतें दी जा सकती हैं।

### वायुसेना अधिकारी और पत्नी पर हमला

## खून से लथपथ वीडियो किया जारी, डिलीवरी ब्वॉय गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु




बेंगलुरु में सोमवार सुबह वायुसेना के अधिकारी और उनकी पत्नी पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। उनके साथ मारपीट के अलावा गाली-गलौज भी की गई। ऑफिसर ने वीडियो जारी कर घटना की जानकारी दी है। पुलिस के मुताबिक विंग कमांडर शिलादित्य बोस पत्नी स्क्वाड्रन लीडर मधुमिता दत्ता के साथ कोलकाता की फ्लाइट पकड़ने एयरपोर्ट जा रहे थे। रास्ते में कुछ लोगों ने बाइक से उनका पीछा किया और गाड़ी रोककर मारपीट की। शिलादित्य के सिर और चेहरे से खून बह रहा था। पत्नी ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। इलाज के बाद पति-पत्नी थाने पहुंचे। बायप्पनहल्ली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया। पुलिस एक डिलीवरी ब्वॉय को अरेस्ट कर उससे पूछताछ कर रही है।

### गृह मंत्री शाह का बड़ा ऐलान

## नक्सलवाद को खत्म करने की मुहिम निरंतर रहेगी जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



झारखंड में सुरक्षा बलों की तरफ से आठ नक्सलियों को मार गिराने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सलवाद को खत्म करने के लिए उनकी सरकार की प्रतिबद्धता बरकरार है। बता दें कि, झारखंड के बोकारो जिले में सीआरपीएफ और पुलिस के कोबरा कमांडो के साथ मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए, जिनमें एक करोड़ का इनामी नक्सली भी शामिल है। केंद्रीय गृह मंत्री ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि नक्सलवाद को खत्म करने के लिए हमारा अभियान निरंतर जारी है। आज सुरक्षा बलों को नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ने के लिए चल रहे अभियान में एक और महत्वपूर्ण सफलता मिली।

### अब फ्रांस और इजराइल के बीच ठनी!

## 27 सांसदों का वीजा किया रद बताया- वे देश के लिए 'खतरा'

एजेंसी ▶▶ येरुशलम

इजराइल और फिलिस्तीनी इलाकों की यात्रा से सिर्फ दो दिन पहले 27 फ्रांसीसी सांसदों और स्थानीय नेताओं को बताया गया कि उनके वीजा रद्द कर दिए गए हैं। इस समूह में फ्रांस की वामपंथी, पर्यावरण समर्थक और कम्युनिस्ट पार्टियों के नेता शामिल थे। उन्होंने कहा कि उनका मकसद इस यात्रा के जरिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग और शांति को बढ़ावा देना था। येरुशलम में फ्रांसीसी वाणिज्य दूतावास ने सांसदों को पांच दिन की यात्रा के लिए बुलाया था।



### रिश्तों में आएगी दरार

इजराइल के आंतरिक मंत्रालय ने उनका वीजा एक खास कानून के तहत रद्द कर दिया। इन सांसदों और अधिकारियों ने एक संयुक्त बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने इस कदम को सामूहिक सजा और राजनयिक रिश्तों में बड़ी दरार बताया।

### फैसला बदलने राष्ट्रपति मैंक्रो से किया अनुरोध

सांसदों ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रोन से प्रतिक्रिया देने और यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया कि इजराइल अपना फैसला बदल दे। सांसदों ने कहा कि उनके राजनीतिक दल लंबे समय से फिलिस्तीनी राज्य का समर्थन करते रहे हैं, जैसा कि हाल ही में मैक्रोन ने किया। उन्होंने यह भी कहा कि फ्रांस जून में होने वाले अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता दे सकता है। इस महीने की शुरुआत में इजराइल ने तेल अवीव हवाई अड्डे पर दो ब्रिटिश सांसदों को निर्वासित कर दिया था।

### मौसम की बेरुखी ने बढ़ाई वैज्ञानिकों और पर्यावरणविदों की चिंता

# बदरीनाथ की चोटियां बर्फविहीन, ग्लोबल वार्मिंग बड़ा कारण

एजेंसी ▶▶ जोशीमठ (चमोली)

उत्तराखंड के बदरीनाथ धाम और आसपास के क्षेत्रों में इस बार मौसम का रुख बदला-बदला नजर आ रहा है। हर साल नवंबर तक हिमाच्छादित रहने वाली बदरीनाथ की ऊंची चोटियां इस बार बर्फविहीन हैं। बर्फबारी की कमी ने न केवल स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं की चिंता बढ़ाई है, बल्कि पर्यावरणविदों और मौसम विज्ञानियों के लिए भी यह एक चिंताजनक संकेत है। वैज्ञानिकों का मानना है कि बर्फ के जल्दी पिघलने से ग्लेशियरों पर काफी दुष्प्रभाव पड़ेगा। दो दशक पहले तक बदरीनाथ धाम अप्रैल माह तक बर्फ से ढका रहता था। मई माह के अंतिम समय तक चोटियों में बर्फ दिखाई देती थी। लेकिन बढ़ती मानवीय गतिविधियां और ग्लोबल वार्मिंग के चलते अब स्थिति यह है कि अप्रैल माह में ही बदरीनाथ धाम में बर्फ नहीं है, यहां तक कि धाम की की चोटियों में भी बर्फ काफी कम रह गई है, वह भी तेजी से पिघल रही है। इसका असर आने वाले समय में ग्लेशियरों पर पड़ेगा। वैज्ञानिकों का मानना है कि पिछले कुछ वर्षों से मौसम का मिजाज बदला है, जिससे धाम में समय पर बर्फबारी नहीं हो रही है, जो बर्फ बाद में पड़ रही है, वह तेजी से पिघल रही है।



### हेमकुंड साहिब में भी बर्फबारी का अभाव

बदरीनाथ धाम से 15 किमी दूर स्थित सतोपंथ ट्रेक पर भी बर्फ के दर्शन कम ही हो रहे हैं। वहीं, हेमकुंड साहिब में भी बर्फबारी का अभाव देखा जा रहा है। गोविंदघाट गुरुद्वारे के वरिष्ठ प्रबंधक सरदार सेवा सिंह ने बताया कि पहली बार शीतकाल में हेमकुंड साहिब की पहाड़ियों पर बर्फ नहीं दिखाई दे रही है। हालांकि, झील ठंड के कारण जम गई है। बदरीनाथ के पूर्व धर्माधिकारी भुवन चंद्र उनियाल का कहना है कि धाम में बर्फबारी का अभाव चिंताजनक है। पिछले चार महीने से बारिश और बर्फबारी बिल्कुल नहीं हुई है। बर्फबारी से न केवल मौसम में निखार आता है, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन भी बना रहता है।

### पहले नवंबर के मध्य तक शुरू हो जाती थी बर्फबारी

*पिछले कुछ वर्षों तक नवंबर के मध्य तक बदरीनाथ और आसपास के क्षेत्रों में बर्फबारी शुरू हो जाती थी। ऊंची चोटियां बर्फ से ढक जाती थीं और निचले इलाकों में भी बर्फ की हल्की परत दिखाई देने लगती थी, लेकिन इस साल, नवंबर बीत जाने के बावजूद बदरीनाथ धाम और हेमकुंड साहिब की ऊंची चोटियां बर्फ से खाली हैं। धाम में रात के समय तापमान माइनस 7 डिग्री सेल्सियस तक गिर रहा है।*

### भविष्य पर्यावरण के लिए अशुभ संकेत

ग्लोबल वार्मिंग के चलते बदरीनाथ में बर्फ का तेजी से पिघलना आने वाले समय में पर्यावरण के लिए अशुभ संकेत हैं। दो दशक पहले जब बदरीनाथ धाम के कपाट खुलते थे, उस समय धाम बर्फ से पूरी तरह ढका रहता था। उसके बाद बर्फ पिघलनी शुरू होती थी। बर्फ ग्लेशियर पर एक तरह से जैकेट का काम करती है, जो सूर्य के रेडिएशन को ग्लेशियर तक पहुंचने से रोकती है, लेकिन यह जैकेट खत्म होते जा रहे हैं, जिससे आने वाले समय में ग्लेशियर तेजी से पिघलेंगे जो पर्यावरण के लिए ठीक नहीं हैं। - डॉ. मनीष मेहता, ग्लेशियर विशेषज्ञ व वैज्ञानिक, वाडिया इंस्टीट्यूट।




## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 8 | 6 | 2 | 12 |
| दिल्ली | 7 | 5 | 2 | 10 |
| बेंगलुरु | 8 | 5 | 3 | 10 |
| पंजाब | 8 | 5 | 3 | 10 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 |
| मुंबई | 8 | 4 | 4 | 8 |
| कोलकाता | 8 | 3 | 5 | 6 |
| राजस्थान | 8 | 2 | 6 | 4 |
| हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 |
| चेन्नई | 8 | 2 | 6 | 4 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
417 रन
गुजरात

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
16 विकेट
गुजरात

### भारतीय मुक्केबाजों का जीत का सिलसिला जारी

**अम्मान।** भारतीय मुक्केबाजों ने एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दिन जीत का सिलसिला जारी रखा। भारतीय स्कूल खेल महासंघ के स्वर्ण पदक विजेता टीकम सिंह (52 किग्रा) ने तीसरे दौर में रैफरी द्वारा मुकाबला रोकने के बाद यूएई के अली अल्मेस्मारी के खिलाफ जीत दर्ज की। उधम सिंह (54 किग्रा) ने ईरान के मोहम्मदपरसा मोटेवालियनस्तानहसारी को 5-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की जबकि राहुल गरिया (57 किग्रा) ने शुरुआती दौर में आरएससी के फैसले के साथ चीनी ताइपे के ली शू-जुन को हराया।

## आईपीएल : कप्तान गिल फार्म में लौटे, 55 गेंदों में ठोके 90 रन

# 'शुभ मन से चला सुदर्शन चक्र...' गुजरात ने नाइट राइडर्स को 39 रन से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| कोलकाता।

कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन के अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स को एकतरफा मुकाबले में 39 रन से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। इस जीत से टाइटंस के आठ मैच में 12 अंक हो गए हैं और उसने अंक तालिका के शीर्ष पर दो अंक की बढ़त बना ली है। नाइट राइडर्स की टीम छह अंक के साथ सातवें स्थान पर है।

नाइट राइडर्स की टीम टाइटंस के 199 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान अजिंक्य रहाणे (50) के अर्धशतक के बावजूद आठ विकेट पर 159 रन ही बना सकी। राशिद खान और प्रसिद्ध कृष्णा दो दो विकेट की धारदार गेंदबाजी के सामने नाइट राइडर्स की टीम कभी लक्ष्य के करीब पहुंचने की स्थिति में भी नहीं दिखी। साई किशोर, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर और इशांत शर्मा ने भी एक-एक विकेट चटकाया।



शुभमन गिल
प्लेयर ऑफ द मैच
90 रन
55 गेंद
10 चौके
03 छक्के

### गिल शतक से चूके

गिल ने 55 गेंद में 10 चौकों और तीन छक्कों से 90 रन की पारी खेलने के अलावा सुदर्शन (52) के साथ पहले विकेट के लिए 114 और जोस बटलर (नाबाद 41) के साथ दूसरे विकेट के लिए 58 रन की साझेदारी की जिससे टाइटंस ने तीन विकेट पर 198 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। सुदर्शन ने 36 गेंद की अपनी पारी में छह चौके और एक छक्का मारा जबकि बटलर ने 23 गेंद का सामना करते हुए आठ चौके मारे।

### शीर्ष पर गुजरात

यह गुजरात की आठ मैचों में छठी जीत है और वह 12 अंक लेकर शीर्ष पर बना हुआ है। गुजरात ने इस सीजन दो मुकाबले गंवाए हैं। वहीं, केकेआर की आठ मैचों में यह पांचवीं हार है और वह तीन जीत के साथ छह अंक लेकर अंक तालिका में सातवें स्थान पर है।

### स्कोर बोर्ड


| टीम / बल्लेबाज | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| **गुजरात टाइटंस** | **रन** | **गेंद** | **4** | **6** |
| सुदर्शन का गुरबाज बो रसेल | 52 | 36 | 6 | 1 |
| शुभमन का रिंकू बो अरोड़ा | 90 | 55 | 10 | 3 |
| जोस बटलर नाबाद | 41 | 23 | 8 | 0 |
| तेवतिया का रमनदीप बो हर्षित | 00 | 02 | 0 | 0 |
| एम शाहरूख खान नाबाद | 11 | 05 | 0 | 1 |
| अतिरिक्त : 04, कुल : 20 ओवर में 198/3 | | | | |
| गेंदबाजी : अरोड़ा 4-0-44-1, मोईन 3-0-27-0, हर्षित 4-0-45-1, चक्रवर्ती 4-0-33-0, नारायण 4-0-36-0, रसेल 1-0-13-1. | | | | |
| **कोलकाता नाइट राइडर्स** | **रन** | **गेंद** | **4** | **6** |
| गुरबाज पगबाधा बो सिराज | 01 | 04 | 0 | 0 |
| नारायण का तेवतिया बो राशिद | 17 | 13 | 2 | 1 |
| रहाणे स्टं बटलर बो वाशिंगटन | 50 | 36 | 5 | 1 |
| वेंकटेश का वाशिंगटन बो किशोर | 14 | 19 | 0 | 0 |
| रिंकू सिंह का गिल बो इशांत | 17 | 14 | 1 | 1 |
| आंद्रे रसेल स्टं बटलर बो राशिद | 21 | 15 | 3 | 1 |
| रमनदीप सिंह का एवं बो प्रसिद्ध | 01 | 02 | 0 | 0 |
| अली का शाहरूख बो प्रसिद्ध | 00 | 02 | 0 | 0 |
| अंगकृष रघुवंशी नाबाद | 27 | 13 | 3 | 1 |
| हर्षित राणा नाबाद | 01 | 02 | 0 | 0 |
| अतिरिक्त : 10, कुल : 20 ओवर में 159/8 | | | | |
| गेंदबाजी : सिराज 4-0-32-1, इशांत 2-0-18-1, प्रसिद्ध 4-0-25-2, राशिद 4-0-25-2, वाशिंगटन 3-0-36-1, किशोर 3-0-19-1. | | | | |

### दिल्ली और लखनऊ में आज होगा मुकाबला



**लखनऊ।** दिल्ली कैपिटल्स जब मंगलवार को यहां आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स का सामना करेगा तो उसकी उम्मीद रहेगी कि उसके सलामी बल्लेबाज फॉर्म में लौटकर टीम को अच्छी शुरुआत देंगे। दिल्ली के सलामी बल्लेबाज वर्तमान सत्र में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उसने सलामी जोड़ी के रूप में अभी तक चार बल्लेबाजों के साथ तीन संयोजन आजमाए हैं लेकिन इसके बावजूद उसकी टीम पिछले पांच मैचों में पहले विकेट के लिए 23, 34, 00, 09 और 00 रन की साझेदारी ही निभा पाई है। दिल्ली ने अब तक फाफ डु प्लेसी, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल और करुण नायर को सलामी बल्लेबाज के रूप में आजमाया है लेकिन उसे अपेक्षित परिणाम नहीं मिले हैं। इसका संबंध डु प्लेसी की चोट से भी है और इस मैच से पहले दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी की फिटनेस पर कड़ी नजर रहेगी।

### अब बेंगलुरु में होगी नीरज भाला फेंक प्रतियोगिता



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक प्रतियोगिता का पहला चरण पर्याप्त रोशनी की कमी के कारण 24 मई को पंचकुला के बजाय बेंगलुरु के कांतिरावा स्टेडियम में कराया जाएगा। इसमें कई स्टार एथलीट हिस्सा लेंगे क्योंकि एंडरसन पीटर्स और थॉमस रोहलर ने भागीदारी की पुष्टि कर दी है। ग्रेनेडा के पीटर्स दो बार के विश्व चैंपियन हैं और रोहलर 2016 ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता हैं। चोपड़ा ने कहा, 'मैंने पाकिस्तानी ओलंपिक चैंपियन अरशद को निमंत्रण भेजा है और उन्होंने कहा है कि वह अपने कोच से चर्चा करने के बाद मुझसे संपर्क करेंगे। अभी तक उन्होंने भागीदारी की पुष्टि नहीं की है।' विश्व एथलेटिक्स द्वारा इस प्रतियोगिता को श्रेणी ए का दर्जा दिया गया है जिसने भी अपने कैलेंडर में इस टूर्नामेंट के स्थल का नाम बदल दिया है।

बैद्यनाथ नागपूर असली आयुर्वेद
पाईल्स (बवासीर) के दर्द से परेशान?
सिड्पाईल्स टॅबलेट
बवासीर, फिस्टुला, कब्ज़, गुदा मार्ग की सूजन, जलन, चूभन, खुजली, असहनीय वेदना आदि तकलीफें दूर करने में सहायक।
Siddhayu SIDPILES TABLET (Fortified with Zimikand & Nagkeshar) (Previously Piarhoids) For Piles Baidyanath NAGPUR
अभयामृत
पुराने से पुराने कब्ज़ को दूर कर पाचन ठीक रखने में सहायक।
Baidyanath ABHAYAMRITA अभयामृत
UIN MP 1724
वैद्यकीय सलाह: +91 844 844 4935
www.baidyanath.co

## 34 खिलाड़ियों को मिला बीसीसीआई का कॉन्ट्रैक्ट, अय्यर-किशन की वापसी, अश्विन बाहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने सोमवार को 2024-25 सीजन के लिए टीम इंडिया के लिए वार्षिक खिलाड़ी अनुबंध की घोषणा की। बीसीसीआई की सालाना कॉन्ट्रैक्ट सूची में कुल 34 खिलाड़ी हैं। इन्हें 4 ग्रेड (ए+, ए, बी और सी ग्रेड) में रखा गया है। बीसीसीआई ने चारों अनुबंध श्रेणियों के लिए अभी राशि का उल्लेख नहीं किया है, लेकिन पिछले साल को आधार माना जाए तो यह 7 करोड़ रुपए (ए+), 5 करोड़ रुपए (ए), 3 करोड़ रुपए (बी) और 1 करोड़ रुपए (सी) होने की संभावना है। पिछले सीजन बीसीसीआई की सालाना कॉन्ट्रैक्ट सूची में 30 खिलाड़ी ही शामिल थे। इस बार 8 खिलाड़ियों को जोड़ा गया है, जबकि पुराने 5 खिलाड़ियों को बाहर किया गया है।





**सरफराज को मिला फायदा:** सालाना कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में जोड़े गए नाम हैं- श्रेयस अय्यर, इशान किशन, वरुण चक्रवर्ती, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, अभिषेक शर्मा, आकाशदीप और हर्षित राणा हैं। बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि रविचंद्रन अश्विन, शार्दुल ठाकुर, जितेश शर्मा, केएस भरत और आवेश खान को बाहर कर दिया गया है।

**पंत ए ग्रेड में प्रमोट:** पिछले साल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से बाहर किए गए श्रेयस अय्यर और इशान किशन की वापसी हुई है। इस सीजन श्रेयस अय्यर को बी ग्रेड, जबकि इशान किशन को सी ग्रेड में रखा गया है। ऋषभ पंत का भी प्रमोशन हुआ है।




Terms and conditions apply. #The Instant Cashback offer of ₹5100 is available on purchase of Shine100. #The offer may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. #The scheme is offered by Authorized Main Dealers and Associate Dealers and can be availed on purchase of Shine100 from Authorized Main Dealers and Associate Dealers. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. Nil Extra charges (0/- processing fee, 0/- Documentation Charge & 0/- Advance EMI) are applicable on Shine 100 model only. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. Additional Cashback offer is available on selected Honda2wheelers models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. Customers can avail 5% cashback, up to a maximum of ₹5000/-. Valid on one transaction per card/order during the offer period. The scheme is available at selected outlets only. The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 30th April 2025. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **BALAGHAT:** Dreams Honda - 8349272776, 8349032276, 07632244220; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376, 7389353376; **BHOPAL:** Surana Honda - 4074455, 7566665646; Sai Samarth Honda - 07554253222, 9109103832; BGS Honda - 4044441, 7440654321, 4044441,2; Om Auto Honda - 9826331339, 4003018/19; Power Honda - 2981111, 7024877777; BGS Honda (Kolar Road) - 8889994504, 8889592345; BGS Honda (Karondh) - 8319133403, 8889994503; Sai Samarth Honda (Bairagarh) - 07554222834, 9109103824; Power Honda (Gulmohar) - 4256062 , 7880055510; Sai Samarth Honda (New Market, TT Nagar Police Station) - 07554167932, 9425019567; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Shri Sawariya Honda (Budni) - 9907404050, 9691222282; **BIAORA:** My Shiva Honda - 9425038999; Balaji Honda - 7415382282 (Kurawar); Shiv Shakti Honda (Talen) - 7000825923; **SEHORE:** Upadhyay Honda - 07562401281, 09111005258; Harshit Honda (Astha) - 9893096451; Shubham Honda (Nasrullaganj) - 9826356278; Ambika Honda (Icchawar) - 9926434100; **VIDISHA:** Speed Bike Honda - 8817084455; Raghu Honda (Ganjbasoda) - 9425148883; Capital Honda (Sironj) - 252244, 9713161534; **RAISEN:** BGS Honda - 07482 292222, 8717911666; Karma Honda (Begumganj) - 9893141574; Shubhi Honda (Udaipura) - 9993044486; Soumya Auto Honda (Khargone) - 8120124545; JB Honda (Obedullaganj) - 07480224232, 9926566102, Rajeev Honda (Mandideep) - 07480401458, 9302205644; **DAMOH:** Texol Honda - 9407071200, 9425096191; **SAGAR:** Sahil Honda - 7000702072; Sahil Honda Makronia - 8817606054; Raj Honda (Bina) - 8823016566; Shreemant Honda (Khurai) - 9826802066; **HARDA:** Sri Hari Krishna Honda - 9826313338; Kalash Honda (Timarni) - 9617406060; ShriSai Honda (Khirkia) - 9926386210; **CHHINDWARA:** Akshit Honda (Chourai) - 8989994445, 9770066639; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440, 9770066619; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441, 9770044415; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443, 9770066640; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442, 9770066638; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626, 6267013113; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446, 9770066641; Manish Honda (Sausar) - 9244569009, 9200010004; **SEONI:** Anurag Honda - 9827112711, 9827122712; Anurag Honda (Lakhnadon) - 7711884494; Vardhman Honda (Chhapara) - 8770068747: **BETUL:** Aaditya Honda - 231218, 8989231218; Shivam Honda (Bagdona) - 9425003802; Khyati Honda (Multai) - 9425440610; **ITARSI:** Sudarshan Honda - 7869954212; Sudarshan Honda (Hoshangabad) - 7869954215; Aman Honda (Piparia) - 8085138085; Paliwal Honda (Seoni, Malwa) - 9425476181; 9144332299; **ASHOKNAGAR:** Shri Shant Honda - 8889365888; Shrikrishna Honda (Chanderi) - 9425132725; **GUNA:** Seth And Sons Honda - 9644008081/82/85; RR Honda (Aron) - 9907700774, Seth and Sons (Raghogarh) 9644008082, 9644008089; **SHAJAPUR:** Rathi Honda - 8349990855; **SHUJALPUR:** Mahavir Honda - 9302352067; **INDORE:** Kasliwal Honda - 4228999, 8966002822; Kasliwal Honda (Bangali Square) - 8966002826; Rajpal Honda - 2461212, 9425065707; Rajpal Honda (Khandwa Road) - 2877101; 9827658000; Shyam Honda - 4757200, 9009550948; Shyam Honda (Airport Road) - 2616222, 9009550955; Shree Mangalam Honda - 6232446444, 6232388955, 6232388956; Doshi Honda - 9669266999, 4009600; Doshi Honda (Nanda Nagar) - 9669339994; 4025247; Doshi Honda (Nipania) - 9669801999, 4036444; Shri Ram Honda (Kshipra) - 9993717799; Shyam Honda (Sanwer) - 9009550943; Mohit Honda (Chandrawatiganj) - 9009663700; Riddhi Siddhi Honda (Palia) - 8770657728; GuruKripa Honda (Betma) - 9165155175; Om Sai Honda (Devguradia) - 8770657728; **BARWANI:** Sarswati Honda - 8602521213, 9993768111; Parmar Honda (Rajpur) - 9993356471, 8827751007; Pragati Honda (Pansemal) - 09424855055, 241266; Raj Rajeshwar Honda (Sendhwa) - 9424586222; 228034; **KHARGONE:** Bhandari Honda - 07282-241421, 9753222225; Mahaveer Honda (Anjad) - 9425088666; Manas Honda (Bedia) - 9479319469; Anmol Honda (Maheshwar) - 9926464254; **KHANDWA:** Sethi Honda - 9111002902, 9111002910; Sethi Honda (Chhanera) 9111002903, 7415345652; **DEWAS:** Sadguru Honda - 257499, 8719017666; Sadguru Honda (Ganga Nagar, Indore Road) - 7272252231; Maheshwari Honda (Sonkatch) - 9039921721, 9893821721; Om Sai Honda (Khategaon) - 9893464681; Vini Honda (Hatpipliya) - 9827062431; Patel Honda (Satwas) - 9713624496; Bhavana Honda (Kannod) - 9977663785; **DHAR:** Nakoda Honda - 9753478699; Nakoda Honda (Badnawar) - 8770440156; Dev Guru Honda (Dhamnod) - 9926646561; Falak Honda (Dharmapuri) - 9098111110; Khandelwal Honda (Manawar) - 9425914534; Mahaveer Honda (Rajgarh, Dhar) - 9826076523; Sairam Honda (Ghatabilod) - 9826068964; **KUKSHI:** Shyam Honda - 9333332200; Shree Hari Honda (Singhana) - 9713034535; Madhuram Honda (Dahi) - 9826841303; Joshi Honda (Gandhwani) 9425969272; **JHABUA:** Natural Honda - 9827068396, 9425102858; Natural Honda (Thandla) - 9111919496; **MANDSAUR:** Chaudhary Honda - 223355, 9752635333; Choudhary Honda (Shamgarh) - 9993143260; **RATLAM:** Anklesaria Honda - 236809, 9425329309; Anklesaria Honda (Jaora) - 7389940695, Khatushyam Honda (Alot) - 9993442929; Babji Honda (Sailana) - 9981953001; **SHUJALPUR:** Mahavir Honda - 9302352067; **KALAPIPAL:** Shree Balaji Honda - 9926028916; **SHAJAPUR:** Rathi Honda - 8349990855; **SHUJALPUR:** Moti Honda - 78794534435; **UJJAIN:** Avantika Honda - 9685099909, 8109057750; Ujjain Honda - 8109068222, 9713454399, 07342555326; Avantika Honda (Badnagar) - 07367225701, 9827890387; Jain Honda (Tarana) - 7566698489; Arihant Honda (Nagda) - 07366241481, 9425332717; Shiv Honda (Agar) - 9425941011; Pareek Honda (Khachrod) - 9826796963, 9340896405; Dhanlaxmi Honda (Mahidpur) - 9425033104; **HARDA:** Sri Hari Krishna Honda - 9826313338; Kalash Honda (Timarni) - 9617406060; ShriSai Honda (Khirkia) - 9926386210; **NEEMUCH:** Imdadallys Honda - 07423-404110, 225110; 9575751616; Savita Honda (Manasa) - 9993773232, 07421-243081, Aditya Honda (Jeeran) - 7509542276; Shikhar Honda (Rampura) - 9424041544; **BURHANPUR:** Krishna Sai Honda - 8989694646, 9827394646; Shree Sai Honda (Shahpur) - 9753633111; **SHIVPURI:** Seth Honda - 6264074441, Dhudhar Honda (Pichore) -7024325555; Jain Honda (Karera) - 8602760034; **SHEOPUR:** Moti Honda - 8269193208; **MHOW:** Radha Honda - 07324-275543; Radha Honda (Pithampur) - 7470884802, 7389049040; **SANAWAD:** Veera Honda - 9826533110, 9406523110; **GWALIOR:** A.S. Honda - 9926186437, 9926186413; Sumedha Honda - 8718819740, 8718819752; Niyati Honda (Bhitarwar) - 9755359098; Pujari Honda (Mohona) - 8587904580; Satnam Honda (Dabra) - 09827534200; Manuraj Honda (Bhander) - 9755574488; Shree Krishna Honda (Lahar) - 9098900999, 8839257016; Ashish Honda (Gohad) - 9713394900; **DATIA:** Dhruv Tara Honda - 7000239698, 7755801125; **RAGHOGARH:** 9644008089, 07747-919669; **MORENA:** The Roshan Honda - 9300422900; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; Aryan Honda (Ambah) - 9826288045 .
**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930